www.tamsasanket.com
वर्षः 29 || अंक 106 || अम्बेडकरनगर
मंगलवार
07 जुलाई 2026 || पृष्ठः 08 || मूल्यः ₹2
आज़ादी का अमृत महोत्सव

दैनिक
# तमसा संकेत

https://epaper.tamsasanket.com
अम्बेडकर नगर व लखनऊ से एक साथ प्रकाशित
डॉ. लोहिया की जन्म भूमि से सर्वप्रथम प्रकाशित समाचार पत्र

मौसम
सूर्योदयः 05:18
सूर्यास्तः 07:04
अधिकतमः 33:00
न्यूनतमः 27:00



पेज 07

विशेष समाचार | डिजिटल क्रांति के दौर में बढ़ते ... >> पेज 04 | कंटेनर ने 2 ट्रैफिक सिपाहियों ... >> पेज 06 | बॉयफ्रेंड ने जलती सिगरेट से ...

## राम मंदिर चढ़ावा चोरी: ट्रस्ट ने 5 सोने-चांदी की वस्तुएं दिखाईं, इनकी चोरी का दावा था

# चंपत राय का इस्तीफा मंजूर

कृष्ण मोहन नए महासचिव

**स्वीकृत**

- ट्रस्ट को दान के जरिए 3,264 करोड़ रुपये मिले थे। इनमें से 2,370 करोड़ रुपये मंदिर निर्माण और अन्य कार्यों पर खर्च किए जा चुके हैं।
- ट्रस्ट की स्थापना से लेकर 31 मार्च 2026 तक श्रद्धालुओं से 582 करोड़ रुपये की चढ़ावा राशि प्राप्त हुई। इसमें से 391 करोड़ रुपये ट्रस्ट के संचालन और अन्य खर्चों पर खर्च किए गए। बाकी राशि बैंक खातों में सुरक्षित है।

तमसा संकेत, एजेंसी

अयोध्या । अयोध्या राम मंदिर चढ़ावा चोरी के बाद श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने महासचिव चंपत राय और ट्रस्टी अनिल मिश्रा का इस्तीफा स्वीकार कर लिया है। चंपत राय की जगह नए ट्रस्टी रिटायर्ड IFS कृष्ण मोहन को कार्यवाहक महासचिव बनाया गया है। चढ़ावा चोरी के बाद हुई पहली बैठक 3 घंटे तक चली। बैठक के बाद कोषाध्यक्ष गोविंद देव गिरी बोले-चंपत राय ने कहा है कि जब तक अपराधी पकड़े नहीं जाते तब तक पद पर रहना सही नहीं है। जो हुआ वह कष्टदायी है। इससे हम सब दुखी हैं। चढ़ावा चोरी लज्जाजनक घटना है।

बैठक में ट्रस्टी के. पाराशरन ने कहा था कि त्यागपत्र देते ही इसे स्वीकार करना ट्रस्ट के संविधान में हैं। इसलिए इस्तीफा स्वीकार किया गया। 22 जुलाई को ट्रस्ट की फिर बैठक होगी। >> (शेष पेज 06 पर)



राम मंदिर ट्रस्ट ने 5 सोने-चांदी की वस्तुएं दिखाईं, इनकी चोरी का दावा था

### राम मंदिर को अब तक 3,264 करोड़ रुपए दान मिले, 582 करोड़ चढ़ावा

ट्रस्ट ने बताया कि निधि समर्पण अभियान और कॉर्पस डोनेशन के जरिए अब तक 3,264 करोड़ रुपए मिले हैं। इनमें से 2,370 करोड़ रुपए मंदिर निर्माण और अन्य पूंजीगत कार्यों पर खर्च किए जा चुके हैं।

ट्रस्ट बनने से लेकर 31 मार्च 2026 तक श्रद्धालुओं से 582 करोड़ रुपए का चढ़ावा मिला। इसमें से 391 करोड़ रुपए मंदिर के संचालन और अन्य खर्चों पर उपयोग किए गए हैं। बाकी राशि बैंक खातों में सुरक्षित है। SIT की प्रारंभिक रिपोर्ट के बाद महासचिव चंपत राय और ट्रस्टी डॉ. अनिल मिश्रा ने नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए इस्तीफा दे दिया। ट्रस्ट ने निष्पक्ष जांच सुनिश्चित करने के लिए दोनों के इस्तीफे स्वीकार कर लिए हैं।

### महंत कमल नयन ने कहा- बैठक में अनिल मिश्रा पर कोई चर्चा नहीं हुई

श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास के उत्तराधिकारी महंत कमल नयन दास ने बताया कि कृष्ण मोहन को ट्रस्ट का अंतरिम महासचिव बनाया गया है। अनिल मिश्रा पर कोई चर्चा नहीं हुई। गोपाल राव बैठक में नहीं बुलाए गए। चंपत राय भी इस बैठक में नहीं थे। बाकी सभी ट्रस्टी बैठक में मौजूद थे।

### ट्रस्टी दिनेंद्र दास बोले- चंपत राय का इस्तीफा मंजूर

श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य महंत दिनेन्द्र दास महाराज कहते हैं, चंपत राय और अनिल मिश्रा का इस्तीफा स्वीकार कर लिया गया। कृष्ण मोहन को अंतरिम महासचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई है।



### कृष्ण मोहन श्री राम मंदिर ट्रस्ट के अंतरिम महासचिव बने

- श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य हैं।
- कामेश्वर चौपाल के निधन के बाद उन्हें 9 सितंबर, 2025 को ट्रस्ट का सदस्य चुना गया था।
- हरदोई जिले के शाहाबाद क्षेत्र के रहने वाले हैं।
- भारतीय वन सेवा (आईएफएस) के महाराष्ट्र कैडर के अधिकारी रहे हैं।
- लखनऊ विश्वविद्यालय से एमएससी की पढ़ाई की है।
- साल 1978 में उनका चयन भारतीय वन सेवा में हुआ था।
- नागपुर में तैनाती के दौरान वह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़े।
- संघ में नगर, जिला, प्रांत और क्षेत्रीय संघ चालक जैसी महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां निभा चुके हैं।
- साल 2012 में सेवानिवृत्ति के बाद हरदोई लौटे और समाजसेवा से जुड़ गए।



### राम मंदिर ट्रस्ट के फैसले का विहिप ने किया समर्थन, कहा- जांच पर भरोसा रखें

विश्व हिंदू परिषद (VHP) के प्रवक्ता सुरेंद्र जैन ने कहा कि अयोध्या में श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की बैठक में चल रही सभी जांचों को बिना किसी बाधा के आगे बढ़ाने पर सहमति बनी। चंपत राय और डॉ. अनिल मिश्रा के नैतिक आधार पर दिए गए इस्तीफे स्वीकार कर लिए गए हैं। नियमित नियुक्ति होने तक ट्रस्टी कृष्ण मोहन को कार्यवाहक (अंतरिम) महासचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई है, ताकि ट्रस्ट का कामकाज सुचारु रूप से चलता रहे। ट्रस्ट के सभी सदस्यों ने SIT और अन्य जांच एजेंसियों की जांच पर भरोसा जताया है। जिन लोगों को मंदिर में दान किए गए सोने के आभूषणों या अन्य कीमती वस्तुओं को लेकर कोई संदेह है, वे अयोध्या जाकर ट्रस्ट से समय लेकर उनका सत्यापन कर सकते हैं। ट्रस्ट का दावा है कि दान की गई कोई भी वस्तु गायब नहीं है।

### पंजाब कांग्रेस में चुनाव से पहले बगावत

लुधियाना। पंजाब कांग्रेस में खुली बगावत हो गई है। पूर्व CM व जालंधर से सांसद चरणजीत चन्नी ने पंजाब कांग्रेस इंचार्ज भूपेश बघेल की मीटिंग का बायकॉट कर दिया है। चन्नी अपने समर्थक सांसदों, विधायकों व पूर्व विधायकों से मीटिंग के बाद प्रधान अमरिंदर राजा वड़िंग का डोजियर लेकर दिल्ली पहुंच गए हैं। यहां वे हाईकमान से मिलेंगे। चन्नी समर्थकों ने बघेल को रिसीव तक नहीं किया। बघेल अब साइलेंट बैठे नेता विपक्ष प्रताप बाजवा के घर गए हैं। चन्नी को नया प्रधान बनने के लिए अब तक एक सांसद सुखजिंदर रंधावा और 6 विधायकों का समर्थन मिल गया है। इसके अलावा नए वर्किंग प्रधान संगत सिंह गिलजियां भी उनके गुट में शामिल हो गए हैं। मौजूदा प्रधान वड़िंग के पक्ष में सिर्फ एक सांसद डॉ. अमर सिंह आए हैं। कोई भी विधायक उनके समर्थन में नहीं बोला है।

## उखरूल में आत्मघाती हमले में 2 जवान शहीद

### सुरक्षा बलों का तलाशी अभियान जारी

**गोलीबारी**



तमसा संकेत, एजेंसी

इम्फाल। मणिपुर के उखरूल जिले में सोमवार दोपहर करीब 1:50 बजे नुंगशांग कोंग के पास 40 असम राइफल्स के काफिले पर संदिग्ध उग्रवादियों ने घात लगाकर हमला कर दिया। इस हमले में असम राइफल्स के दो जवान शहीद हो गए। हमला उस समय हुआ, जब जवान अपनी ड्यूटी पूरी कर शांगशाक बटालियन हेडक्वॉर्टर की ओर लौट रहे थे। घात लगाकर बैठे हमलावरों ने अचानक अत्याधुनिक हथियारों से अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी और जोरदार विस्फोट किए। हमले में वारंट

- 40 असम राइफल्स के काफिले पर किया गया हमला

ऑफिसर बलवंत सिंह और राइफल-मैन सीएम सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उन्हें तुरंत उखरुल जिले के संगशक स्थित असम राइफल्स के नजदीकी शिविर ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया और वे शहीद हो गए। >> (शेष पेज 06 पर)

## महाराष्ट्र के सातारा में पुल टूटा, क्रेन से कारें निकालीं

### मुंबई में रेलवे ट्रैक, एक्सप्रेस-वे बंद, जम्मू-कश्मीर में लैंडस्लाइड

**अलर्ट**

तमसा संकेत, एजेंसी

भोपाल/जयपुर/लखनऊ/पटना। देश के कई राज्यों में मानसून ने रफ्तार पकड़ ली है। महाराष्ट्र में तीन दिन से लगातार बारिश हो रही है। मुंबई-पुणे रेल रूट पर करजत-लोनावला के भोर घाट सेक्शन में दो जगह लैंडस्लाइड हो गई। इससे तीनों रेलवे लाइनें प्रभावित हो गईं। 20 ट्रेनों को कैंसिल करना पड़ा। >> (शेष पेज 06 पर)





### पुणे में लैंडस्लाइड और बहाव से 3 लोगों की मौत

पुणे में भूस्खलन और तेज बहाव की अलग-अलग घटनाओं में तीन लोगों की मौत हो गई। भारी बारिश की वजह से लोनावला में कार्ला से लोहागढ़ किले तक सड़क का एक हिस्सा पानी में डूब गया। मुंबई के बोरीवली वेस्ट के गोराई इलाके में मनोरी बीच के पास एक विदेशी जहाज फंस गया। गोराई पुलिस, कोस्ट गार्ड और INS हमला की टीम मौके पर पहुंचकर हालात का जायजा लिया और जरूरी ऑपरेशन किया।

**फास्ट न्यूज**

### बद्रीनाथ चढ़ावा विवाद- जांच रिपोर्ट 10 दिन में आएगी

देहरादून । बद्रीनाथ धाम में चढ़ावे में कथित गड़बड़ी के आरोपों की जांच के लिए गठित श्री बद्री-केदार मंदिर समिति (BKTC) की चार सदस्यीय समिति की सोमवार को ऋषिकेश स्थित ट्रांजिट कैंप कार्यालय में पहली बैठक हुई।

जांच | खुलासा

### सिया ने केतन मर्डर से पहले राजा रघुवंशी केस पढ़ा

पुणे। पुणे के केतन अग्रवाल हत्याकांड की मुख्य आरोपी सिया गोयल ने वारदात से पहले इंदौर के राजा रघुवंशी हत्याकांड की जानकारी जुटाई थी। पुलिस के मुताबिक सिया ने इंटरनेट पर यह भी सर्च किया था कि क्या पुलिस कस्टडी में महिलाओं के साथ मारपीट होती है। यह पूरी जानकारी सिया के दोनों मोबाइल की सर्च हिस्ट्री से मिली। पुलिस 2 दिन पहले सिया को उसके घर लेकर गई थी, जहां उसके बेडरूम से दूसरा मोबाइल भी जब्त किया है। घटना वाले दिन के कुछ चश्मदीद भी मिले हैं, जिनके बयान जांच को और मजबूत कर रहे हैं।

### झारसुगुड़ा में पति बाइक पर बांधकर लाया पत्नी का शव

झारसुगुड़ा। ओडिशा के झारसुगुड़ा में एक व्यक्ति पत्नी के शव को बाइक पर लाने मजबूर हो गया। लाइकेरा ब्लॉक के उडियापाली गांव में रहने वाले नरेश छत्रिया की पत्नी जमुना की मौत मुद्रजोरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में हो गई थी। नरेश जमुना की तबीयत बिगड़ने पर उसे डॉक्टर के पास ले गया था।

## मोदी सरकार बड़े उद्योगपतियों के लिए काम कर रही : राहुल

### राहुल बस-ट्रक की बॉडी बिल्डिंग वर्कशॉप पहुंचे

तमसा संकेत, एजेंसी

जयपुर। राहुल गांधी राजस्थान के जयपुर में बस और ट्रक की बॉडी बनाने वाली वर्कशॉप में पहुंचे। इस दौरान उन्होंने वहां काम करने वाले कारीगरों और उद्योग से जुड़े लोगों से बातचीत की। उन्होंने आरोप लगाया-मेक इन इंडिया और वोकल फॉर लोकल सिर्फ नारे बनकर रह गए हैं। मोदी सरकार बड़े उद्योगपतियों के लिए काम कर रही हैं। तकनीकी खराबी के कारण बसों में लगने वाली आग का दोष उन कारीगरों पर लगाया जा रहा है, जो केवल गाड़ी की बॉडी तैयार करते हैं। >> (शेष पेज 06 पर)





### छोटे उद्योग बंद होने से रोजगार खत्म हो रहा

राजस्थान के स्थानीय बस और ट्रक बॉडी-बिल्डर्स से मुलाकात के दौरान ऐसा भारत देखने को मिला, जो अपने दम पर रोजगार पैदा करता है।

लोहे की चादरें, वेल्डिंग की चिंगारियां, हथौड़ों की आवाज इन सबके बीच कारीगर अपनी मेहनत और हुनर से भारत का भविष्य गढ़ रहे हैं। जयपुर की बस-ट्रक बॉडी बिल्डिंग वर्कशॉप में ऐसा भारत दिखता है, जो अपने हाथों से रोजगार भी पैदा करता है और देश की रफ्तार भी तय करता है।

छोटे उद्योग बंद होने से सिर्फ फैक्ट्री नहीं, बल्कि लोगों का हुनर और रोजगार भी खत्म होता है। हम कारीगरों का हक नहीं छिनने देंगे।

## राम का मतलब राष्ट्र है : सीएम योगी

### योगी कैबिनेट की बैठक में 28 प्रस्तावों को मंजूरी, नई स्टार्टअप नीति लागू

**मंजूरी**

- पशुधन बीमा योजना को मंजूरी
- पशुओं की तय की गई बीमा राशि
- तीन नए विश्वविद्यालयों को भी मंजूरी

हेमन्त कृष्ण

तमसा संकेत, लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में सोमवार को लखनऊ में हुई उत्तर प्रदेश कैबिनेट बैठक में 29 प्रस्तावों पर चर्चा हुई। इनमें से 28 प्रस्तावों को मंजूरी दे दी गई, जबकि मदरसों से जुड़ा एक प्रस्ताव फिलहाल स्थगित कर दिया गया। बैठक में स्टार्टअप, शिक्षा, पशुपालन, डेटा सेंटर और प्रशासनिक सुधारों से जुड़े कई अहम फैसले लिए गए। >> (शेष पेज 06 पर)



### डेटा सेंटर नीति दोबारा लागू

समाप्त हो चुकी उत्तर प्रदेश डेटा सेंटर नीति को फिर से लागू करने का निर्णय लिया गया है। इसके लिए मिशन डायरेक्टरेट बॉडी का गठन होगा, जिसकी अध्यक्षता मुख्य सचिव करेंगे। साथ ही नीति के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए एक एम्पावर्ड कमेटी भी बनाई जाएगी।

**1000 करोड़ फंड का ऐलान**

### नई स्टार्टअप नीति को मिली मंजूरी

कैबिनेट ने उत्तर प्रदेश में स्टार्टअप इकोसिस्टम को मजबूत बनाने के लिए नई स्टार्टअप नीति को मंजूरी दे दी। इसके तहत उत्तर प्रदेश स्टार्टअप मिशन का गठन सोसायटी पंजीकरण अधिनियम के तहत किया जाएगा। मिशन का उद्देश्य स्टार्टअप, इनक्यूबेशन सेंटर और नवाचार को बढ़ावा देना है, ताकि प्रदेश में रोजगार और निवेश के नए अवसर तैयार हो सकें।

**कटाक्ष : अयोध्या चढ़ावा चोरी मामला ■ अखिलेश यादव ने भाजपा पर साधा निशाना**

# 'आस्था से हुआ खिलवाड़'

तमसा संकते, एजेंसी

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने अयोध्या श्रीराम मंदिर में कथित चढ़ावा चोरी के मामले को लेकर भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला। सोमवार को पार्टी के प्रदेश मुख्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में उन्होंने कहा कि मंदिर में चढ़ावे की चोरी आस्था और श्रद्धा के साथ खिलवाड़ है। उन्होंने आरोप लगाया कि सत्ता में बैठे लोग धन के लालच में मर्यादाएं भूल गए हैं । >> (शेष पेज 06 पर)



### स्वास्थ्य सेवाओं और विकास कार्यों पर भी उठाए सवाल

अखिलेश यादव ने प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं को बदहाल बताते हुए कहा कि अस्पतालों में गुणवत्ता-पूर्ण इलाज उपलब्ध नहीं है। उन्होंने दावा किया कि समाजवादी सरकार के दौरान लखनऊ के सिविल अस्पताल, बलरामपुर अस्पताल, केजीएमयू और अन्य स्वास्थ्य संस्थानों के विकास के लिए व्यापक कार्य किए गए थे, लेकिन वर्तमान सरकार उन परियोजनाओं को आगे नहीं बढ़ा सकी।

### राममंदिर आरोपी टिन्नू यादव से नाम जोड़ने पर अखिलेश भड़के बोले- भाजपा सांसद 10 मिनट में पोस्ट डिलीट करें, वरना एफआईआर करेंगा

> 'दैनिक तमसा संकेत' के एक सवाल पर अखिलेश यादव ने कहा कि चोरों को सब लोग चोर नजर आते हैं। सोशल मीडिया पर हमारे खिलाफ जो दुष्प्रचार चल रहा है समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता उस पर एफआईआर लिखाएंगे।

अयोध्या राम मंदिर में चढ़ावा चोरी का मामला राजनीतिक मुद्दा बन चुका है। आरोपी रामशंकर यादव उर्फ टिन्नू का नाम सपा प्रमुख अखिलेश यादव से जोड़ा रहा है। झारखंड की गोड्डा सीट से भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने X पर लिखा- 'टिन्नू टीपू से ही तो बात कर रहा था।'

सांसद के आरोप पर अखिलेश नाराज भड़क गए। उन्होंने सोमवार शाम 4:17 बजे सांसद निशिकांत दुबे को पोस्ट हटाने की सख्त चेतावनी दी। अखिलेश ने कहा- भाजपा सांसद 10 मिनट के भीतर अपना झूठा सोशल मीडिया पोस्ट हटा लें, नहीं तो उनके खिलाफ नामजद एफआईआर दर्ज कराई जाएगी। अखिलेश ने यह भी कहा- जिन लोगों ने इस पोस्ट को शेयर या प्रचारित किया है, वे भी इसे तुरंत डिलीट करें और सार्वजनिक रूप से माफी मांगें। >> (शेष पेज 06 पर)

## पहलगाम हमले की साजिश हाफिज सईद ने ही रची

### एनआईए बोली- भारत के खिलाफ जंग छेड़ी

**दावा**

तमसा संकेत, एजेंसी

नई दिल्ली । पहलगाम हमले पर NIA ने सोमवार को सप्लीमेंट्री चार्जशीट दाखिल की। एजेंसी ने कहा कि बैसरनघाटी में हुए आतंकी हमले की साजिश लश्कर-ए-तैयबा चीफ हाफिज सईद ने ही रची थी। NIA ने हाफिज पर भारत के खिलाफ जंग छेड़ने का आरोप लगाया है। 22 अप्रैल 2025 को आतंकवादियों ने पहलगाम की बैसरन घाटी में फायरिंग की थी। टूरिस्टों की धर्म पूछकर हत्या की गई थी। हमले में 26 टूरिस्ट मारे गए थे। इसके बाद भारत ने 6-7 मई की रात ऑपरेशन सिंदूर को अंजाम दिया।



- अब तक हमले के आरोपी 3 आतंकी ढेर

पाकिस्तान और PoK में 9 ठिकानों पर हमला किया था। भारत का दावा है, इसमें 100 से ज्यादा आतंकवादी मारे गए। पहलगाम हमले के बाद NIA ने 15 दिसंबर 2025 को पहली चार्जशीट दाखिल की थी। इसमें पाकिस्तान के आतंकी हैंडलर साजिद जट समेत 6 आतंकियों को आरोपी बनाया था। >> (शेष पेज 06 पर)

# बरेली में सड़कें डूबीं, ई-रिक्शा पलटे ■ 10 शहरों में बरसात, 57 में अलर्ट

# प्रयागराज में तूफानी बारिश काशी में गलियों में पानी भरा

**अलर्ट**

**तमसा संकेत, एजेंसी**

लखनऊ/वाराणसी। यूपी में मानसून ने रफ्तार पकड़ ली है। सोमवार सुबह 11 बजे से प्रयागराज में तूफानी हवाओं के साथ बारिश हो रही है। सड़कों पर पानी भर गया है। इससे पहले वाराणसी, भदोही और मिर्जापुर समेत 10 शहरों में तेज हवाओं के साथ बारिश हुई।

वाराणसी में गलियों में पानी भर गया। तेज हवाओं के कारण गंगा नदी किनारे लगी जेटी बह गई। लखनऊ-कानपुर समेत ज्यादातर शहरों में तेज धूप है। बीच-बीच में बादल छा रहे हैं। लखीमपुर खीरी



■ बरेली में जलभराव में फंसकर कई ई-रिक्शा पलट गए।

के प्राइमरी स्कूल में गर्मी-उमस से 2 छात्र बेहोश हो गए। रविवार देर रात 1 बजे बरेली में हुई बारिश से कई सड़कें जलमग्न हो गईं। जलभराव में फंसकर कई ई-रिक्शा पलट गए। मौसम विभाग ने आज 57 शहरों में आंधी-बारिश का अलर्ट जारी किया है। कल से मानसूनी एक्टिविटी और तेज होगी। इससे पूरे प्रदेश में

**चंदौली सोमवार सुबह 11 बजे झमाझम बारिश हुई। भीषण गर्मी और उमस से लोगों को राहत मिली। किसानों ने इस बारिश को धान समेत खरीफ फसलों के लिए बेहद लाभकारी बताया। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार, आने वाले दिनों में ऐसी ही बारिश फसलों के लिए और फायदेमंद साबित होगी।**

अच्छी बारिश होने की संभावना है।

पिछले 24 घंटे की बात करें तो गाजियाबाद, बलिया समेत 18 शहरों में बरसात हुई। लखनऊ-बाराबंकी में 45 मिनट तक आंधी के साथ बारिश हुई। कई जगह पेड़ और पोल उखड़ गए। हापुड़ में बारिश से हाईवे पर पानी भर गया था। मौसम विभाग (IMD) का कहना है कि उत्तरी पश्चिमी बंगाल की खाड़ी में बना मौसमी सिस्टम आज शाम उत्तरी ओडिशा तट पार कर छत्तीसगढ़ की ओर बढ़ेगा। इसके मौजूदा पश्चिमी विक्षोभ के साथ मिलने की वजह से यूपी में कहीं-कहीं अचानक तेज बारिश हो सकती है। ओले गिर सकते हैं। लखनऊ के मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया-उत्तरी ओडिशा तट के पास बने मौसम सिस्टम का असर यूपी पर पड़ा है। इस वजह से प्रदेश में मानसून कमजोर पड़ गया है। कुछ जिलों में स्थानीय सिस्टम की वजह से हल्की बारिश हो रही है। पूर्वी और मध्य यूपी में उमस और गर्मी बढ़ गई है। 24 घंटे में मानसून फिर से जोर पकड़ेगा।



## गाजीपुर में झमाझम बारिश, उमस से मिली राहत

गाजीपुर के रेवतीपुर क्षेत्र में सोमवार सुबह 10 बजे मौसम ने अचानक करवट ली। घने बादलों के बीच शुरू हुई बूंदाबांदी जल्द ही तेज बारिश में बदल गई, जिससे कई दिनों से पड़ रही उमस भरी गर्मी से लोगों को राहत मिली। बारिश के बाद तापमान में गिरावट आने से मौसम सुहावना हो गया।

## लखीमपुर खीरी के सरकारी स्कूल में गर्मी से छात्रा बेहोश हो गई

लखीमपुर खीरी के पुरवा प्राथमिक स्कूल में भीषण गर्मी के कारण कक्षा-5 की छात्रा रोहिणी बेहोश हो गई। शिक्षकों ने छात्रा को सीएचसी पहुंचाया। डॉक्टरों के मुताबिक, अत्यधिक गर्मी और उमस के चलते छात्रा को चक्कर आया। बता दें कि लखीमपुर में आज सुबह तापमान 36 डिग्री रिकॉर्ड किया गया।

# दालमंडी में चली वीडीए की पोकलैंड मशीन तोड़े गए तीन अवैध मकान

## 5 मस्जिदों का हो चुका है ध्वस्तीकरण

**तमसा संकेत, एजेंसी**

वाराणसी । वाराणसी के दालमंडी में सोमवार को एक बार फिर VDA ने अवैध मकानों पर कार्रवाई की। वीडीए ने अवैध घोषित 3 मकानों को पोकलैंड मशीन लगाकर ध्वस्त किया। इन सभी मकानों को पूर्व में नोटिस देकर खाली करने की मोहलत वीडीए ने दी थी।

इसके अलावा रविवार को तीनों मकानों की मुनादी भी करवाई थी। दालमंडी में इसके अलावा अभी तक कुल 165 के करीब मकानों पर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई हो चुकी है। इसके अलावा 5 मस्जिदों को भी क्षतिपूर्ति देने के बाद उनका चौड़ीकरण में आ रहा हिस्सा हटाया जा रहा है।

वाराणसी के दालमंडी चौड़ीकरण प्रोजेक्ट में वीडीए द्वारा अवैध निर्माण घोषित किए गए मकान संख्या CK-42/105, CK-40/73 और CK-43/148 सोमवार को ध्वस्तीकरण



की प्रक्रिया हुई। इस दौरान मकान को खाली हुई और आधे घंटे बाद कार्रवाई शुरू कर दी गई।

इस दौरान एडीएम सिटी राजेश कुमार और एसीपी दशाश्वमेध अतुल अंजान त्रिपाठी और पीडब्ल्यूडी के एक्सईएन केके सिंह मौजूद रहे। पोकलैंड मशीन से सभी मकानों को दो घंटे के अंदर जमीदोज कर दिया गया।

दालमंडी में चौड़ीकरण प्रोजेक्ट को तेजी से किया जा रहा है। इसी क्रम में अब ध्वस्तीकरण के बाद मकानों को जमीदोज किया जा रहा है। मशीन और तीन जेसीबी मशीने दालमंडी में लगी हुई हैं। इनके द्वारा आधे-अधूरे टूटे मकानों को पूरा तोड़ा जा रहा है।

**फास्ट न्यूज**

## झमाझम बारिश, दिन में छाया अंधेरा

प्रयागराज। प्रयागराज में सोमवार सुबह मौसम ने अचानक करवट ले ली। सुबह से ही आसमान में काले घने बादल छाए हुए हैं और तेज हवाओं के साथ रुक-रुक कर झमाझम बारिश हो रही है। बारिश के चलते मौसम सुहावना हो गया है और लोगों को उमस भरी गर्मी से काफी राहत मिली है। मौसम विभाग के अनुसार, अगले कुछ घंटों तक प्रयागराज और आसपास के क्षेत्रों में बारिश का सिलसिला जारी रहने की संभावना है।

## गोरखपुर में बनेगा 100 बेड का ईएसआईसी हॉस्पिटल

गोरखपुर। निजी क्षेत्र में काम करने वाले हजारों कर्मचारियों के लिए बड़ी राहत की खबर है। गोरखपुर में 100 बेड का कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ESIC) हॉस्पिटल बनने का रास्ता साफ हो गया है। सोमवार दोपहर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में GIDA के सेक्टर-9 में रियायती दर पर 5.249 एकड़ जमीन आवंटित करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई। हॉस्पिटल के लिए GIDA के सेक्टर-9 स्थित भूखंड संख्या AL-7 आवंटित किया जाएगा। इसका क्षेत्रफल 5.249 एकड़ (21,427 वर्गमीटर) है।

## पुलिस और बदमाशों में मुठभेड़

वाराणसी। वाराणसी में रविवार की देर रात 2:30 बजे पुलिस की बदमाशों के साथ मुठभेड़ हो गई। पुलिस को देखकर बदमाशों ने फायर कर दिया। पुलिस की जवाबी फायरिंग में एक बदमाश के पैर में गोली लगी, जिससे वह घायल होकर गिर पड़ा। उसका दूसरा साथी भागने लगा तो पुलिस ने 50 मीटर तक दौड़कर उसे पकड़ लिया। यह दोनों बदमाश 5 लाख रुपए की लूट में शामिल थे।

# अयोध्या व्यापार मंडल की राम भक्तों से अपील

## बोले-एसआईटी रिपोर्ट से पहले न लगाएं आरोप

**तमसा संकेत, एजेंसी**

अयोध्या। 'SITकी जांच रिपोर्ट आने तक राम मंदिर ट्रस्ट के किसी भी पदाधिकारी को दोषी न ठहराया जाए और तथ्यों के आधार पर ही निष्कर्ष निकाला जाए। चंपतराय के राम मंदिर में किए गए योगदान पर भी विचार किया जाए।'

राम जन्मभूमि मंदिर के चढ़ावा प्रकरण को लेकर जारी विवाद के बीच अयोध्या व्यापार मंडल ने रविवार शाम पांच बजे पीसी कर यह अपील की।

व्यापार मंडल के अध्यक्ष पंकज गुप्ता ने कहा- जांच पूरी होने से पहले किसी व्यक्ति पर आरोप लगाना न्यायसंगत नहीं है। सभी पक्षों से संयम बरतने और जांच एजेंसियों को निष्पक्ष रूप से अपना कार्य करने देना चाहिए। जांच में कोई भी व्यक्ति दोषी पाया जाता है



तो अयोध्या व्यापार मंडल सबसे पहले उसका बहिष्कार करेगा और कठोर कार्रवाई की मांग करेगा।

बार एसोसिएशन के प्रस्ताव का किया स्वागतः दान प्रकरण में गिरफ्तार आरोपियों की पैरवी नहीं करने संबंधी बार एसोसिएशन फैजाबाद के प्रस्ताव का स्वागत करते हुए इसे सराहनीय निर्णय बताया। कहा- कानून अपना काम कर रहा है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित होनी चाहिए। चंपत राय ने अपना पूरा जीवन राष्ट्र और श्रीराम मंदिर आंदोलन को समर्पित किया है।

## सर्वे कमिश्नर नियुक्त करने की मांग, केंद्र सरकार समेत एएसआई से मांगा हफलनामा

# ताजमहल में तेजो महालय मंदिर एचसी ने जवाब मांगा

**तमसा संकेत, एजेंसी**

प्रयागराज। इलाहाबाद हाई कोर्ट ने 6 जुलाई को ताजमहल परिसर में तेजो महालय मंदिर होने के दावे से मामले में सर्वे के लिए एडवोकेट कमीशन नियुक्त करने की मांग में दाखिल याचिका पर सुनवाई की। जस्टिस रोहित रंजन अग्रवाल की सिंगल बेंच ने मामले की सुनवाई करते हुए जवाब मांगा है। जस्टिस रोहित रंजन अग्रवाल ने इस मामले में केंद्र सरकार और आर्कियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया (ASI) से जवाब मांगा और उन्हें अपने काउंटर-एफिडेविट फाइल करने का निर्देश दिया।

मामले में केंद्र सरकार समेत अन्य पक्षों को जवाब दाखिल करना



होगा। आगरा की दीवानी अदालत (सिविल जज सीनियर डिवीजन) में वर्ष 2015 से एक घोषणात्मक वाद लंबित है। इस मुकदमे में यह घोषणा करने की मांग की गई है कि आगरा के ताजमहल परिसर में लॉर्ड श्री अग्रेश्वर महादेव नागनाथेश्वर विराजमान तेजो महालय मंदिर है।

यह विवाद 2015 में आगरा में दायर एक सिविल मुकदमे से जुड़ा है। उस मुकदमे में, हरि शंकर जैन और अन्य भक्तों ने दावा किया था कि ताजमहल असल में 'तेजो महालय' था - भगवान शिव को समर्पित एक हिंदू मंदिर - जिसे बाद में मुगल बादशाह शाहजहां के शासनकाल में मुमताज़ महल के मक़बरे में बदल दिया गया था। उन्होंने इस बात की घोषणा करने और हिंदुओं को स्मारक के अंदर दर्शन, पूजा और आरती करने की अनुमति देने की मांग की है।

**याचिका में कहा गया है कि स्मारक की भौतिक विशेषताओं, वास्तुशिल्प गुणों और अन्य दृश्य पहलुओं को केवल मौखिक सबूतों से प्रभावी ढंग से साबित नहीं किया जा सकता।**



■ इलाहाबाद हाइकोर्ट ने कहा- केंद्र सरकार और आर्कियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया (ASI) से जवाब मांगा

## एडवोकेट कमिश्नर नियुक्त करने की मांग की थी

ऐसे सबूतों को केवल मौखिक गवाही से प्रभावी ढंग से साबित नहीं किया जा सकता। ताजमहल ASI (भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण) के नियंत्रण में एक संरक्षित स्मारक है, इसलिए उनका कहना है कि वे उन हिस्सों तक स्वतंत्र रूप से नहीं पहुंच सकते या उनकी तस्वीरें नहीं ले सकते, जिन पर वे ट्रायल कोर्ट के सामने भरोसा करना चाहते हैं।

इसी वजह से याचिकाकर्ताओं ने 2017 में एक अर्जी दायर की थी, जिसमें ताजमहल का निरीक्षण, फ़ोटोग्राफ़ी और वीडियोग्राफ़ी करने और ट्रायल कोर्ट के सामने रिपोर्ट पेश करने के लिए एडवोकेट कमिश्नर नियुक्त करने की मांग की गई थी।

## नवविवाहिता बोली- प्यार करने की मुझे सजा मिली, पति-पत्नी जेल भेजे गए

# पैसों की खातिर मासूम की हत्या

**तमसा संकेत, एजेंसी**

गोरखपुर। गोरखपुर के सहजनवा में 2 जुलाई को 6 साल के मासूम अंशुमान सिंह की गला दबाकर हत्या कर दी गई। इस घटना में हत्यारोपी किराएदार कल्पेश राय और साजिश रचने के आरोप में उसकी पत्नी नीलम राय को कानूनी प्रक्रिया पूरी कर रविवार को जेल भिजवा दिया। इस दौरान कल्पेश की पत्नी ने कहा कि मुझे प्यार करने की सजा मिल रही है। आरोपी कल्पेश डेढ़ साल पहले नीलम से लव मैरिज किया था। एक माह पहले संतकबीरनगर से आकर अंशुमान के घर किराए का एक कमरा लेकर पत्नी के साथ रह रहा था। पुलिस के मुताबिक, हाई-फाई जिंदगी का ख्वाब देखने वाले पति-पत्नी की जरूरतें पूरी नहीं हो पा रही थीं। इसलिए दोनों ने बच्चे का अपहरण कर 50 हजार रुपये की फिरौती मांगने का प्लान बनाया।



### रस्सी से हाथ पैर बांध मुंह में ठूंस दिया था रुमाल

आरोपी ने पुलिस पूछताछ में बताया कि वह नौकरी छूटने, बीमारी और आर्थिक तंगी से परेशान था। इसी कारण उसने 40 से 50 हजार रुपये की फिरौती वसूलने की साजिश रची थी। उसने स्वीकार किया कि वह बच्चे को गोलगप्पा खिलाने के बहाने साथ ले गया था। उसके पास पहले से रस्सी और रूमाल मौजूद थे। आरोपी के अनुसार उसने खंडहर में बच्चे के हाथ-पैर बांध दिए और मुंह में रूमाल ठूंस दिया ताकि वह शोर न मचा सके। हालांकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में गला दबाकर हत्या की पुष्टि हुई है, जिससे उसके बयान पर सवाल खड़े हो गए हैं।



### 10 मिनट में बच्चे का मार डाला

पुलिस के मुताबिक, सीसीटीवी कैमरे में गुरुवार की शाम करीब 5:57 बजे कल्पेश बच्चे को साथ लेकर जाता दिखा है। घर से 500 मीटर दूर खंडहर में बच्चे को लेकर गया। 6:20 बजे वह घर वापस आ गया। बाजार में लगे कैमरे की फुटेज के अनुसार, खंडहर की तरफ बच्चे को लेकर कल्पेश जाता दिखा है। वहां से 10 मिनट बाद अकेले बाहर आता दिखा है। पुलिस के मुताबिक, खंडहर के अंदर वह बच्चे का कैद करना चाहता था, लेकिन प्लान फेल हो गया। इसके बाद कल्पेश ने बच्चे का गला दबाकर मारा। इस दौरान वह करीब 10 मिनट तक रूका था।

### गोलगप्पा खिलाने के बहाने साथ ले गया

अंशुमान गुरुवार शाम करीब 5 बजे आरोपी के साथ गोलगप्पा खाने के लिए निकला था, लेकिन इसके बाद वह वापस नहीं लौटा। परिजनों की सूचना पर सहजनवां पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर जांच शुरू की। सीओ गीडा के नेतृत्व में कई टीमें गठित की गईं। जांच के दौरान सीसीटीवी फुटेज से अहम सुराग मिला, जिसमें बच्चा एक संदिग्ध युवक के साथ जाता दिखाई दिया। इसी आधार पर पुलिस ने कार्रवाई तेज कर दी। पुलिस ने पीड़ित परिवार के किराएदार संतकबीरनगर के धर्मसिंहवा थाना क्षेत्र के सांथा निवासी कल्पेश राय को हिरासत में लिया। पूछताछ में उसने जुर्म स्वीकार किया, जिसके बाद उसकी निशानदेही पर नगर पंचायत वार्ड नंबर-10 लुचुई स्थित एक खंडहरनुमा ढांचे से मासूम का शव बरामद हुआ।

# 70 फीट ऊंची पानी टंकी 5 घंटे में ध्वस्त की

## बीच रास्ते में पड़ने से फोरलेन निर्माण का काम रुका था

**तमसा संकेत, एजेंसी**

गोरखपुर। गोरखपुर में चार फाटक- असुरन फोरलेन सड़क निर्माण में बाधा डालने वाली लगभग 70 फीट ऊंची पानी की टंकी को सोमवार को गिरा दिया गया। PWD, पुलिस और RPF की निगरानी में दोपहर 12 बजे से ध्वस्तीकरण की कार्यवाही शुरू की गई। करीब 5 घंटे के कड़ी मशक्कत के बाद पोपलैंड के ड्राइवर ने बिल्कुल सही दिशा में गिरा दिया। इस दौरान सुरक्षा को देखते हुए आसपास के एरिया को खाली करवाया गया। दोनों ओर की यातायात को बंद कर दिया गया था ताकि किसी कोई दिक्कत न हो।

यह पानी की टंकी बिछिया PAC कैंप कौवा बाग पुलिस चौकी के पास रेलवे अंडर पास की रोड पर स्थित था। जो बीच रास्ते में पड़ रहा था। इसकी वजह से काफी लंबे समय से



उस जगह पर सड़क निर्माण का कार्य रुका हुआ था। कमिश्नर ने पानी की गिराकर काम आगे बढ़ाने के निर्देश दिए थे। हालांकि निर्देश के बावजूद ध्वस्तीकरण की कार्रवाई न होने पर लगभग 15 दिन पहले उन्होंने नाराजगी जताई थी। जिसके बाद यह काम शुरू हुआ। जानकारी के अनुसार पास में स्थित पुलिस चौकी भी बीच रास्ते में पड़ रहा है। जिसे गिराने का निर्देश दिया गया है।

पानी की टंकी निर्माणधीन चार फाटक- असुरन फोरलेन सड़क के बीच रास्ते में पड़ रहा था ,जिसकी वजह से उस स्थान पर निर्माण कार्य में बड़ा बाधा उत्पन्न हुआ और काम बंद करना पड़ा था।

## वारदात : धड़-हाथ फेंके, पैर फेंकने जाते वक्त जौनपुर पुलिस ने एनकाउंटर कर पकड़ा

# वॉट्सएप चैट न दिखाने पर गर्लफ्रेंड के तीन टुकड़े किए

**तमसा संकेत, एजेंसी**

मडियाहूँ (जौनपुर)। जौनपुर में वॉट्सएप चैट नहीं दिखाने पर युवक ने शनिवार को अपनी शादीशुदा गर्लफ्रेंड की गला रेतकर हत्या कर दी। गड़ासे से लाश के तीन टुकड़े किए। दोनों हाथ और दोनों पैर काटकर अलग कर दिए। हाथ और धड़ को ब्लैक पॉलीथिन में भरकर अलग-अलग जगहों पर सड़क किनारे झाड़ियों में फेंक आया।

रविवार सुबह 6 बजे वॉक पर निकले लोगों को बदबू की वजह से शक हुआ। पास जाकर देखा तो पॉलीथिन दिखाई दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पॉलीथिन खोली तो महिला का धड़ मिला। बाकी हिस्सों



की तलाश शुरू की तो एक किमी. दूर हाथ मिले। शव के बाकी हिस्सों की तलाश के लिए 3 टीमें बनाईं। पूरे इलाके घेराबंदी कर दी। इस बीच रविवार देर रात मुखबिर ने खबर दी कि एक शख्स बाइक से वैसी की काली पॉलिथीन लेकर जा रहा है। रात करीब साढ़े 12 बजे पुलिस ने उसे घेर लिया। पकड़े जाने के डर से आरोपी ने फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में आरोपी के दाहिने पैर में गोली लगी। वह सड़क पर गिर पड़ा। पुलिस उसे गिरफ्तार कर अस्पताल ले गई। उसके



■ पुलिस की गोली से घायल आरोपी बॉयफ्रेंड को सहारा देकर ले जाते पुलिसकर्मी।

पास से महिला के पैर, वारदात में इस्तेमाल गड़ासा और तमंचा बरामद हुआ है। पूछताछ में उसने जुर्म कबूल कर लिया है। महिला की पहचान वाराणसी की रेशमा खातून उर्फ सना (38) के रूप में हुई। उसके पति ने शव की शिनाख्त कर ली है। घटना जिला मुख्यालय से 25 किमी. दूर मड़ियाहूं कोतवाली क्षेत्र की है।

मड़ियाहूं के सीओ विजय चौधरी ने बताया- हेमल खखरिया उर्फ दिलीप (42) पुत्र भूपेंद्र भाई खखरिया मड़ियाहूं कस्बे की टीचर्स कॉलोनी में किराए पर कमरा लेकर रहता था। AC रिपेयरिंग का काम करता है।

### आरोपी के पास से महिला के पैर, मोबाइल बरामद

पुलिस ने आरोपी के पास से वारदात में प्रयोग किए चाकू, गड़ासा, एक .32 बोर की पिस्टल, कारतूस, महिला के कटे हुए पैर, बाइक और महिला का मोबाइल बरामद किया है। उसके खिलाफ हत्या, साक्ष्य मिटाने, पुलिस पर जानलेवा हमला और अवैध असलहा रखने समेत अलग-अलग धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आगे की विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

> **आरोपी ने पुलिस को बताया कि सना शादीशुदा थी। उसके तीन बच्चे हैं। बड़े बेटे की उम्र 20 साल है। दो बेटियों की उम्र 19 और 14 साल है। उसकी शादी वाराणसी के केवलीपुर के रहने वाले रहीम खान से हुई थी।**

# 9 जुलाई से शुरू होगा 7113 अभ्यर्थियों का अभिलेख सत्यापन

## चार साल बाद टीजीटी भर्ती अब अंतिम पड़ाव पर, फिर आएगा अंतिम परिणाम

**तमसा संकेत, एजेंसी**

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश के अशासकीय सहायता प्राप्त (एडेड) माध्यमिक विद्यालयों में शिक्षक भर्ती का चार साल का इंतजार अब समाप्त होने वाला है। वर्ष 2022 में शुरू हुई प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक (टीजीटी) भर्ती प्रक्रिया, जो प्रशासनिक बदलावों और चयन बोर्ड के भंग होने के कारण लंबित थी, अब अपने अंतिम चरण में पहुंच गई है। उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग ने 30 जून को 15 विषयों के लिए 3539 पदों के सापेक्ष 7113 अभ्यर्थियों को सफल घोषित किया था। अगले महीने इसका अंतिम परिणाम आ सकता है।

इन सफल अभ्यर्थियों के अभिलेख सत्यापन की प्रक्रिया 9 जुलाई से प्रयागराज स्थित आयोग कार्यालय में शुरू होगी। यह प्रक्रिया 17 जुलाई




तक चलेगी। आयोग के उप सचिव ने स्पष्ट किया है कि चयनित अभ्यर्थियों को व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होना अनिवार्य है, अन्यथा उनका अभ्यर्थन स्वतः निरस्त कर दिया जाएगा। अभ्यर्थी अपने प्रवेश पत्र आयोग की आधिकारिक वेबसाइट www.upessc.up.gov.in से डाउनलोड कर सकते हैं। उन्हें अपनी अनिवार्य अर्हता और आरक्षण से संबंधित सभी प्रमाण-पत्र ऑनलाइन पोर्टल पर अपलोड करना भी आवश्यक होगा।

सत्यापन की शुरुआत 9 जुलाई को संस्कृत विषय से होगी। इसके बाद 10 जुलाई को गणित; 13 जुलाई को शारीरिक शिक्षा, गायन संगीत, कृषि, उर्दू, वाद्य संगीत, गृह विज्ञान और वाणिज्य; 14 जुलाई को हिंदी; 15 जुलाई को जीव विज्ञान व विज्ञान; 16 जुलाई को अंग्रेजी; और 17 जुलाई को सामाजिक विज्ञान व कला विषय के अभ्यर्थियों के दस्तावेजों की जांच की जाएगी।

आयोग के अधिकारियों ने भर्ती प्रक्रिया को समयबद्ध तरीके से पूरा करने का आश्वासन दिया है। विभागीय सूत्रों के अनुसार, अभिलेख सत्यापन पूरा होने के बाद अंतिम चयन सूची तैयार की जाएगी और अगस्त तक अंतिम परिणाम जारी होने की पूरी संभावना है। इस चरण के पूर्ण होने से प्रदेश के एडेड स्कूलों को चार साल बाद नए शिक्षक मिल सकेंगे।

# प्रेस क्लब में सत्ता का नया गणित तय

## शैलेन्द्र तिवारी अध्यक्ष, अहमद मेंहदी महासचिव, गुटीय संतुलन में बड़ा बदलाव

**कार्यकारिणी**

- 285 मतों की गिनती के बाद सत्ता संतुलन तय, पुराने प्रभाव और नए समीकरणों के बीच निर्णायक बदलाव





बृजेंद्र वीर सिंह

तमसा संकेत, अम्बेडकरनगर। जिला प्रेस क्लब के द्विवार्षिक चुनाव के बाद रविवार को मतगणना पूरी कर परिणाम घोषित कर दिए गए। 295 मतदाताओं में से 285 ने मतदान किया। प्रेस क्लब भवन में निर्वाचन समिति की देखरेख में हुई गिनती के बाद संगठन की नई कार्यकारिणी सामने आई। परिणामों ने स्पष्ट किया कि संगठन में नेतृत्व परिवर्तन के साथ-साथ गुटीय संतुलन भी नए स्वरूप में ढल रहा है। उपाध्यक्ष के तीन पदों पर बृजेंद्र वीर सिंह (137), ज्ञान प्रकाश पाठक (111) और पंकज शुक्ला (108) विजयी रहे।कमर हसनैन (100), राजवंत सिंह (96) और संजय यादव (90) को हार का सामना करना पड़ा। इस पद पर वोटों का बिखराव यह दर्शाता है कि संगठन के भीतर कई सक्रिय समूह एक साथ प्रभाव बनाने की स्थिति में रहे लेकिन अंतिम समय में तीन मजबूत खेमों ने निर्णायक बढ़त हासिल की। सचिव के तीन पदों पर सुनील कुमार शर्मा (130), दीपक वर्मा (88) और अनूप कुमार तिवारी (86) विजयी रहे। गौरव पांडेय और गौरव सिंह को 83-83 मत मिले, जिससे स्पष्ट होता है कि यह मुकाबला बेहद कड़ा और विभाजित रहा। आदित्य नारायण त्रिपाठी, विवेक सिंह और अन्य प्रत्याशी भी उल्लेखनीय समर्थन के बावजूद पीछे रह गए। कोषाध्यक्ष पद पर नरसिंह नारायण मिश्र ने 117 मत प्राप्त कर अमरनाथ तिवारी (96) और अनिल उपाध्याय (31) को पीछे छोड़ा।संगठन मंत्री पद पर रमाकांत पांडेय ने 121 मत प्राप्त कर प्रमोद कुमार वर्मा (80) पर स्पष्ट बढ़त बनाई। कार्यकारिणी सदस्य के 11 पदों पर सावन मिश्रा (148), नूर आलम (132), ओंकार सिंह (131), आशा जायसवाल (131), विनोद वर्मा (130), सुधीर कुमार श्रीवास्तव (127), महेंद्र मिश्रा (114), असलम अब्बास (112), रामकृष्ण तिवारी (110), अदनान अहमद (109) और अरुण कुमार मिश्र (109) निर्वाचित हुए।

> महासचिव पद पर अहमद मेंहदी ने 128 मत हासिल कर जीत दर्ज की। वेद प्रकाश पाठक को 110 मत मिले। इस पद पर मतदान से ठीक पहले बने समर्थन समीकरणों ने चुनाव की दिशा बदल दी। अजय कुमार उपाध्याय और प्रवीण उपाध्याय के पीछे हटने और समर्थन के पुनर्वितरण ने मुकाबले को सीधा बना दिया, जिससे अहमद मेंहदी को स्पष्ट लाभ मिला।

### अध्यक्ष पद पर शैलेन्द्र तिवारी का निर्णायक जनादेश

अध्यक्ष पद पर शैलेन्द्र तिवारी ने 140 मत प्राप्त कर जीत दर्ज की। कार्तिकेय द्विवेदी को 117 मत और काजिम हुसैन को 10 मत मिले।इस परिणाम को संगठन के भीतर बने दो प्रमुख ध्रुवों के बीच संतुलन का संकेत माना जा रहा है। अंतिम चरण में समर्थन का केंद्रीकरण शैलेन्द्र तिवारी के पक्ष में गया, जिससे उन्हें स्पष्ट बढ़त मिली और नेतृत्व की कमान उनके हाथ में आ गई।

# समाधान दिवस में प्रशासन का सख्त रुख जिलाधिकारी ने सुनी शिकायतें

## जलालपुर में जनसुनवाई, 5 तहसीलों से आए 463 मामले

तमसा संकेत, संवाददाता



अम्बेडकरनगर। तहसील जलालपुर में सोमवार को आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ईशा प्रिया ने पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह और मुख्य विकास अधिकारी आनंद कुमार शुक्ला सहित जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ जनसमस्याएं सुनीं। जनसुनवाई के दौरान बड़ी संख्या में फरियादी अपनी शिकायतें लेकर पहुंचे।

जिलाधिकारी ने एक-एक शिकायत को गंभीरता से सुनते हुए कई मामलों का मौके पर निस्तारण कराया। जिन शिकायतों का तत्काल समाधान संभव नहीं था, उन्हें संबंधित विभागों को समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश के साथ सौंप दिया गया। उन्होंने अधिकारियों को साफ निर्देश दिए कि किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार नहीं होगी और हर शिकायत का समाधान पारदर्शी तरीके से सुनिश्चित किया जाए।

जिलाधिकारी ने कहा कि जनसमस्याओं का समाधान प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों को केवल प्रक्रिया मानकर नहीं, बल्कि जिम्मेदारी के रूप में लिया जाए। पुलिस अधीक्षक ने पुलिस से जुड़ी शिकायतों पर तत्काल संज्ञान लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए।

संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान जनपद की सभी पांच तहसीलों में शिकायतों का भारी दबाव देखने को मिला। जलालपुर में 111, टांडा में 40, आलापुर में 142, अकबरपुर में 98 और भीटी में 72 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। इनमें कई मामलों का मौके पर समाधान किया गया, जबकि शेष प्रकरणों को विभागीय स्तर पर निस्तारण के लिए भेजा गया। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को स्पष्ट संदेश दिया कि हर शिकायत का समाधान तय समयसीमा के भीतर और गुणवत्तापूर्ण होना चाहिए।

**फास्ट न्यूज**

### संगठन मजबूत करने की तैयारी

जलालपुर, अम्बेडकरनगर। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के अवध क्षेत्र के दौरे के दौरान आयोजित होने वाली संगठनात्मक बैठक में शामिल होने के लिए जलालपुर नगर के शक्ति केंद्र संयोजक लखनऊ के लिए रवाना हुए। यह कार्यक्रम नगर अध्यक्ष संदीप अग्रहरि के नेतृत्व में आयोजित किया गया। वाहन प्रमुख विकाश निषाद ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष शक्ति केंद्र संयोजकों के साथ महत्वपूर्ण बैठक करेंगे।

### राष्ट्रीय रक्तदाता महाकुंभ में संध्या सिंह सम्मानित

अम्बेडकरनगर। रक्तदान जागरूकता और समाज सेवा के क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभाने वाली अम्बेडकरनगर की समाजसेवी संध्या सिंह 'समीप' को बिहार के रोहतास जिले में आयोजित 'रक्तदाता महाकुंभ–2 : इंटरनेशनल ब्लड डोनेशन फेस्टिवल-कम-कॉन्फ्रेंस एंड वर्कशॉप' में सम्मानित किया गया। उन्हें स्वैच्छिक रक्तदान अभियान, जनजागरण, महिला नेतृत्व और सामाजिक सेवा में उल्लेखनीय योगदान के लिए यह सम्मान प्रदान किया गया।

### शादी से पहले दुल्हन पर हमले का आरोपी गिरफ्तार

अम्बेडकरनगर। शादी से दो दिन पहले मंगेतर पर जानलेवा हमला करने के मामले में अकबरपुर कोतवाली पुलिस ने मुख्य आरोपी मृत्युंजय को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने उसकी निशानदेही पर वारदात में प्रयुक्त हंसिया भी बरामद किया है। आवश्यक विधिक कार्रवाई के बाद आरोपी को न्यायालय भेज दिया गया।

# रोवर तकनीक से हुई जमीन की पैमाइश अकबरपुर में सीमांकन की कार्रवाई पूरी

तमसा संकेत, संवाददाता




- गोविन्दपुर गणेशपुर में आधुनिक जीएनएसएस तकनीक का इस्तेमाल, राजस्व विवाद के निस्तारण की दिशा में बढ़ा कदम

अम्बेडकरनगर। जनपद में राजस्व मामलों के त्वरित और पारदर्शी निस्तारण के लिए चलाए जा रहे रोवर पैमाइश अभियान के तहत सोमवार को अकबरपुर तहसील क्षेत्र के गोविन्दपुर गणेशपुर गांव में आधुनिक जीएनएसएस (GNSS) रोवर तकनीक से भूमि सीमांकन की कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान गाटा संख्या 334, रकबा 0.597 हेक्टेयर से संबंधित वाद में सीमांकन सफलतापूर्वक पूरा कराया गया।

अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) ज्योत्स्ना बंधु ने बताया कि जिलाधिकारी ईशा प्रिया के निर्देश पर उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता की धारा-24 के अंतर्गत 1 जुलाई से 15 अगस्त 2026 तक रोवर पैमाइश अभियान संचालित किया जा रहा है। अभियान का उद्देश्य आधुनिक तकनीक के माध्यम से भूमि सीमांकन को अधिक सटीक, पारदर्शी और विवादमुक्त बनाना है।

अकबरपुर तहसील के गोविन्दपुर गणेशपुर गांव में गाटा संख्या 334, रकबा 0.597 हेक्टेयर से संबंधित रामकृपाल वर्मा बनाम बाबूलाल आदि वाद में धारा-24 के तहत सीमांकन की कार्रवाई की गई। राजस्व विभाग ने आधुनिक रोवर तकनीक का उपयोग करते हुए भूमि की पैमाइश पूरी की। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट एवं उपजिलाधिकारी अकबरपुर प्रतीक्षा सिंह ने बताया कि सीमांकन का कार्य तहसीलदार अकबरपुर के नेतृत्व में कराया गया।

# 28 जुलाई को इंप्रूवमेंट कंपार्टमेंट परीक्षा, सुरक्षा व्यवस्था सख्त

## यूपी बोर्ड परीक्षा 2026 का शेड्यूल जारी

तमसा संकेत, संवाददाता



अम्बेडकरनगर। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद (यूपी बोर्ड) ने वर्ष 2026 की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट इंप्रूवमेंट एवं कंपार्टमेंट परीक्षाओं की तिथियां घोषित कर दी हैं। ये परीक्षाएं 28 जुलाई को बीएन इंटर कॉलेज में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच आयोजित की जाएंगी।

परीक्षा को दो पालियों में आयोजित किया जाएगा। हाईस्कूल इंप्रूवमेंट एवं कंपार्टमेंट परीक्षा पहली पाली में सुबह 8:30 बजे से 11:45 बजे तक होगी। वहीं इंटरमीडिएट कंपार्टमेंट परीक्षा दूसरी पाली में दोपहर 2:00 बजे से शाम 5:15 बजे तक कराई जाएगी। प्रशासन ने परीक्षा समय को लेकर स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किए हैं।

परीक्षा कक्षों में मोबाइल फोन, स्मार्ट वॉच और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण पूरी तरह प्रतिबंधित रहेंगे। सभी कक्षों में वॉयस रिकॉर्डर युक्त सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे, जिससे हर गतिविधि पर नजर रखी जा सके। प्रश्नपत्रों को डबल लॉक स्ट्रांग रूम में सुरक्षित रखा जाएगा। प्रश्नपत्रों के पैकेट केवल केंद्र व्यवस्थापक, बाह्य केंद्र व्यवस्थापक और स्टेटिक मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में सीसीटीवी निगरानी के तहत खोले जाएंगे और वितरित किए जाएंगे।

यूपी बोर्ड ने सभी जिलों को निर्देश दिए हैं कि परीक्षा से जुड़ी सभी व्यवस्थाएं समय से पूरी की जाएं। परीक्षा को पूरी तरह पारदर्शी, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराना प्राथमिकता होगी।

### सुरक्षा व्यवस्था कड़ी, बाहरी लोगों के प्रवेश पर रोक

जिला विद्यालय निरीक्षक कौस्तुभ कुमार सिंह ने बताया कि परीक्षा को निष्पक्ष और शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए सभी तैयारियां पूरी की जा रही हैं। परीक्षा केंद्र पर केवल परीक्षार्थियों, केंद्र व्यवस्थापक, शिक्षकों और अधिकृत कर्मचारियों को ही प्रवेश मिलेगा। बाहरी व्यक्तियों के प्रवेश पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा।परीक्षा केंद्र के बाहर भीड़ जमा न होने देने के निर्देश दिए गए हैं। परीक्षा से पहले और बाद में परिसर के आसपास कड़ी निगरानी रखी जाएगी।

# संचारी रोगों पर वार: जनपदभर में चला जनजागरूकता अभियान

तमसा संकेत, संवाददाता



- स्वच्छता और स्वास्थ्य सुरक्षा पर जोर
- नगर निकायों, ग्राम पंचायतों और विद्यालयों में व्यापक गतिविधियां, लोगों को किया गया जागरूक

अम्बेडकरनगर। संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत जनपद के सभी नगर निकायों, ग्राम पंचायतों और विद्यालयों में सोमवार को व्यापक स्तर पर स्वच्छता और जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। अभियान के दौरान लोगों को मच्छरजनित और जलजनित बीमारियों से बचाव के उपायों के प्रति जागरूक किया गया। नगर निकायों और ग्राम पंचायतों में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान सड़कों और नालियों की सफाई कराई गई तथा संवेदनशील क्षेत्रों में ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव किया गया। जलभराव वाले स्थानों को चिन्हित कर उनकी सफाई कराई गई, ताकि मच्छरों के प्रजनन पर रोक लगाई जा सके। विद्यालयों में संचारी रोगों से बचाव और रोकथाम को लेकर विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन कार्यक्रमों के माध्यम से बच्चों को व्यक्तिगत स्वच्छता, साफ-सफाई और स्वस्थ जीवनशैली के महत्व के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रमों में छात्र-छात्राओं को मच्छरजनित और जलजनित रोगों से बचाव के उपाय समझाए गए। उन्हें यह संदेश दिया गया कि वे अपने घर और आसपास स्वच्छता बनाए रखने के साथ-साथ इस जानकारी को समाज के अन्य लोगों तक भी पहुंचाएं, ताकि बीमारी की रोकथाम में सामूहिक भागीदारी सुनिश्चित हो सके।

# 'पत्रकार हितों की मजबूत आवाज़'

## प्रेस क्लब में बृजेंद्र वीर सिंह बने वरिष्ठ उपाध्यक्ष, 137 वोटों से दर्ज की बड़ी जीत

तमसा संकेत, संवाददाता





अम्बेडकरनगर। प्रेस क्लब अंबेडकरनगर के चुनाव में बृजेंद्र वीर सिंह ने वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर 137 वोट प्राप्त कर निर्णायक जीत दर्ज की। चुनाव परिणाम को पत्रकारों के बीच उनके लंबे समय से सक्रिय संगठनात्मक योगदान और संवाद आधारित कार्यशैली का परिणाम माना जा रहा है।

चुनाव में सबसे अधिक वोट प्राप्त कर बृजेंद्र वीर सिंह ने उपाध्यक्ष पद पर मजबूत जनादेश हासिल किया। संगठनात्मक गतिविधियों में उनकी निरंतर भागीदारी और पत्रकारों के बीच संवाद बनाए रखने की भूमिका को इस परिणाम का प्रमुख आधार माना जा रहा है। नवनिर्वाचित वरिष्ठ उपाध्यक्ष बृजेंद्र वीर सिंह ने कहा कि प्रेस क्लब को एक सक्रिय और नियमित रूप से खुलने वाला मंच बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि पत्रकारों से जुड़े मुद्दों के समाधान के लिए संगठन को और अधिक प्रभावी बनाया जाएगा, ताकि किसी भी सदस्य को अपनी समस्या के समाधान के लिए भटकना न पड़े। उन्होंने कहा कि प्रेस क्लब का उद्देश्य केवल संगठनात्मक गतिविधियों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह पत्रकारों के हितों और सुरक्षा का मजबूत मंच है। आपसी सहयोग, संवाद और सामूहिक निर्णय प्रक्रिया को आगे बढ़ाने पर जोर दिया जाएगा। नवनिर्वाचित वरिष्ठ उपाध्यक्ष बृजेंद्र वीर सिंह ने प्रेस क्लब की कार्यप्रणाली को अधिक व्यवस्थित और पारदर्शी बनाने के लिए नई रूपरेखा प्रस्तुत की है। उन्होंने बताया कि क्लब के सभी 295 सदस्यों के लिए आई-कार्ड बनाए जाएंगे, जिससे सदस्यता की पहचान और संगठनात्मक व्यवस्था मजबूत होगी।

### 'सभी पत्रकारों और प्रत्याशियों के प्रति आभार'

बृजेंद्र वीर सिंह ने चुनाव प्रक्रिया में शामिल सभी पत्रकारों, प्रत्याशियों और सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने तमसा संकेत समूह के संपादक हेमंत कृष्णा, चुनाव संचालन समिति के अध्यक्ष सर्वजीत त्रिपाठी, अमर उजाला ब्यूरो चीफ प्रमन श्रीवास्तव, वरिष्ठ पत्रकार अनूप सिंह, अरुणेश प्रताप सिंह, डॉ. अनिल उपाध्याय।प्रेस क्लब के संस्थापक सदस्य रविंद्र सिंह सहित सभी पत्रकार साथियों का धन्यवाद दिया।

> वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर निर्वाचित होने के बाद बृजेंद्र वीर सिंह की भूमिका को संगठन में संतुलन और सक्रियता बढ़ाने वाली मानी जा रही है। प्रेस क्लब में नई कार्यकारिणी के गठन के साथ अब संगठनात्मक गतिविधियों को और अधिक गति मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

# एनएच-233 किनारे मिला अज्ञात युवक का शव, इलाके में सनसनी

## बसखारी थाना क्षेत्र के एदिलपुर गांव के पास मिला शव, पुलिस ने शुरू की जांच

- शव की हालत से गहराया शक, हत्या के बाद फेंके जाने की आशंका
- पुलिस मौके पर पहुंची, शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा गया
- पहचान के प्रयास तेज, आसपास के थानों को दी गई सूचना
- पोस्टमार्टम रिपोर्ट से खुलेगा मौत का राज



तमसा संकेत, संवाददाता

अम्बेडकरनगर। बसखारी थाना क्षेत्र के अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग एनएच-233 पर एदिलपुर गांव के पास सोमवार को एक अज्ञात युवक का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। शव की स्थिति देखकर अनुमान लगाया जा रहा है कि यह करीब दो दिन पुराना हो सकता है। घटनास्थल की परिस्थितियों को देखते हुए आशंका जताई जा रही है कि युवक की मौत किसी अन्य स्थान पर हुई और बाद में शव को राजमार्ग किनारे लाकर फेंका गया। शव पर शर्ट और लोवर पाया गया। शरीर का पेट फूला हुआ था और आंखों का रंग पीला दिखाई दे रहा था। प्रारंभिक जांच में शरीर पर किसी बड़े चोट के स्पष्ट निशान नहीं मिले हैं, लेकिन पुलिस हत्या की संभावना से इनकार नहीं कर रही है। सूचना मिलते ही बसखारी पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। साथ ही आसपास के क्षेत्र में जांच शुरू कर दी गई है। मृतक की पहचान सुनिश्चित करने के लिए पुलिस ने आसपास के थानों को सूचना भेज दी है और स्थानीय लोगों से भी संपर्क किया जा रहा है। पहचान के लिए मृतक का फोटो भी जारी किया गया है ताकि किसी भी सुराग से उसकी शिनाख्त हो सके। पुलिस का कहना है कि मौत का वास्तविक कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट होगा। फिलहाल सभी संभावित पहलुओं पर जांच की जा रही है, जिसमें दुर्घटना, हत्या और अन्य कारण शामिल हैं। पुलिस टीम मामले की गहनता से जांच में जुटी हुई है।

# 17 साल बाद सरकारी भूमि से हटा अतिक्रमण, राजस्व टीम ने चलाया अभियान

तमसा संकेत, संवाददाता



- आलापुर के सकसीपुर में न्यायालय के आदेश पर हुई कार्रवाई, बुनकर कुटीर उद्योग की भूमि कराई गई खाली

अम्बेडकरनगर। आलापुर तहसील क्षेत्र के सकसीपुर गांव में सरकारी भूमि से रविवार को राजस्व विभाग की टीम ने अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की। न्यायालय के आदेश के अनुपालन में बुनकर कुटीर उद्योग के नाम दर्ज भूमि को कब्जामुक्त कराया गया। कार्रवाई के दौरान राजस्व और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम मौके पर मौजूद रही।

राजस्व विभाग के अनुसार, ग्राम सकसीपुर स्थित गाटा संख्या 202, रकबा 0.058 हेक्टेयर, बुनकर कुटीर उद्योग के नाम दर्ज सरकारी भूमि है। इस मामले में न्यायालय ने संबंधित प्रकरण की सुनवाई के बाद भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने का आदेश दिया था। आदेश के अनुपालन में नायब तहसीलदार अमरनाथ द्विवेदी के नेतृत्व में टीम ने मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की। प्रशासन के मुताबिक, न्यायालय के आदेश में उल्लेख किया गया है कि वर्ष 2007 से उक्त सरकारी भूमि पर मदरसा संचालन के नाम पर कब्जा किया गया था। जांच में भूमि पर करीब 17 वर्षों से अनधिकृत कब्जा पाए जाने के बाद संबंधित पक्षों के विरुद्ध बेदखली का आदेश पारित किया गया। इसके बाद राजस्व विभाग ने पुलिस बल की मौजूदगी में कब्जा हटाने की कार्रवाई पूरी की। अतिक्रमण हटाने के दौरान क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल तैनात रहा। अभियान के समय कुछ देर के लिए अफरात-फरी का माहौल भी रहा, हालांकि प्रशासन की मौजूदगी में पूरी कार्रवाई शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई।

**उद्घाटन : ओमप्रकाश राजभर ने किया लोकार्पण, प्रशासनिक ढांचे को मिली नई पहचान**

# नए स्वरूप में जिला पंचायत कार्यालय

- महाराणा प्रताप को किया नमन, प्रतिमा पर अर्पित किए पुष्प
- 'बेहतर सुविधाओं से मजबूत होगा प्रशासनिक कार्य'



तमसा संकेत, संवाददाता

अम्बेडकरनगर। जिला पंचायत कार्यालय और विश्राम कक्ष के मरम्मत एवं सौंदर्यीकरण कार्य का सोमवार को कैबिनेट मंत्री ओमप्रकाश राजभर ने फीता काटकर लोकार्पण किया। यह कार्यक्रम पंचायती राज व्यवस्था को अधिक सुविधाजनक और व्यवस्थित बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में देखा गया।

लोकार्पण के बाद परिसर में नवीनीकृत भवन और विश्राम कक्ष का निरीक्षण किया गया। किए गए कार्यों में भवन की संरचना, आंतरिक साज-सज्जा और सुविधाओं में सुधार शामिल रहा। मंत्री ने कहा कि इस तरह के सुधार प्रशासनिक कार्यों को अधिक सुचारू और प्रभावी बनाते हैं। मंत्री ओमप्रकाश राजभर ने कहा कि कार्यालयों का आधुनिक और सुव्यवस्थित होना जरूरी है, ताकि जनप्रतिनिधियों और आम जनता को बेहतर सुविधा मिल सके। उन्होंने कहा कि पारदर्शी और सुविधाजनक व्यवस्था से प्रशासनिक कार्यों की गति और गुणवत्ता दोनों में सुधार होता है। लोकार्पण के बाद परिसर में हुए बदलावों को लेकर उपस्थित लोगों ने संतोष व्यक्त किया। नवीनीकृत कार्यालय को प्रशासनिक कार्यों के लिए अधिक उपयोगी और सुविधाजनक बताया गया। कार्यक्रम के साथ ही जिला पंचायत परिसर में एक नए प्रशासनिक वातावरण की शुरुआत देखी गई।

> कार्यक्रम से पूर्व मंत्री ने जिला पंचायत परिसर में स्थापित महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। उन्होंने उनके आदर्शों को स्मरण करते हुए जनसेवा और कर्तव्यनिष्ठा की भावना को प्रेरणास्रोत बताया।

### जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों की मौजूदगी में हुआ कार्यक्रम

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्याम सुंदर वर्मा, जिलाधिकारी ईशा प्रिया, भाजपा जिलाध्यक्ष दिलीप देव पटेल, पूर्व जिलाध्यक्ष मिथलेश त्रिपाठी, अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत सहित कई जनप्रतिनिधि और अधिकारी उपस्थित रहे। सभी ने नवीनीकरण कार्यों को उपयोगी और सकारात्मक पहल बताया।

# टांडा में सजी महफ़िल-ए-शमा शायरों ने कलाम से बांधा समां

तमसा संकेत, संवाददाता



- उर्दू अदब, साहित्य और साझा सांस्कृतिक विरासत पर वक्ताओं ने रखे विचार, देर रात तक चला मुशायरा

अम्बेडकरनगर। बुनकर नगरी टांडा में रविवार रात अदबी और साहित्यिक संस्था शमा ग्रुप टांडा के तत्वावधान में काज़ीपुरा में महफ़िल-ए-शमा मुशायरा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिले और आसपास के क्षेत्रों से आए शायरों ने अपनी रचनाओं से महफ़िल को यादगार बनाया। देर रात तक चले मुशायरे में उर्दू अदब, साहित्य और सामाजिक सरोकारों से जुड़े विषय प्रमुख रहे।

कार्यक्रम का संयोजन मो. मजाहिर ने किया, जबकि अध्यक्षता कुमैल अहमद सिद्दीकी ने की। संचालन मोहम्मद शफी नेशनल इंटर कॉलेज हंसवर के शिक्षक मोहम्मद असलम खान ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत सईद टांडवी ने नात-ए-पाक प्रस्तुत कर की।

अध्यक्ष कुमैल अहमद सिद्दीकी ने कहा कि शायरी इंसानी भावनाओं की प्रभावी अभिव्यक्ति है। उन्होंने नई पीढ़ी को साहित्य और उर्दू अदब से जोड़ने के लिए ऐसे आयोजनों की निरंतरता पर बल दिया। संचालक मोहम्मद असलम खान ने कहा कि उर्दू अदब और शायरी देश की साझा सांस्कृतिक विरासत का हिस्सा हैं। साहित्यिक आयोजन समाज में तहजीब, संवाद और आपसी भाईचारे को मजबूत करने का माध्यम बनते हैं। संयोजक मो. मजाहिर ने कार्यक्रम में शामिल सभी शायरों और श्रोताओं का आभार जताते हुए कहा कि उनकी सहभागिता से मुशायरा सफल रहा।

# सम्पादकीय

## भरोसे की बहाली हो




श्री रामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की बैठक में केवल महासचिव चंपत राय और ट्रस्टी अनिल कुमार मिश्र के त्यागपत्र पर ही नहीं निर्णय होना चाहिए। इसी के साथ ट्रस्ट को कुछ ऐसे ठोस फैसले भी लेने चाहिए, जिनसे संदेह के बादल छंटे और लोगों को भरोसा हो कि भविष्य में मंदिर के चढ़ावे की देखरेख और हिसाब-किताब समुचित तरीके से होगा। ऐसे फैसले लेना इसलिए आवश्यक है, क्योंकि चढ़ावा चोरी के प्रकरण ने हिंदू समाज की भावनाओं को बुरी तरह आहत किया है। उसकी आस्था और विश्वास को गहरी चोट पहुंची है। इसकी क्षतिपूर्ति के लिए ट्रस्ट को कठोर से कठोर फैसले लेने में हिचकिचाहट का परिचय नहीं देना चाहिए।

यदि आवश्यक समझा जाए तो ट्रस्ट को भंग कर उसके नए सिरे से गठन की पहल भी की जानी चाहिए। ट्रस्ट के पदाधिकारियों को यह आभास होना चाहिए कि इतने बड़े मामले में उन्होंने अपेक्षित गंभीरता, संवेदनशीलता और तत्परता का परिचय नहीं दिया। समझना कठिन है कि चढ़ावा चोरी का मामला सामने आने पर बिना किसी छानबीन के उससे इन्कार क्यों किया गया? इसी तरह तत्काल प्रभाव से उच्चस्तरीय जांच की कोई ठोस पहल क्यों नहीं की गई? वास्तव में ऐसे एक नहीं अनेक सवाल हैं, जो ट्रस्ट के पदाधिकारियों और उनकी कार्यशैली को कठघरे में खड़ा करते हैं। महासचिव चंपत राय और ट्रस्टी अनिल कुमार मिश्र के त्यागपत्र पर फैसला लेने में भी एक तरह से देरी ही की गई। आखिर इन दोनों लोगों की ओर से त्यागपत्र दिए जाने के बाद यथाशीघ्र बैठक क्यों नहीं बुलाई गई? यह मानने के अच्छे-भले कारण हैं कि ट्रस्ट के कुछ पदाधिकारियों ने आवश्यकता से अधिक अधिकार हासिल कर रखे थे और सब कुछ अपने ही हिसाब से कर रहे थे। इसी तरह ऐसे किसी निष्कर्ष पर पहुंचने के भी पर्याप्त कारण हैं कि ट्रस्ट के सभी पदाधिकारी समान रूप से सक्रिय नहीं थे और कुछ ने किन्हीं कारणों से स्वयं को निष्क्रिय अथवा अलग-थलग कर रखा था। इससे संतुष्ट नहीं हुआ जा सकता कि चढ़ावा चोरी के मामले की छानबीन विशेष जांच दल की ओर से की जा रही है, क्योंकि तरह-तरह के आरोप लगातार सामने आ रहे हैं। इन आरोपों से ट्रस्ट की छवि धूमिल हो रही है। चूंकि चढ़ावा चोरी के प्रकरण ने पूरे देश का ध्यान अपनी ओर आकृष्ट किया है, इसलिए राष्ट्रीय स्वयंवेवक संघ, विश्व हिंदू परिषद और भाजपा के साथ-साथ केंद्र एवं राज्य सरकार को भी यह देखना होगा कि इस मामले में वास्तव में दूध का दूध और पानी का पानी हो। आवश्यकता केवल इसकी नहीं है कि भक्तों के दान की राशि का हिसाब-किताब सही तरह से हो, बल्कि ऐसी कोई व्यवस्था बनाने की भी है कि दान राशि का उपयोग किन कार्यों में किया जाएगा?

# डिजिटल क्रांति के दौर में बढ़ते साइबर अपराध, बड़ी चुनौती






> चिंता केवल आर्थिक अपराधों तक सीमित नहीं है। हाल के दिनों में सोशल मीडिया मंचों पर बच्चों के यौन शोषण से जुड़ी सामग्री के प्रचार-प्रसार के आरोपों ने पूरी दुनिया को झकझोर दिया है। यदि लोकप्रिय डिजिटल मंचों पर पैसे लेकर ऐसे विज्ञापन प्रसारित हो सकते हैं, तो यह केवल तकनीकी त्रुटि नहीं बल्कि नैतिक और सामाजिक विफलता भी है।

डिजिटल क्रांति ने भारत को अभूतपूर्व गति, सुविधा और पारदर्शिता प्रदान की है। आज मोबाइल बैंकिंग, यूपीआई, ई-कॉमर्स, ऑनलाइन शिक्षा, डिजिटल स्वास्थ्य सेवाएं और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) ने सामान्य नागरिक के जीवन को सरल और सक्रिय बनाया है। भारत विश्व की सबसे बड़ी डिजिटल अर्थव्यवस्थाओं में तेजी से उभर रहा है और 'डिजिटल इंडिया' तथा 'विकसित भारत-2047' का सपना इसी तकनीकी परिवर्तन पर आधारित है। किंतु इस उजले परिदृश्य के समानांतर एक भयावह अंधेरा भी तेजी से फैल रहा है-साइबर अपराधों का बढ़ता साम्राज्य। डिजिटल अरेस्ट, ऑनलाइन वित्तीय ठगी, फिशिंग, पहचान की चोरी, निवेश घोटाले, व्यक्तिगत गोपनीयता पर सेंध, सोशल मीडिया के माध्यम से अपराध, बाल यौन शोषण सामग्री का प्रसार और कृत्रिम बुद्धिमत्ता का दुरुपयोग आज केवल तकनीकी समस्या नहीं, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा, आर्थिक स्थिरता और सामाजिक नैतिकता के लिए गंभीर चुनौती बन चुके हैं। विडंबना यह है कि जिस तकनीक का उद्देश्य मनुष्य के जीवन को सुरक्षित, सुविधाजनक और ज्ञानसमृद्ध बनाना था, वही तकनीक अपराधियों के लिए सबसे प्रभावी हथियार बनती जा रही है। इंटरनेट की असीम संभावनाओं का लाभ जितनी तेजी से समाज ने उठाया है, उतनी ही तेजी से अपराधियों ने भी उसे अपने हित में ढाल लिया है। परिणामस्वरूप डिजिटल दुनिया में विश्वास का संकट गहराता जा रहा है।

डिजिटल व्यवस्था की सबसे बड़ी पूंजी विश्वास है। जब कोई नागरिक मोबाइल पर क्यूआर कोड स्कैन करता है, यूपीआई से भुगतान करता है या किसी ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर निवेश करता है, तब वह केवल तकनीक पर नहीं, बल्कि पूरे डिजिटल तंत्र की विश्वसनीयता पर भरोसा करता है। यदि यही भरोसा लगातार साइबर ठगी, फर्जी कॉल, फिशिंग, नितांत व्यक्तिगत सूचनाओं के सार्वजनिक होने के भय, निवेश घोटालों और पहचान की चोरी जैसी घटनाओं से टूटने लगे, तो डिजिटल अर्थव्यवस्था की नींव कमजोर पड़ जाएगी। जिस प्रकार नकली मुद्रा का प्रसार पूरी आर्थिक व्यवस्था को संकट में डाल देता है, उसी प्रकार डिजिटल धोखाधड़ी का बढ़ना कैशलेस अर्थव्यवस्था की अवधारणा को कमजोर कर सकता है। परंपरागत अपराधों और साइबर अपराधों में मूलभूत अंतर है। पहले अपराध किसी निश्चित क्षेत्र तक सीमित रहते थे, अपराधी की पहचान और गिरफ्तारी की संभावना अपेक्षाकृत अधिक होती थी। आज साइबर अपराधी हजारों किलोमीटर दूर बैठकर कुछ ही मिनटों में लाखों लोगों तक पहुंच सकता है। उसके लिए जोखिम न्यूनतम और लाभ अधिकतम है। यही असंतुलन साइबर अपराध को अत्यंत खतरनाक बनाता है। अपराध का यह नया स्वरूप सीमाओं, भाषाओं और कानूनों की पारंपरिक सीमाओं को भी चुनौती दे रहा है। प्रश्न यह भी है कि क्या सोशल मीडिया कंपनियां केवल स्वयं को तकनीकी मंच कहकर अपनी जिम्मेदारी से मुक्त हो सकती हैं? जब कृत्रिम बुद्धिमत्ता और एल्गोरिद्म यह तय करते हैं कि कौन-सा विज्ञापन किस व्यक्ति तक पहुंचेगा, तब उन मंचों की जवाबदेही भी उतनी ही बड़ी हो जाती है। आज अनेक डिजिटल प्लेटफॉर्म आपत्तिजनक सामग्री हटाने का दावा करते हैं, किंतु व्यवहार में उनकी प्राथमिकता कई बार राजस्व और व्यावसायिक हित प्रतीत होती है। यदि बाल यौन शोषण, अश्लीलता, साइबर ठगी या संगठित अपराध से जुड़े विज्ञापन और सामग्री लंबे समय तक सक्रिय रह सकते हैं, तो यह केवल अपराधियों की सफलता नहीं, बल्कि डिजिटल मंचों की जवाबदेही पर भी गंभीर प्रश्नचिह्न है। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और सामाजिक उत्तरदायित्व के बीच संतुलन बनाए बिना डिजिटल समाज स्वस्थ नहीं रह सकता। साइबर अपराध का सबसे दुखद पक्ष पीड़ित की मानसिक पीड़ा है। जीवनभर की बचत कुछ मिनटों में गायब हो जाती है। इसके बाद पुलिस, बैंक और साइबर हेल्पलाइन के चक्कर लगते हैं, लेकिन समय पर कार्रवाई नहीं होने के कारण अधिकांश मामलों में धन वापस नहीं मिल पाता। इससे नागरिक के भीतर व्यवस्था के प्रति अविश्वास पैदा होता है। यदि अपराधी को दंड न मिले और पीड़ित को राहत न मिले, तो कानून का भय भी समाप्त होने लगता है। भारत सरकार ने साइबर सुरक्षा को मजबूत करने के लिए अनेक कदम उठाए हैं। राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल, हेल्पलाइन, साइबर क्राइम समन्वय केंद्र तथा डिजिटल सुरक्षा संबंधी अनेक पहलें शुरू की गई हैं। न्यायपालिका ने भी ऑनलाइन धोखाधड़ी को आर्थिक सुरक्षा से जोड़कर गंभीर चिंता व्यक्त की है। फिर भी नीति और उसके प्रभावी क्रियान्वयन के बीच बड़ी दूरी दिखाई देती है। शिकायत दर्ज होने के बाद शुरुआती कुछ घंटे सबसे महत्वपूर्ण होते हैं। यदि इसी अवधि में बैंक खाते फ्रीज कर दिए जाएं और धन के प्रवाह को रोक दिया जाए तो बड़ी राशि बचाई जा सकती है। लेकिन अक्सर कार्रवाई में देरी अपराधियों के पक्ष में चली जाती है।

डिजिटल सुरक्षा अब केवल पुलिस का विषय नहीं रही। यह आर्थिक नीति, राष्ट्रीय सुरक्षा, शिक्षा, प्रशासन और अंतरराष्ट्रीय सहयोग से जुड़ा बहुआयामी प्रश्न बन चुकी है। विकसित देशों ने साइबर सुरक्षा को राष्ट्रीय सुरक्षा के समान महत्व दिया है। विशेष एजेंसियां, अत्याधुनिक तकनीक, प्रशिक्षित विशेषज्ञ, रियल टाइम डेटा साझा करने की व्यवस्था और कठोर दंडात्मक कानून वहां की व्यवस्था का हिस्सा हैं। भारत को भी इसी दिशा में और अधिक सुदृढ़ कदम उठाने होंगे।

**ललित गर्ग**

## कहा कि किसी भी ...

अदिति फीचर्स

# नई राजनीतिक पहल का ऐलान: 'सर्वजन विकास पार्टी' के गठन की घोषणा

RSVP
राष्ट्रीय सर्वजन विकास पार्टी
ना कोई आम, ना कोई खास।
देश को चाहिए सर्वजन विकास॥

रांची/नई दिल्ली। देश की वर्तमान राजनीतिक परिस्थितियों, सामाजिक असमानताओं, भ्रष्टाचार, बेरोजगारी, किसानों और मजदूरों की समस्याओं तथा लोकतांत्रिक संस्थाओं की कार्यप्रणाली को लेकर बढ़ती चिंताओं के बीच सामाजिक कार्यकर्ता एवं पत्रकार अशोक कुमार झा ने एक नई राजनीतिक पार्टी "सर्वजन विकास पार्टी" के गठन की घोषणा की है। पार्टी के संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक कुमार झा ने देशवासियों के नाम जारी एक विस्तृत संदेश में दावा किया कि उनकी पार्टी का उद्देश्य समाज में व्याप्त अन्याय, भ्रष्टाचार, शोषण और असमानता के खिलाफ जनआंदोलन खड़ा करना है।

अशोक कुमार झा ने कहा कि देश की राजनीति को एक नई दिशा देने की आवश्यकता है। उनके अनुसार लोकतंत्र का मूल उद्देश्य आम नागरिकों, किसानों, मजदूरों, युवाओं, महिलाओं और वंचित वर्गों को न्याय तथा सम्मानजनक जीवन प्रदान करना होना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि वर्तमान राजनीतिक व्यवस्था आम लोगों की अपेक्षाओं पर खरी नहीं उतर रही है और सत्ता का केंद्र धीरे-धीरे आम जनता से दूर होता जा रहा है।

अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि उनकी नई पार्टी किसी विशेष वर्ग, जाति, धर्म या क्षेत्र की नहीं, बल्कि पूरे देश के उन लोगों की पार्टी होगी जो न्यायपूर्ण और पारदर्शी शासन व्यवस्था की स्थापना चाहते हैं। उन्होंने दावा किया कि "सर्वजन विकास पार्टी" का मूल उद्देश्य देश के अंतिम व्यक्ति तक विकास की रोशनी पहुंचाना, भ्रष्टाचार के खिलाफ निर्णायक संघर्ष करना तथा लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत बनाना होगा।

उन्होंने कहा कि देश के स्वतंत्रता सेनानियों और क्रांतिकारियों ने जिस भारत का सपना देखा था, उसमें सामाजिक न्याय, आर्थिक समानता और नागरिक अधिकारों की सर्वोच्चता होनी चाहिए थी। उन्होंने शहीद भगत सिंह, राजगुरु, चंद्रशेखर आजाद, खुदीराम बोस और तात्या टोपे जैसे स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों का उल्लेख करते हुए कहा कि उनके आदर्श आज भी देश के युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत हैं। अशोक कुमार झा ने कहा कि देश में किसानों की समस्याएं लगातार बढ़ रही हैं। खेती की लागत बढ़ रही है जबकि आमदनी अपेक्षित स्तर तक नहीं पहुंच पा रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर सीमित हैं और बड़ी संख्या में युवा बेहतर भविष्य की तलाश में पलायन करने को मजबूर हैं। उन्होंने कहा कि यदि लोकतंत्र को मजबूत बनाना है तो गांव, किसान और मजदूर को विकास की मुख्यधारा में लाना होगा। उन्होंने यह भी कहा कि देश के गरीब और वंचित वर्गों को केवल चुनावी वादों से नहीं बल्कि ठोस नीतियों और प्रभावी क्रियान्वयन से न्याय मिल सकता है। उनकी पार्टी शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, कृषि, सामाजिक सुरक्षा और प्रशासनिक सुधारों को अपनी प्राथमिकताओं में शामिल करेगी। अपने संदेश में उन्होंने नागरिकों से लोकतांत्रिक और संवैधानिक तरीकों से जनभागीदारी बढ़ाने की अपील की। उन्होंने कहा कि किसी भी बड़े परिवर्तन की शुरुआत जनता की जागरूकता और सहभागिता से होती है। उन्होंने देश के युवाओं, किसानों, मजदूरों, शिक्षकों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, बुद्धिजीवियों और आम नागरिकों से पार्टी के साथ जुड़ने का आह्वान किया। अशोक कुमार झा ने कहा कि उनकी राजनीतिक पहल किसी व्यक्ति विशेष के खिलाफ नहीं बल्कि उन समस्याओं के खिलाफ है जो लंबे समय से देश के विकास और सामाजिक न्याय के रास्ते में बाधा बनी हुई हैं। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में असहमति और वैचारिक संघर्ष स्वाभाविक हैं, लेकिन अंतिम लक्ष्य देश और समाज का कल्याण होना चाहिए। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यदि देश की जनता संगठित होकर भ्रष्टाचार, अन्याय, शोषण और असमानता के खिलाफ लोकतांत्रिक संघर्ष करेगी तो एक अधिक न्यायपूर्ण, समतामूलक और विकसित राष्ट्र का निर्माण संभव होगा। उन्होंने कहा कि "सर्वजन विकास पार्टी" का प्रयास केवल चुनावी राजनीति तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि सामाजिक जागरूकता, जनसरोकारों और व्यवस्था सुधार के लिए निरंतर अभियान चलाया जाएगा।

# गाज़ियाबाद की फरजाना ने विद्युत सखी बनकर ग्रामीण महिला स्वावलंबन की दी मिसाल

उत्तर प्रदेश के ग्रामीण अंचलों में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन आर्थिक और सामाजिक बदलाव की एक प्रभावशाली क्रांति ला रहा है। प्रदेश सरकार द्वारा संचालित इस मिशन का उद्देश्य ग्रामीण गरीब परिवारों को केवल वित्तीय अनुदान देने तक सीमित रखना नहीं है, बल्कि उन्हें स्थायी आजीविका के विविध अवसरों से जोड़कर विकास की मुख्यधारा में स्थापित करना है।

इस महत्वाकांक्षी अभियान के केंद्र बिंदु में ग्रामीण महिलाएं हैं, जिन्हें स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) के रूप में संगठित कर एक शक्तिशाली सामाजिक और वित्तीय नेटवर्क में बदला जा रहा है। ये समूह महिलाओं को एक ऐसा प्रगतिशील और सुरक्षित मंच प्रदान करते हैं, जहाँ वे अपनी छोटी-छोटी बचत को एकत्रित कर सकती हैं। इन समूहों के माध्यम से आपस में ही आसान शर्तों पर आंतरिक ऋण की व्यवस्था होती है, जिससे सदस्य महिलाएं अपनी तात्कालिक आवश्यकताओं को बिना किसी बाहरी निर्भरता के पूरा कर पाती हैं। इस स्वावलंबी व्यवस्था ने ग्रामीण महिलाओं को पारंपरिक साहूकारों और बिचौलियों के सामाजिक व आर्थिक शोषण से पूरी तरह मुक्त कर दिया है। मिशन के तहत ग्रामीण महिलाओं की कार्यकुशलता और निर्णय क्षमता बढ़ाने के लिए तकनीकी एवं व्यावसायिक कौशल विकास प्रशिक्षण भी दिए जा रहे हैं। स्वयं सहायता समूहों की वित्तीय स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए प्रदेश सरकार द्वारा 'रिवॉल्विंग फंड' और 'कम्युनिटी इन्वेस्टमेंट फंड' जैसी महत्वपूर्ण आर्थिक सहायता सीधे उनके बैंक खातों में हस्तांतरित की जा रही है। इस सुदृढ़ संबल का उपयोग करके महिलाएं सिलाई-कढ़ाई, डेयरी फार्मिंग और उन्नत हस्तशिल्प जैसे स्वरोजगार अपना रही हैं। वित्तीय समावेशन को और विस्तार देते हुए राज्य में 'बैंकिंग कॉरेस्पॉन्डेंट सखी' (बीसी सखी) और 'विद्युत सखी' जैसी अभिनव पहल लागू की गई हैं। इसके अंतर्गत महिलाओं को डिजिटल बैंकिंग का उच्च स्तरीय प्रशिक्षण देकर उन्हें स्वाइप मशीनों तथा मोबाइल ऐप्स से जोड़ा गया है। ये सखियां अब सुदूर गांवों में घर-घर जाकर वित्तीय सेवाएं दे रही हैं और बिजली बिल जमा कर रही हैं, जिससे ग्रामीण उपभोक्ताओं को शहरों या सब-स्टेशनों के चक्कर नहीं काटने पड़ते हैं।

ऐसी ही सरकारी योजनाओं के सफल लाभार्थियों में एक प्रेरणादायी उदाहरण गाजियाबाद जिले के मुरादनगर ब्लॉक स्थित ग्राम बसंतपुर सैथली की रहने वाली फरजाना का भी है। मेरठ जिले के माछरा गाँव के एक अत्यंत निर्धन परिवार में जन्मीं फरजाना का शुरुआती जीवन गहन संघर्षों में बीता। कम उम्र में माता के निधन के बाद उनके पिता ने रिक्शा चलाकर छह बच्चों का भरण-पोषण किया। विवाह के पश्चात बसंतपुर सैथली आने पर फरजाना के जीवन में वास्तविक और युगांतरकारी मोड़ वर्ष 2017 में आया, जब वे इस मिशन के तहत गठित 'आशीर्वाद सखी' स्वयं सहायता समूह से जुड़ीं।

शुरुआती बैठकों और तकनीकी बारीकियों को समझने में कठिनाइयों के बावजूद फरजाना ने हार नहीं मानी। योजना से मिले संबल और आत्मविश्वास के कारण उन्होंने अपनी अधूरी शिक्षा पुनः प्रारंभ की और वर्ष 2023 में स्नातक (बीए) की पढ़ाई सफलतापूर्वक पूरी की। इसके साथ ही उन्होंने ग्रामीण स्वच्छता अभियान में भी अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की।

वर्तमान में फरजाना 'महिला शक्ति' क्लस्टर और 'सफलता महिला प्रेरणा ग्राम संगठन' के अंतर्गत 'विद्युत सखी' के रूप में अपनी विशिष्ट पहचान बना चुकी हैं। वे घर-घर जाकर बिजली बिलों का संकलन करती हैं और उपभोक्ताओं को सरकारी योजनाओं की प्रामाणिक जानकारी देती हैं।

# मौन से संवाद की ओर

मन की उडान के आगे क्या सारे उडन खटोले पराजित नही है ? अनन्त आनन्द का निर्झर मिला, जिन्होने भी भीतर के कपाट खोले। हर कृत्रिम साधन की अपनी सीमा है, क्षमता है,मर्यादा है पर ऐसी कोई तराजू नहीं बनी है, जो भावों की असीम शक्ति को तोले। आज अभी हमें क्या करना है ? वर्तमान उज्ज्वल करना है । हम अतीत की स्मृतियां विस्मृत करें । हमारे द्वारा भावी की कभी कल्पना न हो। हम दो क्षण गहराई से सोचें कि आज हमें क्या करना है । वर्तमान की उज्ज्वलता से भूत चमकता हैं , भावी बनता है । हमको नकारात्मक चिंतन को छोड़ सकारात्मकता में बहना है। हमारा सह घोष यही हो कि वर्तमान उज्ज्वल करना है। इसीलिए अंतर्मन का जोश यही हो वर्तमान उज्ज्वल करना है । यह क्षण आनंद का क्षण है । इसी में हमको जीना है । मौन कभी - कभी गलतफहमी को जन्म देता हैं, जबकि संवाद समाधान लाता हैं । इसलिए चुप्पी के बजाय हम खुलकर सारी बात करें । फिर देखिए, विचारों का टकराव भी सुंदर समाधान में बदल जाएगा । शब्द चाहे तो मानव को ऊंचा उठा दे और ना चाहे तो नीचे गिरा दे । इसलिए हम अपने जीवन में इस बात का सदैव ध्यान रखे की वक्त से पहले बोले गए शब्द और मौसम से पहले तोड़े गए फल दोनो ही व्यर्थ होते है । हम सदैव तोल -मोल के बोले, मीठा बोले , कड़वा या किसी को तकलीफ देने वाला नहीं बोलें । क्योंकि जीवन में अच्छी भूमिका अच्छे लक्ष्य और अच्छे विचारों वालें आदि गुणों से सुसंपन्न लोगो को मन में भी, शब्दों में भी, और जीवन में भी हमेशा याद किया जाता हैं । वैसे भी इंसान का स्वभाव भाषा ,शब्दों एवं वाणी द्वारा समझा जाता है और मर्यादित स्वभाव सबको सुहाता है। मनुष्य के अंदर सबसे बड़ी शक्ति है तो वो उसके शब्द है । शब्दों की ताक़त एक परमाणु बंब से कम नहीं हैं । हम जो कुछ भी बोलते हैं वो ब्रह्मांड में परिक्रमा करते रहते हैं और वो नीयत समय पर अपना प्रभाव भी दिखाते हैं। वैसे हम सभी को विदित हैं कि हम समय-समय पर मंत्रों का उच्चारण करते हैं।वो शब्द ही होते हैं जिसका प्रभाव हमको किसी ने किसी रूप में ज़रूर दिखायी देता है। वो शब्द ही होते हैं जिसके कारण कोई हमारा अति प्रिय बन जाता है और कड़वे शब्द बोलने से कोई हमारा दुश्मन बन जाता हैं । वह अतीत में ज़रूरत के अनुसार विशेष ध्वनि के प्रयोग से बिन मौसम बरसात भी हो जाती थी और मंत्रों के उच्चारण से अग्नि भी प्रज्वलित हो जाती थी।

**› प्रदीप छाजेड़**

## जरा हटके

## प्रदेश में अब तक...

धर्मवीर खरे

# नव भारत साक्षरता अभियान के अन्तर्गत प्रदेश के 11.69 लाख लोग हुए साक्षर



उत्तर प्रदेश में शिक्षा को केवल विद्यालयों और महाविद्यालयों तक सीमित न रखकर समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का प्रयास लगातार तेज गति से आगे बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने शिक्षा को सामाजिक परिवर्तन, आत्मनिर्भरता और जनसशक्तीकरण का सबसे प्रभावी माध्यम मानते हुए अनेक अभिनव कार्य शुरू किये हैं। इन्हीं प्रयासों की श्रृंखला में संचालित नव भारत साक्षरता कार्यक्रम आज लाखों लोगों के जीवन में आशा, आत्मविश्वास और नए अवसरों का संचार कर रहा है।

निरक्षरता केवल अक्षरों को न पहचान पाने की स्थिति नहीं है, बल्कि यह सामाजिक, आर्थिक और व्यक्तिगत विकास की राह में एक बड़ी बाधा भी होती है। जो व्यक्ति पढ़ना-लिखना नहीं जानता, वह सरकारी योजनाओं की जानकारी प्राप्त करने, बैंकिंग सेवाओं का उपयोग करने, स्वास्थ्य संबंधी निर्देशों को समझने, बच्चों की शिक्षा में सहयोग देने और आधुनिक तकनीकी संसाधनों का लाभ उठाने में कठिनाई महसूस करता है। ऐसे में साक्षरता केवल शिक्षा नहीं, बल्कि सम्मानजनक जीवन और आत्मनिर्भरता की कुंजी बन जाती है।

इसी सोच के साथ उत्तर प्रदेश में 15 वर्ष से अधिक आयु के असाक्षर नागरिकों को साक्षर बनाने के लिए व्यापक स्तर पर ''नव भारत साक्षरता कार्यक्रम'' संचालित किया जा रहा है। इस अभियान ने बीते वर्षों में उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। वर्ष 2022-23 से 2025-26 तक आयोजित साक्षरता मूल्यांकन परीक्षाओं में कुल 13,81,530 प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिनमें से 11,68,292 प्रतिभागियों ने सफलतापूर्वक साक्षरता प्राप्त की। यह उपलब्धि केवल आंकड़ों तक सीमित नहीं है, बल्कि लाखों परिवारों के जीवन में आए सकारात्मक बदलाव की कहानी भी है। प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी का मानना है कि विकसित उत्तर प्रदेश और विकसित भारत का सपना तभी साकार हो सकता है, जब समाज का प्रत्येक व्यक्ति शिक्षा से जुड़ा हो। यही कारण है कि प्रदेश में शिक्षा के क्षेत्र में स्कूलों के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने, डिजिटल शिक्षा को बढ़ावा देने, निपुण भारत मिशन को लागू करने और उच्च शिक्षा संस्थानों के विस्तार के साथ-साथ वयस्क साक्षरता पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। नव भारत साक्षरता कार्यक्रम इसी व्यापक दृष्टिकोण का महत्वपूर्ण हिस्सा है। इस अभियान की सबसे बड़ी विशेषता इसकी सामुदायिक भागीदारी है। कार्यक्रम के अंतर्गत पहले असाक्षर व्यक्तियों की पहचान की जाती है। इसके बाद प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर्स द्वारा वालंटियर्स को प्रशिक्षण दिया जाता है। यही वालंटियर्स गांवों, कस्बों और शहरी क्षेत्रों में साक्षरता कक्षाओं का संचालन करते हैं। शिक्षण कार्य ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यमों से संचालित किया जाता है, जिससे अधिक से अधिक लोगों तक पहुंच सुनिश्चित हो सके।

कार्यक्रम का उद्देश्य केवल लोगों को पढ़ना-लिखना सिखाना नहीं है। इसके माध्यम से प्रतिभागियों को गणना, दैनिक जीवन में उपयोगी जानकारी, वित्तीय साक्षरता, सामाजिक जागरूकता और नागरिक कर्तव्यों से भी परिचित कराया जाता है। इससे वे न केवल अक्षर ज्ञान प्राप्त करते हैं, बल्कि अपने जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में अधिक आत्मविश्वास के साथ निर्णय लेने में सक्षम बनते हैं। उत्तर प्रदेश जैसे विशाल और विविधतापूर्ण राज्य में वयस्क साक्षरता अभियान को प्रभावी ढंग से संचालित करना एक बड़ी चुनौती है। प्रदेश के कई ग्रामीण क्षेत्रों में ऐसे लोग हैं जो आर्थिक, सामाजिक या पारिवारिक कारणों से कभी विद्यालय नहीं जा सके। कई महिलाओं को भी शिक्षा प्राप्त करने का अवसर नहीं मिला। नव भारत साक्षरता कार्यक्रम ने ऐसे लोगों तक पहुंचकर उन्हें शिक्षा से जोड़ने का महत्वपूर्ण कार्य किया है।

इस साक्षरता कार्यक्रम में विशेष रूप से महिलाओं की भागीदारी इस अभियान की बड़ी उपलब्धि रही है। जब कोई महिला साक्षर बनती है तो उसका प्रभाव केवल उसके व्यक्तिगत जीवन तक सीमित नहीं रहता, बल्कि पूरे परिवार पर पड़ता है। साक्षर महिला अपने बच्चों की शिक्षा के प्रति अधिक जागरूक होती है, स्वास्थ्य संबंधी जानकारी को बेहतर ढंग से समझती है और आर्थिक गतिविधियों में भी अधिक सक्रिय भूमिका निभा सकती है। इस दृष्टि से यह अभियान महिला सशक्तीकरण का भी एक प्रभावी माध्यम बनकर उभरा है। साक्षरता का सीधा संबंध आर्थिक विकास से भी है। आज के समय में बैंकिंग सेवाओं, डिजिटल भुगतान, सरकारी योजनाओं और रोजगार के अवसरों का लाभ उठाने के लिए बुनियादी शिक्षा आवश्यक हो गई है। साक्षर व्यक्ति सरकारी दस्तावेजों को समझ सकता है, आवेदन पत्र भर सकता है और डिजिटल प्लेटफॉर्म का उपयोग कर सकता है। इससे उसकी आर्थिक भागीदारी बढ़ती है और आत्मनिर्भरता को बल मिलता है।

प्रदेश में अब तक आयोजित सात साक्षरता मूल्यांकन परीक्षाएं इस कार्यक्रम की सफलता का प्रमाण हैं। वर्ष 2022-23 में जहां लगभग 1.46 लाख प्रतिभागियों ने परीक्षा में भाग लिया, वहीं वर्ष 2025-26 तक यह संख्या बढ़कर 4.01 लाख से अधिक हो गई। समाज के इस अभियान के प्रति लोगों का विश्वास और सहभागिता लगातार बढ़ रही है।

# नेहरू सरकार की तुष्टिकरण की नीति के खिलाफ डॉ. मुखर्जी ने किया था शंखनाद: मुख्यमंत्री

# 'पशिचम बंगाल भारत का हिस्सा है तो उसमें डॉ. मुखर्जी की भूमिका अहम'

**माल्यार्पण**

- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती पर निवेदित की श्रद्धा, प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

हेमन्त कृष्ण

तमसा संकेत, लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को भारत माता का महान सपूत, प्रखर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, शिक्षाविद् बताया। मुख्यमंत्री ने कहा कि अनुच्छेद-370 के खिलाफ नेहरू सरकार की



तुष्टिकरण की वह नीति, जो देश की एकता और अखंडता को चुनौती दे रही थी, डॉ. मुखर्जी ने उसके खिलाफ शंखनाद किया था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की भाजपा सरकार ने 2019 में कश्मीर में अनुच्छेद-370 समाप्त कर डॉ. मुखर्जी के सपनों को साकार किया और कश्मीर में भी बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर द्वारा बनाए गए संविधान को प्रभावी ढंग से लागू किया गया। सीएम योगी ने कहा कि डॉ. मुखर्जी ने जिस पश्चिम बंगाल को पाकिस्तान के खूनी पंजे से बचाने में महती भूमिका का निर्वहन किया, वही पश्चिम बंगाल आज श्यामा प्रसाद

**देश की अखंडता के लिए सत्ता की राजनीति को तिलांजलि देते हुए सरकार से अलग हो गए थे डॉ. मुखर्जी: मुख्यमंत्री**

**मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने देश के पहले उद्योग एवं आपूर्ति मंत्री डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को उनकी 125वीं जयंती पर उनके प्रति श्रद्धा निवेदित की। सीएम योगी ने सिविल अस्पताल स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण व पुष्पार्चन भी किया।**

मुखर्जी को अपना आदर्श मानने वाली भाजपा के शासन का हिस्सा बना है। डबल इंजन सरकार पश्चिम बंगाल में डॉ. मुखर्जी से जुड़े स्थलों के पुनरुद्धार के लिए कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जन्म 1901 में बंगाल में हुआ था। उच्च शिक्षा अर्जित करने के साथ ही प्राध्यापक के रूप में उन्होंने जीवन की शुरुआत की।

### पशिचम बंगाल भारत का हिस्सा है तो उसमें डॉ. मुखर्जी की भूमिका अहम

मुख्यमंत्री ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी आजादी के आंदोलन में प्रमुखता से जुड़े। बंगाल को जब पाकिस्तान का हिस्सा बनाने की चालें चली जा रही थीं, तो श्यामा प्रसाद मुखर्जी इसके खिलाफ खड़े हुए। आज का पश्चिम बंगाल यदि भारत का हिस्सा है तो इसमें जिन महान नेताओं ने खुद को समर्पित कर आंदोलन का हिस्सा बनाया और इसके खिलाफ आवाज बुलंद की, उसमें डॉ. मुखर्जी का नाम प्रमुखता से लिया जा सकता है। उन्होंने स्वतंत्र भारत के मंत्री के रूप में खाद्य नीति व उद्योग नीति को प्रमुखता से लागू किया।



### देश की अखंडता के लिए सरकार से भी अलग हो गए थे डॉ. मुखर्जी

सीएम ने कहा कि जब नेहरू सरकार की तुष्टिकरण की नीति देश की अखंडता के सामने चुनौती बनी तो सत्ता की राजनीति को तिलांजलि देते हुए वे सरकार से अलग हो गए। भारतीय जनसंघ के गठन के बाद संस्थापक अध्यक्ष के रूप में राष्ट्र की अखंडता के लिए उन्होंने 'एक देश में दो विधान, दो प्रधान व दो निशान नहीं चलेगा' का उद्घोष करते हुए कश्मीर की परमिट प्रणाली का विरोध किया। इस पर उन्हें गिरफ्तार किया गया। 1953 में कश्मीर में ही उनका बलिदान हो गया।

# प्रत्येक जनपद में हज यात्रा 2027 हेतु जागरूकता के लिए बैठक सम्पन्न

तमसा संकेत, संवाददाता

लखनऊ। उ0प्र0 राज्य हज समिति की एक बैठक आज मौलाना अली मियां मेमोरियल हज हाउस सरोजनीनगर, लखनऊ पर श्री दानिश आज़ाद अंसारी, मा0 राज्य मंत्री अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज उ0प्र0 व मा0 अध्यक्ष उ0प्र0 राज्य हज समिति की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में हज-2026 की समीक्षा की गयी जिसके सफलतापूर्वक सम्पन्न होने पर सभी का आभार व्यक्त किया गया व आगामी हज-2027 के सम्बन्ध में अब तक की प्रगति व सुविधाजनक बनाने हेतु सुझाव व आवष्यक निर्देष दिये गये।

हज हाउस को हज यात्रियों हेतु सुविधाजनक व भव्य बनाने व हज हाउस की आय बढ़ाने हेतु कुछ आवश्यक निर्माण कार्यों को प्रस्तावित किया गया। प्रत्येक ज़िले में हज समिति के मा0 सदस्यों को दौरे कर धमगुरुओं/ज़िले के कुछ प्रतिष्ठित/सामाजिक व्यक्तियों के साथ बैठक कर इच्छुक हज यात्रियों



को हज-2027 हेतु आवेदन करने हेतु जागरुकता बढ़ाने के प्रस्ताव पर सहमति बनी। हज कमेटी को सोशल मीडिया प्लेटफार्म जैसे यू-ट्यूब/ट्विटर/फेसबुक/इंस्ट्राग्राम आदि से जोड़कर प्रचार-प्रसार एवं सूचनाएं हज यात्रियों तक सुविधा-जनक पहुँचाने का निर्णय लिया गया। हज सत्र-2027 में यात्रियों को रुम सर्विस के रुप में भोजन सुविधा उपलब्ध कराने व स्मार्ट वॉच के स्थान पर अन्य विकल्प पर विचार किया गया। किस प्रकार प्रदेष से जाने वाले यात्रियों को हज-2026 से और अच्छी सुविधा पहुँचाई जाए इस पर सभी सदस्यों द्वारा विचार-विमर्श करते हुए संकल्प लिया गया।

**फास्ट न्यूज**

### फ्लाइट का टिकट कैंसिल करने पर पत्नी ने सुसाइड किया

लखनऊ। लखनऊ में निजी बैंक के डिप्टी मैनेजर की पत्नी ने शनिवार को सुसाइड कर लिया। दोनों की 4 महीने पहले 26 फरवरी को शादी हुई थी। पति कमलाकांत का दावा है कि पत्नी सोनाली (24) के साथ हनीमून के लिए फ्लाइट से कश्मीर जाने वाले थे। अचानक फ्लाइट का टिकट कैंसिल कर ट्रेन टिकट करानी पड़ी। इससे पत्नी नाराज हो गई। अगले दिन उसने फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया।

### लखनऊ में पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर 2 दोस्तों की मौत

लखनऊ। लखनऊ के गोसाईगंज थाना क्षेत्र में पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर अज्ञात वाहन ने बाइक सवार दो युवकों को टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। सोमवार सुबह करीब 10 बजे परिवारवालों को जानकारी हुई, जिसके बाद पुलिस ने दोपहर करीब 2:00 बजे दोनों शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मृतकों की पहचान 22 वर्षीय अनुज पाल उर्फ हनी और 22 वर्षीय नितिन शर्मा के रूप में हुई। दोनों दोस्त थे। 4 जुलाई की रात बाइक से घर से निकले थे। परिवार वालों को उन्होंने अलग-अलग वजह बताई थी।

### राम मंदिर चढ़ावा मामले में हाईकोर्ट में याचिका खारिज

लखनऊ। अयोध्या के श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के दानपात्रों से चढ़ावा चोरी के आरोपों को लेकर दाखिल जनहित 3 याचिकाओं पर सोमवार को इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच में सुनवाई करने से इन्कार कर दिया। पहली याचिका अधिवक्ता मोहित अशोक, दूसरी अधिवक्ता मोतीलाल यादव और तीसरी एक अन्य याचिकाकर्ता द्वारा दाखिल की गई थी।

## बीजेपी के रोड-शो में हनुमान बनकर नाचा कलाकार

### चंडीगढ़ में नितिन नवीन की शिकायत

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ। लखनऊ में भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन के रोड शो पर विवाद खड़ा हो गया है। रोड शो के दौरान बजरंगबली की वेशभूषा में एक कलाकार ने भाजपा का झंडा लेकर डांस किया था। पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट के वकील तथा 'काउंसिल ऑफ लॉयर्स' के चेयरमैन एडवोकेट वासु रंजन ने सोमवार दोपहर 12:55 बजे चंडीगढ़ DGP और SSP को ईमेल के जरिए शिकायत भेजी है। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि BJP के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के रोड शो के दौरान भगवान हनुमान का वेश धारण किए व्यक्ति को उनके आगे नचाया गया, जिससे करोड़ों हिंदुओं की धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं। शिकायतकर्ता ने इसे भगवान हनुमान के पावन स्वरूप का अनुचित और अपमानजनक



इस्तेमाल बताया है। शिकायत में संबंधित लोगों के खिलाफ धार्मिक भावनाएं आहत करने के आरोप में तत्काल FIR दर्ज करने, मामले की निष्पक्ष जांच कराने और घटना से जुड़े सभी डिजिटल व अन्य सबूत सुरक्षित रखने की मांग की गई है।

हनुमान हिंदुओं के लिए सबसे पूजनीय देवताः एडवोकेट वासु रंजन ने शिकायत में कहा कि भगवान हनुमान हिंदुओं के लिए सबसे पूजनीय देवताओं में से एक हैं। राजनीतिक प्रचार और प्रोपेगेंडा के लिए उनकी पवित्र वेशभूषा का उपयोग भक्तों की धार्मिक भावनाओं का सीधा अपमान है ।

### सपा प्रमुख बोले- बूथ स्तर तक संगठन मजबूत करें, भाजपा लोकतांत्रिक संस्थाओं को कमजोर करने में जुटी

# 2027 का विधानसभा चुनाव लोकतंत्र बचाने की लड़ाई होगा'

तमसा संकेत, संवाददाता

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि वर्ष 2027 का उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के लिए बेहद महत्वपूर्ण होगा। उन्होंने दावा किया कि यदि समाजवादी पार्टी चुनाव नहीं जीतती है तो यह लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए गंभीर चुनौती साबित हो सकता है। उन्होंने भाजपा पर लोकतंत्र को कमजोर करने और चुनावी प्रक्रिया को प्रभावित करने का आरोप भी लगाया। सोमवार को लखनऊ स्थित समाजवादी पार्टी के राज्य मुख्यालय में आयोजित बैठक में अखिलेश यादव ने सांसदों, विधायकों, पूर्व विधायकों, पदाधिकारियों तथा बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं को संबोधित



किया। उन्होंने संगठन को जमीनी स्तर तक मजबूत करने और प्रत्येक बूथ पर सक्रियता बढ़ाने का आह्वान किया। अखिलेश यादव ने कहा कि संसद का आगामी जुलाई सत्र कई महत्वपूर्ण मुद्दों के कारण अहम रहने वाला है। उन्होंने दावा किया कि लोकसभा चुनाव में भाजपा को मिली चुनौती के बाद पार्टी में घबराहट है और इसी कारण वह लगातार राजनीतिक रणनीतियां बदल रही है।

उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश सरकार ने कोई नया बड़ा विकास कार्य नहीं किया है और समाजवादी पार्टी की सरकार में शुरू हुई परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास कर उन्हें अपनी उपलब्धि बताने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता सरकार से नाराज है और 2027 के विधानसभा चुनाव में बदलाव का मन बना चुकी है।

**सपा प्रमुख ने कहा कि उनकी पार्टी महिला आरक्षण का समर्थन करती है, लेकिन भाजपा महिला आरक्षण और परिसीमन के नाम पर निर्वाचन क्षेत्रों में मनमाना बदलाव करना चाहती है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा की मंशा केवल अपने राजनीतिक हित साधने की है।**



### भाजपा पर लगाए चुनावी साजिश के आरोप

अखिलेश यादव ने आरोप लगाया कि भाजपा चुनाव जीतने के लिए विभिन्न प्रकार की रणनीतियां और षड्यंत्र अपनाती है। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल में केंद्रीय एजेंसियों और प्रशासन का दुरुपयोग कर चुनावी लाभ लेने की कोशिश की गई। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में प्रशासनिक स्तर पर होने वाली संभावित चुनौतियों के प्रति सतर्क रहें और संगठनात्मक मजबूती के साथ उनका मुकाबला करें।

बैठक के अंत में अखिलेश यादव ने सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने, मतदाताओं के बीच लगातार संपर्क बनाए रखने तथा चुनाव की तैयारियों में पूरी सक्रियता से जुटने का आह्वान किया।

### उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, मध्य प्रदेश एवं महाराष्ट्र के बीच रेल संपर्क बेहतर हुआ

# ट्रेन सेवा का शाहजहाँपुर तक विस्तार का शुभारंभ

- केंद्रीय मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव, मुख्यमंत्री, उत्तराखंड श्री पुष्कर सिंह धामी, मुख्यमंत्री, महाराष्ट्र श्री देवेंद्र फडणवीस, केंद्रीय रेल राज्य मंत्री श्री रवनीत सिंह, केंद्रीय राज्य मंत्री श्री जितिन प्रसाद एवं केंद्रीय राज्य मंत्री श्री अजय टम्टा ने ट्रेनों को हरी झंडी दिखाई

तमसा संकेत, संवाददाता

बरेली। केंद्रीय मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव, मुख्यमंत्री, उत्तराखंड श्री पुष्कर सिंह धामी, मुख्यमंत्री,




महाराष्ट्र श्री देवेंद्र फडणवीस, केंद्रीय रेल राज्य मंत्री श्री रवनीत सिंह, केंद्रीय राज्य मंत्री श्री जितिन प्रसाद एवं केंद्रीय राज्य मंत्री श्री अजय टम्टा ने 06 जुलाई,2026 को टनकपुर, नांदेड एवं पीलीभीत स्टेशन से टनकपुर-नांदेड एक्सप्रेस, नांदेड-मुंबई एक्सप्रेस तथा टनकपुर-पीलीभीत ट्रेन सेवा का शाहजहाँपुर तक विस्तार का शुभारंभ हरी झंडी दिखाकर किया।

समारोह को सम्बोधित करते हुये केन्द्रीय रेलमंत्री श्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि नांदेड के धार्मिक महत्व एवं जन भावनाओं को देखते हुए टनकपुर-नांदेड एक्सप्रेस एवं नांदेड-मुंबई एक्सप्रेस ट्रेनों के संचलन को स्वीकृति प्रदान की गयी और आज इन गाड़ियों का संचलन प्रारंभ किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त आज टनकपुर-पीलीभीत ट्रेन सेवा का शाहजहाँपुर तक विस्तार का शुभारंभ किया जा रहा है। भारतीय रेल में ट्रांसमेशन का कार्य तेजी से चल रहा है। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने रेलवे पर विशेष ध्यान दिया है तथा प्रत्येक राज्य को पहले से कई गुना बजट आवंटित किया जा रहा है। पिछले 12 वर्षों में 37000 किमी. नये टैक बनाये गये तथा 99.6 प्रतिशत विद्युतीकरण का कार्य पूरा हो चुका है, शेष शीघ्र ही पूरा कर लिया जायेगा। बुलेट ट्रेन परियोजना पर कार्य तेजी से चल रहा है। अगले वर्ष बुलेट ट्रेन चालू हो जायेगी ।





### नरेन्द्र मोदी के प्रति आभार

मुख्यमंत्री, उत्तराखंड श्री पुष्कर सिंह धामी ने टनकपुर-नांदेड एक्सप्रेस तथा टनकपुर-पीलीभीत ट्रेन सेवा का शाहजहाँपुर तक विस्तार के लिए माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा की आज का दिन उत्तराखंड, विशेष रूप से कुमायूं क्षेत्र के लिये अत्यन्त महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक है। टनकपुर-नांदेड एक्सप्रेस का शुभारम्भ ही नही वरन् उत्तर एवं दक्षिण भारत के बीच आस्था, विकास, पर्यटन एवं सांस्कृतिक एकता का एक सशक्त सेतु है। टनकपुर कुमायूं क्षेत्र का प्रवेश द्वार है। यहीं से मार्ग पूर्णागिरि मंदिर, आदिकैलाश जाता है। यहाँ की जनता की काफी दिनों से मांग थी कि मध्य एवं दक्षिण भारत के लिये ट्रेन चलाई जाय, जिससे महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, उत्तर प्रदेश के महत्वपूर्ण नगरों को जोड़ते हुये उत्तराखण्ड पहुंचा जा सके। इस ट्रेन के संचलन से महाराष्ट्र से उत्तराखण्ड आने वाले यात्रियों को काफी सुविधा होगी। उत्तराखण्ड के स्थानीय उत्पादों को नया बाजार मिलेगा।

> **"टनकपुर में समारोह को संबोधित करते हुए रेल राज्य मंत्री श्री रवनीत सिंह ने टनकपुर-नांदेड एक्सप्रेस, नांदेड-मुंबई एक्सप्रेस तथा टनकपुर-पीलीभीत ट्रेन सेवा के शाहजहाँपुर तक विस्तार के शुभारम्भ पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुये माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी एवं माननीय रेल मंत्री श्री अश्वनी वैष्णव जी के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यहाँ पर गुरु नानकदेव जी, गुरु हरगोविन्द सिंह जी आये थे और यहाँ के लोग अब सीधे 10वें गुरु गुरुगोविन्द सिंह की पवित्र धरती नांदेड पहुंच सकेंगे। टनकपुर-नांदेड एवं नांदेड-मुंबई एक्सप्रेस के चलने से सिख श्रद्धालुओं सहित क्षेत्र की बहुप्रतीक्षित मांग पूरी हुयी।**

**उद्घाटन :** प्रयागराज में डिप्टी सीएम पूजा पाल का नाम भूले, हनुमान मंदिर में पूजा-अर्चना की

# आज की अयोध्या भक्तों के तप संघर्ष का परिणाम : योगी

तमसा संकेत, एजेंसी

प्रयागराज। सीएम योगी आदित्यनाथ सोमवार को प्रयागराज पहुंचे। कालीघाट स्थित प्रेरणास्थल पार्क में लगीं डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, अटल बिहारी वाजपेई और अशोक सिंघल की प्रतिमाओं का अनावरण किया। 37वीं राष्ट्रीय कयाकिंग प्रतियोगिता का भी उद्घाटन किया।

उन्होंने कहा कि आज श्रीराम जन्मभूमि पर भगवान श्रीराम का भव्य मंदिर पूरे देश के सामने है। आज जो भव्य अयोध्या हम देख रहे हैं, वह करोड़ों रामभक्तों के त्याग, तप और संघर्ष का परिणाम है।

देश के पूज्य संतों को एक मंच पर लाने का यह सबसे बड़ा





सांस्कृतिक आंदोलन था। पूज्य संतों के नेतृत्व और जन-जन की भागीदारी से पूरे देश में एक अद्भुत जनजागरण हुआ। सन 1980 के दशक में उत्तर से दक्षिण और पूर्व से पश्चिम तक एक ही नारा गूंजता था। न जाति का बंधन था, न क्षेत्र का, न भाषा का। चारों ओर एक ही स्वर सुनाई देता था।

### रामलला हम आएंगे, मंदिर वहीं बनाएंगे

इन्हीं नारों के साथ उस समय के युवाओं ने पूज्य अशोक सिंघल जी के नेतृत्व में देश के भीतर एक नए जनआंदोलन को गति दी। उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन सनातन धर्म, राष्ट्र और समाज की सेवा के लिए समर्पित कर दिया। वहीं डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य मंच पर मौजूद सपा की बागी विधायक और भाजपा की प्रदेश उपाध्यक्ष पूजा पाल का नाम भूल गए। मंच पर सीएम के साथ डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य, मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, नंद गोपाल गुप्ता नंदी और सपा की बागी विधायक पूजा पाल भी मौजूद रहीं।

मूर्तियों का अनावरण करने के बाद सीएम योगी लेटे हनुमान जी मंदिर पहुंचे। उनके साथ उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य भी रहे। दोनों लोगों ने लेटे हनुमान जी मंदिर में पूजा-अर्चना की। आरती उतारी।

### सीएम बोले- ये प्रतिमाएं युवाओं को नई प्रेरणा देंगी

सीएम योगी ने कहा- महाकुंभ के दौरान नगर निगम ने शिवाजी पार्क का निर्माण कर 'वेस्ट टू वेल्थ' का एक उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया। महाकुंभ के दौरान इतनी बड़ी संख्या में श्रद्धालु शिवाजी पार्क देखने पहुंचे कि वहां जितना निवेश हुआ था, उससे कहीं अधिक लाभ प्राप्त हुआ। मुझे विश्वास है कि यमुना तट पर स्थापित इन तीन महान विभूतियों की प्रतिमाएं केवल इस क्षेत्र की शोभा ही नहीं बढ़ाएंगी, बल्कि हर नागरिक और हर युवा को नई प्रेरणा भी देंगी।

# महमूद ग़ज़नवी के रास्ते पर चल रही है भाजपा: संजय सिंह

### मोदी सरकार भ्रष्ट ट्रस्ट को भंग क्यों नहीं कर रही? चंपत राय को तुरंत किया जाए गिरफ्तार: संजय सिंह

तमसा संकेत, संवाददाता

लखनऊ। आम आदमी पार्टी के उत्तर प्रदेश प्रभारी और राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने आज लखनऊ में एक बेहद आक्रामक प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए अयोध्या राम मंदिर निर्माण में हुए भ्रष्टाचार को लेकर केंद्र की मोदी और राज्य की योगी सरकार पर तीखा हमला बोला। संजय सिंह ने राम मंदिर ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय पर चंदा चोरी का सीधा आरोप लगाते हुए 13 नए दस्तावेजी सबूत मीडिया के सामने सार्वजनिक किए।

संजय सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर सीधा निशाना साधते हुए सवाल उठाया कि आखिर देश के प्रधानमंत्री इस महाघोटाले पर चुप क्यों हैं? मोदी सरकार इस महाभ्रष्ट ट्रस्ट को तुरंत भंग क्यों नहीं कर रही और चंदा चोरी के मुख्य आरोपी चंपत राय को अब तक गिरफ्तार क्यों नहीं किया गया? उन्होंने ऐलान



किया कि इन पुख्ता सबूतों के साथ वे आज ही SIT (विशेष जांच दल) को पत्र लिखकर समय मांग रहे हैं ताकि इस महाघोटाले की परतें खोली जा सकें और सारे साक्ष्य सौंपे जा सकें। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान सांसद संजय सिंह ने भाजपा की नीयत पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि चंपत राय के इस्तीफे की खबरें महज एक लीपापोती हैं। सिर्फ महासचिव पद छोड़ना काफी नहीं है क्योंकि वे आजीवन ट्रस्टी बने रहेंगे। इस भ्रष्ट ट्रस्ट को तुरंत भंग किया जाना चाहिए, क्योंकि खुद ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास और कोषाध्यक्ष ने यह स्वीकार किया है कि उन्हें बिना बताए पैसों का भारी हेरफेर किया गया है। सच तो यह है कि भाजपा के लोग आज महमूद गजनवी के रास्ते पर चल रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी को डर है कि अगर चंपत राय का मुंह खुला, तो इस महाघोटाले का सारा सच जनता के सामने आ जाएगा और कई बड़े चेहरे बेनकाब हो जाएंगे। संजय सिंह ने कहा कि जहाँ योगी सरकार किसानों को 4-5 लाख प्रति बिस्वा का मुआवजा दे रही है, वहीं चंपत राय ने चंदे के पैसे से 47-48 लाख प्रति बिस्वा में जमीनें खरीदीं।

## सड़क पर ट्रक के डॉक्यूमेंट चेक करते वक्त टक्कर मारी, ड्राइवर की भी जान गई

# कंटेनर ने 2 ट्रैफिक सिपाहियों को कुचला, एक की हुई मौत

घटना

**तमसा संकेत, एजेंसी**



जितेंद्र कुमार, मृतक सिपाही

कानपुर। कानपुर में बर्रा एलिवेटेड रोड पर सोमवार तड़के 4 बजे ड्यूटी पर तैनात 2 ट्रैफिक सिपाहियों को कंटेनर ने कुचल दिया। एक सिपाही की मौके पर मौत हो गई। दूसरा गंभीर घायल है।

ट्रैफिक कांस्टेबल जितेंद्र कुमार और राकेश कुमार की ड्यूटी नौबस्ता चौराहे पर थी। देर रात झारखंड नंबर का खाली ट्रक नौबस्ता रैंप से होकर पनकी स्थित प्लांट जा रहा था। जितेंद्र और राकेश ने रुकने का इशारा किया तो ड्राइवर ने रफ्तार बढ़ा दी। शक होने पर दोनों ने ट्रक का पीछा किया।

बर्रा बाईपास स्थित प्रिया नर्सिंग हॉस्पिटल के सामने एलिवेटेड फ्लाईओवर पर रोककर ड्राइवर को नीचे उतारा। दोनों ट्रक के पीछे खड़े होकर ड्राइवर के कागजात जांच रहे थे। तभी पीछे से आ रहे माल लदे कंटेनर ने ट्रक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि खाली कंटेनर करीब 50 मीटर तक घसीटता चला गया। उसके साथ दोनों कांस्टेबल और ड्राइवर भी घिसलते चले गए। मृतक जितेंद्र 2018 बैच के सिपाही थे। मूलरूप से आगरा के रहने वाले थे। जबकि सिपाही राकेश कुमार घायल हैं। उन्हें कांशीराम अस्पताल में भर्ती कराया गया है। राकेश मूलरूप से बुलंदशहर के रहने वाले हैं। ड्राइवर की पहचान बिहार के रितेश कुमार यादव (24) के रूप में हुई है। कांस्टेबल जितेंद्र कुमार के भाई ख्याली राम ने बताया- मैं आगरा में ही सैलून चलाता हूं। भाई जितेंद्र की शादी 2 दिसम्बर 2020 में पीएसी में तैनात इटावा के रहने वाले कैलाशचंद्र की बेटी वर्षा के साथ हुई थी। उनके ढाई साल की बेटी भूमिका है। पिता वीधाराम मजदूरी करते थे। परिवार में मां फूलवती व पांच बहनें हैं।

### एलिवेटेड रोड पर जाम खुलवाने जा रहे थे, रास्ते में मौत

पुलिस के मुताबिक, झारखंड नंबर का खाली ट्रक मूलरूप से बिहार के भोजपुर का रहने वाला रितेश चला रहा था। वह पनकी स्थित प्लांट जा रहा था। दोनों कांस्टेबल ड्राइवर को ट्रक के पीछे ले जाकर पूछताछ कर रहे थे। कागजात जांच रहे थे।

ड्राइवर ने भोजपुर (बिहार) निवासी ट्रक के मालिक राजेश यादव से फोन पर दोनों की बात कराई थी। इसी दौरान पीछे से आ रहे कंटेनर टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही तीनों जमीन पर गिर गए। कंटेनर जितेंद्र और रितेश को कुचलता हुआ आगे बढ़ गया। जबकि, राकेश जख्मी हो गए।


यह तस्वीर जितेंद्र कुमार की परिवार के साथ हैं। जितेंद्र की शादी 2020 में हुई थी और उनके ढाई साल की बच्ची भी है।

> हादसे में सिपाही की मौत की सूचना मिलते ही अपर पुलिस आयुक्त (कानून व्यवस्था) डॉ. विपिन टाडा और डीसीपी ट्रैफिक रवींद्र कुमार मौके पर पहुंचे। घटनास्थल का निरीक्षण किया। घटना के कारणों को लेकर जानकारी जुटाई। हादसे के बाद एलिवेटेड रोड पर करीब 2 घंटे तक ट्रैफिक जाम लगा रहा।

## हरदोई में 25-25 हजार के दो इनामी गैंगस्टर गिरफ्तार

### पकड़ने के लिए टीम का हुआ था गठन

**तमसा संकेत, एजेंसी**



हरदोई। हरदोई में अपराध और अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत कोतवाली देहात पुलिस को एक महत्वपूर्ण सफलता मिली है। पुलिस टीम ने गैंगस्टर एक्ट में वांछित चल रहे 25-25 हजार रुपये के दो शातिर इनामी अपराधियों को गिरफ्तार किया है। ये दोनों अभियुक्त लंबे समय से पुलिस को चकमा देकर फरार चल रहे थे। यह जानकारी पुलिस ने सोमवार की 5:40 बजे प्रेस नोट जारी कर दी है।

पुलिस के अनुसार, 2 जून 2026 को प्रभारी निरीक्षक कोतवाली शहर, हरदोई ने एक संगठित गिरोह के खिलाफ कार्रवाई की थी। यह गिरोह अनुचित आर्थिक और भौतिक लाभ के लिए समाज विरोधी तथा आपराधिक गतिविधियों में लिप्त था। इस संबंध में थाना कोतवाली शहर में कुल आठ अभियुक्तों के खिलाफ उत्तर प्रदेश गिरोहबंद एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम (गैंगस्टर एक्ट) के तहत मामला दर्ज किया गया था। गैंगस्टर एक्ट का उद्देश्य समाज में भय फैलाने वाले संगठित अपराधियों पर शिकंजा कसना है। इस मामले में वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर कोतवाली देहात पुलिस ने एक विशेष टीम गठित की थी। टीम ने सटीक सूचना और अथक प्रयासों के बाद दो मुख्य नामजद अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया।

---

फास्ट न्यूज

### नैनीताल के रिसॉर्ट में सेक्स रैकट चलता मिला

मेरठ। नैनीताल के रामनगर में शनिवार देर रात सांवल्दे क्षेत्र में पुलिस ने एक्रोन हाइडवे रिसॉर्ट में बड़ा सेक्स रैकेट पकड़ा है। यहां पुलिस ने एक रिसॉर्ट में कथित अनैतिक देह व्यापार, शराब और नशे की पार्टी पर बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने मौके से 51 लोगों को गिरफ्तार किया है, जबकि एक किशोर को संरक्षण में लिया गया है। मौके से 10 महिलाएं मिली हैं, जिनमें एक नाबालिग भी शामिल है।

### अतीक के गढ़ बमरौली में बमबाजी-फायरिंग

प्रयागराज। प्रयागराज का बमरौली गांव रविवार शाम 5 बजे बमबाजी और फायरिंग से थर्रा उठा। अपने विरोधी को थार में सवार होकर सामने से आते देखकर बाइकसवार युवक ने दो बम फोड़े। गोलियां भी चलाईं। घटना में थार गाड़ी क्षतिग्रस्त हो गई। कोई हताहत नहीं हुआ। पूरी वारदात वहां आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। घटना पुरामुफ्ती थाना क्षेत्र के बमरौली गांव में हुई। प्लॉटिंग का काम करने वाला एक युवक बाइक से कहीं जा रहा था। इसी दौरान थार गाड़ी से पहुंचे कुछ लोगों ने उसे रोक लिया। बताया जा रहा है कि दोनों पक्षों के बीच पहले से रंजिश चली आ रही थी।

### मेरठ में कार ने साइकिल सवार को रौंदा

मेरठ। मेरठ के ब्रह्मपुरी थाना क्षेत्र में एक तेज रफ्तार वैगनआर कार ने ड्यूटी से लौट रहे साइकिल सवार को टक्कर मार दी। हादसे का वीडियो सामने आया है। टक्कर के बाद चालक घायल व्यक्ति को लगभग 100 फीट तक घसीटता रहा। गंभीर रूप से घायल व्यक्ति की देर रात इलाज के दौरान मौत हो गई। इस घटना के बाद परिजनों ने अस्पताल में हंगामा किया।

## किसानों की समस्याओं पर प्रशासन गंभीर

**तमसा संकेत, संवाददाता**



मथुरा। महावन तहसील में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान किसानों और ग्रामीणों ने अपनी विभिन्न समस्याएं प्रशासन के समक्ष प्रमुखता से उठाईं। कार्यक्रम में सबसे पहले पचावर और अवैरनी गांव के किसानों ने अपनी मांगें अधिकारियों के समक्ष रखते हुए शीघ्र समाधान की अपील की।

पचावर के किसानों ने डीएपी खाद की उपलब्धता, सरकारी स्कूल के सामने लंबे समय से जलभराव तथा गांव के तालाब के ओवरफ्लो होने की समस्या से अवगत कराया। किसानों का कहना था कि इन समस्याओं के कारण ग्रामीणों और विद्यार्थियों को लगातार परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, इसलिए इनका जल्द निस्तारण कराया जाए।

इस पर बलदेव विकास खंड की खंड विकास अधिकारी (बीडीओ) नेहा रावत ने किसानों की शिकायतों को गंभीरता से सुना और मौके पर ही स्थिति स्पष्ट की। उन्होंने बताया कि डीएपी खाद की उपलब्धता से संबंधित विषय ब्लॉक स्तर के अधिकार क्षेत्र में नहीं आता। वहीं, सरकारी स्कूल के सामने जलभराव की समस्या का निस्तारण पहले ही कराया जा चुका है, जिससे विद्यार्थियों और ग्रामीणों को राहत मिली है। बीडीओ नेहा रावत ने किसानों को आश्वस्त किया कि प्रशासन ग्रामीणों की अन्य समस्याओं के समाधान के प्रति पूरी तरह संवेद-नशील है। जिन मामलों का संबंध अन्य विभागों से है, उन्हें संबंधित विभागों को भेजकर शीघ्र कार्रवाई सुनिश्चित कराई जाएगी। उन्होंने किसानों से संवाद करते हुए उनकी बातों को गंभीरता से सुना और हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया।

### वाराणसी में पुलिस और बदमाशों में मुठभेड़

वाराणसी । वाराणसी में रविवार की देर रात 2:30 बजे पुलिस की बदमाशों के साथ मुठभेड़ हो गई। पुलिस को देखकर बदमाशों ने फायर कर दिया। पुलिस की जवाबी फायरिंग में एक बदमाश के पैर में गोली लगी, जिससे वह घायल होकर गिर पड़ा। उसका दूसरा साथी भागने लगा तो पुलिस ने 50 मीटर तक दौड़कर उसे पकड़ लिया।

यह दोनों बदमाश 5 लाख रुपए की लूट में शामिल थे। पुलिस ने इनके पास से एक लाख 25 हजार रुपए बरामद किया है। घायल बदमाश को पुलिस ने अस्पताल में भर्ती कराया है। उसके दूसरे साथी को थाना ले जाया गया है। लूट की घटना 10 दिन पहले 27 जून की है। चेतगंज थाना क्षेत्र के तेलियाबाग इलाके में 27 जून की रात 12 बजे सोराकुआं थाना चौक निवासी सर्राफा व्यवसाई अमित कुमार के साथ यह वारदात हुई थी। बुलट सहित तीन बाइक से आए चार बदमाशों ने असलहे के बल पर पांच लाख रुपए लूट लिया था।

## जज ने कहा- निर्दोष की जान ली, कड़ी सजा जरूरी, प्रधानी के चुनाव में घेरकर मारी थी गोलियां

# 16 साल पुराने हत्याकांड में दो को फांसी की सजा

> इस मामले में कुल 16 साल लगे। कई गवाहों के मुकरने, सबूतों के इकट्ठा करने और अन्य कानूनी प्रक्रियाओं के कारण देरी हुई। फास्ट ट्रैक कोर्ट की स्थापना से ऐसे पुराने मामलों में तेजी आई है।

**तमसा संकेत, एजेंसी**




मुजफ्फरनगर। मुजफ्फरनगर में 16 साल पुराने राजवीर सिंह हत्याकांड में फास्ट ट्रैक कोर्ट-3 ने दो मुख्य आरोपियों को फांसी की सजा सुनाई है। जिला न्यायाधीश रवि दिवाकर की अदालत ने सोमवार को सहदेव उर्फ पप्पू और प्रमोद को दोषी करार देते हुए यह फैसला सुनाया। यह घटना उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर जिले के तितावी थाना क्षेत्र के माड़ी गांव में 2010 के प्रधानी चुनाव की रंजिश से जुड़ी है। कोर्ट ने दोनों दोषियों पर एक-एक लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया है। अदालत ने स्पष्ट किया कि जुर्माना अदा न करने की स्थिति में अतिरिक्त सजा का प्रावधान होगा। वर्ष 2010 में माड़ी गांव में ग्राम प्रधान पद के चुनाव को लेकर राजवीर सिंह की हत्या की गई थी। राजवीर सिंह एक पक्ष के प्रमुख उम्मीदवार के समर्थक थे। चुनावी प्रतिद्वंद्विता के चलते विरोधी पक्ष ने उन्हें रास्ते में गोली मार दी थी। हमलावरों की अंधाधुंध फायरिंग से राजवीर सिंह की मौके पर ही मौत हो गई थी। पुलिस ने तत्काल जांच शुरू की और सहदेव उर्फ पप्पू, प्रमोद सहित कुल चार लोगों के खिलाफ हत्या, साजिश और आर्म्स एक्ट की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया। मामले की गंभीरता को देखते हुए इसे फास्ट ट्रैक कोर्ट को स्थानांतरित कर दिया गया था। इस मामले के दो अन्य आरोपी पुलिस मुठभेड़ में मारे गए थे। पुलिस के अनुसार, इन दोनों ने कथित तौर पर पुलिस पर फायरिंग की थी, जिसके जवाब में हुई गोलीबारी में उनकी मौत हो गई। इस प्रकार, कुल चार आरोपियों में से दो पहले ही मारे जा चुके थे, और अब शेष दो को अदालत ने फांसी की सजा सुनाई है।

### कोर्ट का फैसला और प्रतिक्रियाएं

फास्ट ट्रैक कोर्ट-3 के पीठासीन अधिकारी ने सुनवाई के दौरान गवाहों के बयान, फॉरेंसिक रिपोर्ट, हथियारों की बरामदगी और अन्य सबूतों को ध्यान में रखते हुए दोनों को दोषी पाया। कोर्ट ने कहा कि यह हत्या चुनावी रंजिश में पूर्व नियोजित थी, जिसमें निर्दोष व्यक्ति की जान ली गई। ऐसे जघन्य अपराध में कड़ी सजा जरूरी है ताकि समाज में अपराधियों में दहशत बनी रहे।

परिवार वालों ने फैसले का स्वागत किया है। राजवीर सिंह के परिजनों ने कहा, "16 साल बाद भी इंसाफ मिला, यह हमारी लगातार लड़ाई का नतीजा है।" वहीं, गांव के लोग भी इस फैसले से संतुष्ट नजर आए।

## मंगलवार दोपहर 12:15 बजे हेलीकॉप्टर से पहुंचेंगे सुलतानपुर, जनसभा से पहले करेंगे समीक्षा बैठक

# सीएम योगी देंगे 600 करोड़ की परियोजनाओं की सौगात

- 11 रूट और पार्किंग की विशेष व्यवस्था
- 10 हजार लोगों के पहुंचने की संभावना

**तमसा संकेत, एजेंसी**





सुलतानपुर । मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंगलवार को सुल्तानपुर दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वह जिले को करीब 600 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं की सौगात देंगे। इन परियोजनाओं का लाभ मुख्य रूप से सुल्तानपुर और इसौली विधानसभा क्षेत्रों के लोगों को मिलेगा। मुख्यमंत्री पुलिस लाइन ग्राउंड में दोपहर 12:15 बजे हेलीकॉप्टर से पहुंचेंगे और इसके बाद सर्कस ग्राउंड में आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे।

पुलिस अधीक्षक चारु निगम ने बताया कि मुख्यमंत्री जनसभा से पहले अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करेंगे। कार्यक्रम को लेकर जिला प्रशासन ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए अमेठी से भी अतिरिक्त पुलिस बल बुलाया गया है।

गर्मी को देखते हुए 60 कूलर और 80 पंखों की व्यवस्था की गई है। मुख्यमंत्री के मंच के पास 120 टन क्षमता के 12 एयर कंडीशनर लगाए जा रहे हैं। सुरक्षा की दृष्टि से मुख्यमंत्री सहित चार सेफ हाउस भी बनाए गए हैं। जिला प्रशासन के अनुसार, मुख्यमंत्री की जनसभा में करीब 10 हजार लोगों के शामिल होने की संभावना है। कार्यक्रम को लेकर प्रशासन और पुलिस अधिकारियों ने तैयारियों का अंतिम जायजा ले लिया है।

> मुख्यमंत्री के दौरे को देखते हुए यातायात व्यवस्था के लिए 11 रूट निर्धारित किए गए हैं। विभिन्न स्थानों पर वाहनों की पार्किंग की व्यवस्था की गई है, ताकि कार्यक्रम के दौरान यातायात सुचारु बना रहे।

### 3 हजार कुर्सियां, 12 स्टॉल और गर्मी से बचाव के इंतजाम

जनसभा के लिए 24×24 फीट का मुख्य मंच तैयार किया गया है। मंच के सामने 90 मीटर का सुरक्षा क्षेत्र रखा गया है। आमजन के बैठने के लिए तीन बड़े ब्लॉक बनाए गए हैं, जिनमें तीन हजार से अधिक कुर्सियां लगाई गई हैं। कार्यक्रम स्थल पर छह खंडों में प्रदर्शनी क्षेत्र बनाया गया है, जहां 12 स्टॉल लगाए जाएंगे।

# भाजपा ने डॉ. मुखर्जी जयंती पर पुष्पांजलि वृक्षारोपण किया

## हरदोई कार्यालय में राष्ट्रहित का संकल्प, जिलाध्यक्ष शामिल हुए

**तमसा संकेत, एजेंसी**



हरदोई। भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय में 6 जुलाई को डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम का नेतृत्व भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन ने किया। पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए परिसर में वृक्षारोपण भी किया गया।

कार्यक्रम में उपस्थित भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के राष्ट्रहित, सांस्कृतिक एकता और अखंड भारत के संकल्प को याद किया। उन्होंने उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। वक्ताओं ने कहा कि डॉ. मुखर्जी का त्याग, राष्ट्रनिष्ठा और देश की एकता-अखंडता के लिए किया गया संघर्ष आज भी प्रेरणास्रोत है। जिलाध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने राष्ट्रीय एकता और अखंड भारत के लिए अपना जीवन समर्पित किया। उनका जीवन समाज और राष्ट्र के प्रति समर्पण का सर्वोच्च उदाहरण है। उन्होंने यह भी बताया कि पर्यावरण संरक्षण आज की बड़ी आवश्यकता है, जिसके मद्देनजर जयंती पर वृक्षारोपण कर प्रकृति संरक्षण का संदेश दिया गया। इस अवसर पर जिला महामंत्री अनुराग मिश्रा, सतेंद्र राजपूत और ओम वर्मा, जिला उपाध्यक्ष प्रीतेश दीक्षित, अल्का गुप्ता और सौरभ सिंह गौर, जिला मंत्री गोपाल त्रिपाठी, जिला मीडिया प्रभारी अतुल सिंह चौंपुर, किसान मोर्चा जिला महामंत्री नीरज तिवारी, सह कार्यालय मंत्री अर्जुन सिंह, आशुतोष आज़ाद, सह कोषाध्यक्ष कपिल गुप्ता, सह सोशल मीडिया प्रभारी ऋतुराज सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रहित और जनसेवा के संकल्प के साथ हुआ।

---

## पृष्ठ 01 का शेष...

### चंपत राय का...

कृष्ण मोहन ने कहा- चढ़ावा चोरी के आरोपियों को सजा दिलाएंगे। प्रबंधन की कमियों का फायदा उठाया गया, कमियों को दूर करेंगे ताकि दोबारा ऐसी घटना न हो। समाज में अविश्वास

यदि कोई श्रद्धालु अपने दिए गए दान या उपहार के उपयोग की जानकारी लेना चाहता है, तो वह ट्रस्ट के अधिकारी से समय लेकर अयोध्या आकर इसकी जानकारी प्राप्त कर सकता है।

स्वामी गोविंद देव गिरि ने कहा कि एक पूर्ण बदलाव निश्चित रूप से किया जाएगा। मुझे यह भी बताना चाहिए कि भारतीय स्टेट बैंक (SBI) को इस मामले में अपनी जिम्मेदारी से पीछे नहीं हटना चाहिए था। चूंकि यह काम एसबीआई के सहयोग से किया गया था। इसलिए जिम्मेदारी उनकी भी थी। हमें उनकी लापरवाही के गंभीर परिणाम भुगतने पड़े हैं।

मेरे विचार में, प्राथमिकी (FIR) वास्तव में एसबीआई द्वारा दर्ज की जानी चाहिए थी, न कि हमारे ट्रस्ट द्वारा, हालांकि हमारे ट्रस्ट के अच्छे इरादे वाले सदस्यों ने आगे बढ़कर इसे खुद दर्ज कराया। जिम्मेदारी वास्तव में उनकी है... हम ऐसा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

एक ऐसी प्रक्रिया अपनाएंगे जिसमें संदेह की बिल्कुल भी गुंजाइश न रहे। हम उचित उपाय करेंगे, सभी संबंधितों से मार्गदर्शन लेंगे, और राम मंदिर की प्रतिष्ठा को पूरी तरह से बहाल करेंगे, जिसे धूमिल किया गया है।

श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष स्वामी गोविंद देव गिरि जी महाराज ने राम जन्मभूमि मंदिर के आभूषण मीडिया के सामने प्रदर्शित किए। उन्होंने मंदिर में सुरक्षित रखे गए आभूषणों को दिखाते हुए उनकी जानकारी शेयर की।

### उखरूल में आत्मघाती ...

घटना के तुरंत बाद सुरक्षा बलों ने पूरे इलाके की घेराबंदी कर व्यापक तलाशी अभियान शुरू कर दिया है।

ग्रामीणों ने बताया कि हमले के बाद कई घंटों तक इलाके में लगातार भारी गोलीबारी की आवाजें सुनाई देती रहीं, जिससे सुरक्षा बलों और संदिग्ध उग्रवादियों के बीच लंबे समय तक मुठभेड़ होने की आशंका जताई जा रही है। हालांकि, अब तक किसी उग्रवादी के हताहत होने की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। इस बीच, मणिपुर के गृह मंत्री गोविंददास कोंथौजाम ने हमले की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि नुंगशांग कोंग में 40 असम राइफल्स के काफिले पर हुए हमले की खबर से उन्हें गहरा दुख पहुंचा है। उन्होंने कहा- इस प्रकार की घटनाएं केवल उस शांति और सौहार्द को बाधित करती हैं, जिसे हम सभी बनाए रखना चाहते हैं। इस दुखद घटना से प्रभावित जवानों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं हैं। गृह मंत्री ने विश्वास जताया कि हमले के दोषियों को कानून के दायरे में लाकर कड़ी सजा दी जाएगी।

### महाराष्ट्र के सातारा में...

उधर, मुंबई-पुणे एक्सप्रेसवे पर भी लैंडस्लाइड होने से रास्ता बंद हो गया। सातारा जिले के महाबलेश्वर में वेण्णा नदी का पुल टूटने से 10-12 पर्यटक फंस गए। कारों को क्रेन की मदद से निकाला गया।

BMC ने आज सभी सरकारी और प्रायवेट स्कूलों-कॉलेजों में छुट्टी घोषित की है। मुंबई एयरपोर्ट पर 17 फ्लाइट रद्द हुईं। मुंबई में प्राइवेट ऑफिसों के कर्मचारियों को वर्क फ्रॉम होम करने को कहा गया है।

### मोदी सरकार बड़े ...

उन्होंने सोमवार को सोशल मीडिया पर मुलाकात का वीडियो शेयर किया।

राहुल गांधी और कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने राजस्थान के ट्रक और बस बॉडी-बिल्डर्स के प्रतिनिधिमं-डल के साथ केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात की थी। इस मुलाकात में उन्होंने उद्योग से जुड़ी समस्याओं के समाधान की मांग की थी। गडकरी से मुलाकात के बाद प्रियंका गांधी ने कहा था कि ट्रक और बस बॉडी-बिल्डर्स को लाइसेंस लेने में भारी खर्च उठाना पड़ता है और प्रक्रिया भी लंबी है। उन्होंने बताया था कि गडकरी ने उनकी समस्याओं के शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया है।

### राम का मतलब राष्ट...

सरकार ने स्टार्टअप को वित्तीय सहायता देने के लिए 1000 करोड़ का स्टार्टअप फंड बनाने का फैसला किया है। इसमें 400 करोड़ डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम तकनीकी विश्वविद्यालय (AKTU) की ओर से दिए जाएंगे। स्टार्टअप नीति के तहत प्रोटोटाइप विकास के लिए 10 लाख तक और सीड कैपिटल के रूप में 15 लाख से 50 लाख तक की सहायता मिलेगी। वहीं, इनक्यूबेटर संचालन के लिए 40 लाख वार्षिक अनुदान भी दिया जाएगा।

कैबिनेट ने मुख्यमंत्री जोखिम पशुधन बीमा प्रबंधन योजना को भी मंजूरी दी। योजना के तहत गाय, भैंस, बैल, घोड़ा, खच्चर, गधा, भेड़ और बकरी समेत विभिन्न पशुओं का बीमा कराया जाएगा। बीमा प्रीमियम में 51% हिस्सा केंद्र सरकार, 34% राज्य सरकार और 15% किसान वहन करेंगे। प्राकृतिक आपदा, बीमारी या दुर्घटना की स्थिति में पशुपालकों को बीमा का लाभ मिलेगा।

सरकार ने विभिन्न पशुओं के लिए बीमा मूल्य भी निर्धारित किया है। मुर्रा भैंस का मूल्य 75 हजार, विदेशी एवं उन्नत नस्ल की गायों का 50 से 65 हजार, बैल का 40 हजार, घोड़े का 60 हजार, जबकि भेड़ और बकरी का 6,500 तय किया गया है।

### 'आस्था से हुआ ...

और इस पूरे मामले का संज्ञान देश-विदेश के राम भक्तों, संत समाज, सर्वोच्च न्यायालय, लोकसभा अध्यक्ष तथा अयोध्या के नागरिकों को लेना चाहिए।

अखिलेश यादव ने कहा कि चढ़ावा, चंदा और दान से जुड़े मामलों में पारदर्शिता जरूरी है। उनका आरोप था कि यदि इस मामले की जांच केंद्रीय एजेंसियां करतीं तो रिपोर्ट दिल्ली जाती, लेकिन राज्य सरकार ने एसआईटी गठित कर जांच अपने हाथ में रख ली। उन्होंने कहा कि भाजपा में सत्ता को लेकर अंदरूनी संघर्ष चल रहा है और इसी कारण कई मामलों में निर्णय राजनीतिक हितों को ध्यान में रखकर लिए जा रहे हैं।

सपा प्रमुख ने आरोप लगाया कि प्रदेश में भ्रष्टाचार, अन्याय और अत्याचार चरम पर है। उन्होंने कहा कि सरकार का ₹जीरो टॉलरेंस₹ का दावा केवल नारा बनकर रह गया है। उनके अनुसार, हर विभाग में भ्रष्टाचार व्याप्त है और आम जनता परेशान है। उन्होंने कहा कि किसानों को डीएपी और यूरिया खाद समय पर नहीं मिल रही, फसलों का उचित मूल्य नहीं मिल रहा तथा बिचौलियों को लाभ पहुंचाया जा रहा है।

### राममंदिर आरोपी टिन्नू ...

ऐसा नहीं करने पर उनके खिलाफ भी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। भाजपा और उसके समर्थक 'पीडीए समाज' को बदनाम करने के लिए झूठ फैला रहे हैं। पीडीए समाज इसका एकजुट होकर जवाब देगा।

### पहलगाम हमले की ...

उस वक्त हाफिज सईद का नाम सामने नहीं आया था। पहलगाम हमले के 3 आतंकी मारे जा चुके हैं। आतंकियों का हैंडलर सैफुल्लाह जट्ट उर्फ लंगड़ा अभी जिंदा है। उस पर 10 लाख का इनाम है।

आतंकियों को रियल टाइम डॉयरेक्शन मिलाः लश्कर आतंकी सैफुल्लाह जट्ट उर्फ लंगड़ा को मास्टरमाइंड बताया गया था। साजिद पाकिस्तान के लाहौर में कसूर में रहता है। जट्ट ही आतंकियों का मेन हैंडलर था। वह उन्हें रियल टाइम डायरेक्शन दे रहा था। उसने ही हमले वाली जगह बैसरन वैली की लोकेशन भेजी थी। हमले के दौरान आतंकियों से बात कर रहा था।

दो गाइड्स ने आतंकियों को देखा थाः टूरिस्ट गाइड परवेज अहमद जोठार और बशीर अहमद जोठार वक्त रहते जानकारी देते तो हमला को टाला जा सकता था। दरअसल, दोनों गाइड ने आतंकियों को बैसरन में देखा था लेकिन सुरक्षा एजेंसियों को नहीं बताया।

## नॉर्वे ने 2-1 से हराया, पहली बार क्वार्टर फाइनल में पहुंचा, इंग्लैंड भी जीता

# ब्राजील फुटबॉल वर्ल्ड कप से बाहर नेमार ने रिटायरमेंट लिया

**संन्यास**



**इंजरी टाइम के 10वें मिनट में नेमार ने पेनल्टी पर गोल कर स्कोर 2-1 जरूर किया, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। यह गोल सिर्फ हार का अंतर कम कर सका। ब्राजील 1990 के बाद पहली बार वर्ल्ड कप से इतने शुरुआती चरण में बाहर हुआ।**

ईस्ट रदरफोर्ड, एजेंसी

5 बार का चैंपियन ब्राजील फुटबॉल वर्ल्ड कप से बाहर हो गया। नॉर्वे ने सोमवार को प्री क्वार्टर फाइनल में ब्राजील को 2-1 से हराया। नॉर्वे पहली बार क्वार्टर फाइनल में पहुंचा है। अब उसका मुकाबला इंग्लैंड से होगा। इंग्लिश टीम ने मेजबान मैक्सिको को 3-2 से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। ब्राजील के स्टार फुटबॉलर नेमार ने इस हार के बाद संन्यास ले लिया। उन्होंने अमेरिका के न्यू जर्सी स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में ब्राजील की ओर से एकमात्र गोल किया। नॉर्वे की ओर से दोनों गोल एरलिंग हालैंड ने दागे। 34 साल नेमार ने कहा, 'मैंने पूरी कोशिश की। मेरा सफर यहीं से शुरू हुआ था और अब यहीं खत्म हो गया। ब्राजील के लिए मेरा अध्याय अब खत्म हो चुका है।' उन्होंने 2010 में इसी मैदान (तत्कालीन मेटलाइफ स्टेडियम) पर अमेरिका के खिलाफ ब्राजील के लिए डेब्यू किया था। लगातार चोटों से जूझ रहे नेमार इस वर्ल्ड कप में सिर्फ दो मैच खेल सके। नॉर्वे के खिलाफ वे दूसरे हाफ में उतरे और पेनल्टी पर गोल किया। ब्राजील के कप्तान मार्किन्योस ने कहा, 'अब नई पीढ़ी के खिलाड़ियों का समय है। हमें उम्मीद है कि ब्राजील के फैंस उन्हें धैर्य और पूरा समर्थन देंगे।' नेमार ने 130 इंटरनेशनल मैच खेले हैं। ब्राजील के लिए उनसे ज्यादा मैच सिर्फ काफू (142) ने खेले। अपने अंतिम मैच में गोल कर नेमार ने दिग्गज पेले के एक रिकॉर्ड की बराबरी भी कर ली है। दोनों खिलाड़ियों ने 4-4 फीफा वर्ल्ड कप में गोल किए हैं। नेमार अंतरराष्ट्रीय गोल करने के मामले में पेले से तीन गोल आगे हैं। पेले के नाम 77 गोल हैं। जबकि नेमान के नाम 80 गोल हैं। ये लगातार छठा फीफा वर्ल्ड कप है, जब ब्राजील किसी यूरोपीय टीम से हारा। 2006 में वह फ्रांस, 2010 में नीदरलैंड, 2014 में जर्मनी, 2018 में बेल्जियम, 2022 में क्रोशिया और 2026 में नॉर्वे से हारकर बाहर हुआ। फीफा वर्ल्ड कप 2026 के प्री-क्वार्टर फाइनल में इंग्लैंड ने मेजबान मेक्सिको को 3-2 से हराकर लगातार तीसरी बार क्वार्टरफाइनल में जगह बना ली। दूसरे हाफ में जरेल क्वांसा के रेड कार्ड के बाद इंग्लैंड ने करीब 35 मिनट 10 खिलाड़ियों के साथ खेला, लेकिन बढ़त बरकरार रखी।



नेमार ने मैच के बाद इंटरनेशनल फुटबॉल से रिटायरमेंट का ऐलान कर दिया। वे क्लब फुटबॉल खेलते रहेंगे। अभी उनका कॉन्ट्रैक्ट सैंटोस FC के साथ है।

### हालैंड ने 72वें मिनट में पहला गोल किया

दूसरे हाफ में ब्राजील के युवा स्ट्राइकर एंड्रिक ने आसान मौका गंवाया। इसके बाद नॉर्वे ने जवाबी हमला बोला। 72वें मिनट में एंड्रियास शेल्डरप ने बाएं छोर से बेहतरीन क्रॉस दिया, जिस पर हालैंड ने जोरदार हेडर लगाकर नॉर्वे को 1-0 की बढ़त दिलाई।

इंजरी टाइम से ठीक पहले हालैंड ने दूसरा गोल करते हुए डिफेंडर डेनिलो के पैरों के बीच से गेंद निकालकर गोल दागा और स्कोर 2-0 कर दिया। यह इस टूर्नामेंट में उनका छठा और सातवां गोल रहा। इसके साथ ही वह गोल्डन बूट की दौड़ में लियोनेल मेसी और किलियन एमबाप्पे की बराबरी पर पहुंच गए।



ब्राजील के नेमार हार से निराश होकर मैदान पर घुटनों के बल बैठ गए।।

### पेनल्टी पर गोल नहीं कर सका ब्राजील

ब्राजील के पास पहले हाफ में 15वें मिनट के करीब बढ़त लेने का मौका मिला। वीडियो असिस्ट रीव्यू यानी VAR के बाद टीम को पेनल्टी मिली, लेकिन ब्रूनो गुइमारेस का शॉट नॉर्वे के गोलकीपर ऑर्जन नीलैंड ने डाइव लगाकर रोक दिया। नीलैंड ने गेब्रियल मार्टिनेली और विनीसियस जूनियर की कोशिशें नाकाम कीं और पहले हाफ में स्कोर 0-0 बनाए रखा।

# ऑस्ट्रेलिया सातवीं बार विमेंस टी-20 वर्ल्डकप चैंपियन

### फाइनल में इंग्लैंड को 7 विकेट से हराया, 151 रन का टारगेट 17 बॉल रहते चेज किया

नई दिल्ली, एजेंसी

ऑस्ट्रेलिया ने सातवीं बार विमेंस टी-20 वर्ल्ड कप का खिताब जीत लिया। लॉर्ड्स में खेले गए फाइनल में टीम ने इंग्लैंड को 7 विकेट से हराया। ऑस्ट्रेलिया ने 151 रन का लक्ष्य 17 बॉल रहते 3 विकेट खोकर हासिल कर लिया।




बेथ मूनी ने 49 गेंदों पर 64 रन की मैच जिताऊ पारी खेली। इसमें 10 चौके शामिल रहे। फीबी लिचफील्ड ने 35 गेंदों पर 48 रन बनाए। दोनों ने दूसरे विकेट के लिए 100 रन की साझेदारी कर जीत की नींव रखी। अंत में एलिस पेरी (13)* और एश्ले गार्डनर (3)* ने टीम को जीत दिलाई। इंग्लैंड की ओर से लॉरेन बेल, चार्ली डीन और सोफी एक्लस्टन ने 1-1 विकेट लिए। इससे पहले टॉस हारकर पहले बैटिंग कर रही इंग्लैंड ने 20 ओवर में 4 विकेट पर 150 रन बनाए। कप्तान नैट सिवर-ब्रंट ने नाबाद 58 रन और फ्रेया कैम्प ने नाबाद 44 रन की पारी खेली। दोनों ने पांचवें विकेट के लिए 80 रन की साझेदारी की। ऑस्ट्रेलिया की ओर से लूसी हैमिल्टन, एनाबेल सदरलैंड, सोफी मोलिन्यू और किम गार्थ ने 1-1 विकेट लिया। ऑस्ट्रेलिया की कप्तान सोफी मोलिन्यू ने ICC चेयरमैन जय शाह से महिला टी-20 वर्ल्ड कप 2026 की ट्रॉफी ली। ट्रॉफी मिलते ही उनकी आंखों में खुशी के आंसू थे और पूरी ऑस्ट्रेलियाई टीम जश्न में डूब गई।

ऑस्ट्रेलिया ने 7वीं बार महिला टी-20 वर्ल्ड कप जीता। इससे पहले टीम 2010, 2012, 2014, 2018, 2020, 2023 में चैंपियन बनी थी। अन्य विजेता टीमों में इंग्लैंड (2009), वेस्टइंडीज (2016) और न्यूजीलैंड (2024) शामिल हैं। ऑस्ट्रेलिया अब महिला टी-20 वर्ल्ड कप में तीन बार बिना कोई मैच हारकर खिताब जीतने वाली पहली टीम बन गई है। टीम ने 2010, 2023 और आज यह कारनामा किया। इंग्लैंड ने पहले एडिशन 2009 में ऐसा किया था।

### विंबलडन में सबसे ज्यादा 106 मैच जीतने वाले खिलाड़ी बने ओसाका ने वर्ल्ड नंबर-1 सबालेंका को हराया

# जोकोविच ने फेडरर का रिकॉर्ड तोड़ा

नई दिल्ली। नोवाक जोकोविच विंबलडन के इतिहास में सबसे ज्यादा मैच जीतने वाले पुरुष खिलाड़ी बन गए हैं। चौथे दौर में 39 साल के जोकोविच ने रूस के क्वालिफायर रोमान सफीउलिन को 7-6 (8-6), 6-3, 3-6, 6-3 से हराकर अपनी 106वीं जीत दर्ज की।

इसके साथ ही उन्होंने रोजर फेडरर (105 जीत) का रिकॉर्ड पीछे छोड़ दिया। अब पूरे विंबलडन इतिहास में उनसे आगे केवल मार्टिना नवरातिलोवा हैं, जिनके नाम 120 जीत हैं। इस जीत के साथ जोकोविच ने रिकॉर्ड 17वीं बार विंबलडन के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। अब उनका मुकाबला कनाडा के फेलिक्स ऑगर-अलिया-सिमे से होगा। 28 साल के सफीउलिन छह महीने पहले गंभीर चोट से जूझ रहे थे, लेकिन उन्होंने जोकोविच को तीन घंटे से ज्यादा समय तक कोर्ट पर संघर्ष करने के लिए मजबूर किया। पहले सेट में उन्होंने 5-3 की बढ़त भी बना ली थी, हालांकि जोकोविच ने वापसी कर टाई-ब्रेकर में सेट जीत लिया। तीसरे सेट में सफीउलिन ने मेडिकल टाइमआउट लिया, फिर भी 6-3 से सेट जीतकर मुकाबला चौथे सेट तक पहुंचाया। आखिर में अनुभव के दम पर जोकोविच ने मैच अपने नाम कर लिया। दूसरी ओर, मौजूदा चैंपियन और दुनिया के नंबर-1 खिलाड़ी जैनिक सिनर ने जापान के क्वालिफायर शिंतारो मोचिजुकी को 6-3, 7-6 (7-0), 6-3 से हराकर लगातार पांचवीं बार विंबलडन के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। अब उनका मुकाबला जर्मनी के जान-लेनार्ड स्ट्रफ से होगा।



**132वीं रैंकिंग के रोमान सफीउलिन ने जोकोविच को कड़ी टक्कर दी। मैच की शुरुआत में जोकोविच को आंखों में परेशानी हुई। तीसरे सेट में सफीउलिन ने उनकी सर्विस ब्रेक की तो जोकोविच गुस्से में गेंद को दूसरी ओर मार बैठे। अंपायर ने उन्हें चेतावनी दी, जबकि दर्शकों ने भी हूटिंग की।**



नेओमी ओसाका (बाएं) ने चौथे दौर में दुनिया की नंबर-1 खिलाड़ी आर्यना सबालेंका को सीधे सेटों में हराया। मैच के बाद दोनों खिलाड़ियों ने नेट पर हाथ मिलाया।

### मैच के बाद बोले- गुस्से के लिए माफी चाहता हूं

मैच के बाद जोकोविच ने अपनी हरकत पर माफी मांगी। उन्होंने कहा, 'मैं अपने गुस्से और चिड़चिड़ेपन के लिए जाना जाता हूं। आज भी ऐसा ही हुआ, जिसके लिए माफी चाहता हूं। हमारा दिमाग बार-बार भटकता है। उसे वर्तमान में बनाए रखना आसान नहीं होता। जो ऐसा कर पाता है, वही आखिर में जीतता है।'

## मनोरंजन

# राजामौली की वाराणसी से सामने आया महेश बाबू का 'राम अवतार'

### सोशल मीडिया पर रणबीर कपूर से हो रही तुलना

नई दिल्ली, एजेंसी

एस एस राजामौली की वाराणसी , उन फिल्मों में शामिल हो गई है जिसका इंतजार दर्शक बेसब्री से कर रहे हैं। इसीलिए इसकी हर एक अपडेट को जानने के लिए वे उत्सुक रहते हैं। हाल ही में फिल्म के सेट से एक तस्वीर वायरल हो रही है जो महेश बाबू के राम अवतार की है। इस तस्वीर को देखते ही नेटिजन्स ने इसकी तुलना रणबीर कपूर के रामायण लुक से कर दी है।



रेडिट पर यह तस्वीर 'कोइमोई' (KoiMoi) की एक रिपोर्ट के स्क्रीनशॉट के तौर पर शेयर की गई थी। पोर्टल के कैप्शन में लिखा था, 'वाराणसी में महेश बाबू का भगवान राम वाला लुक इंटरनेट पर छा गया है'। तस्वीर में ऐसा लग रहा है जैसे एक्टर शूटिंग कर रहे हों और क्रू के सदस्य उन्हें शॉट देते हुए देख रहे हों।

एक कमेंट में लिखा था, 'नमित और रणबीर को तैयार रहना चाहिए। कहीं राजामौली के 10 मिनट पूरी 'रामायण' फिल्म पर भारी न पड़ जाएं, जैसा उन्होंने टीजर के साथ किया था'। एक ने लिखा, 'ये लीक जान-बूझकर किए जा रहे हैं। हॉलीवुड ने ऐसा करना शुरू किया था, और अब बाकी सब भी बस वही कर रहे हैं'। एक और कमेंट में लिखा था, 'वह बिल्कुल उस किरदार जैसे लग रहे हैं'। किसी और ने लिखा, 'हां, वह बहुत शानदार लग रहे हैं; एक्टिंग के बारे में तो नहीं कह सकता, लेकिन वह इस किरदार के लिए एकदम सही हैं। पता नहीं क्यों, यह AI से बनी तस्वीर जैसी लग रही है'। एस एस राजामौली की फिल्म 'वाराणसी' हाल के समय की सबसे ज्यादा इंतज़ार की जाने वाली फिल्मों में से एक बनती जा रही है। राजामौली ने पिछले साल एक इवेंट में कहा था, 'पहले दिन, जब महेश फोटोशूट के लिए भगवान राम के गेटअप में आए, तो मेरे रोंगटे खड़े हो गए।

### रियलिटी शो में निती टेलर ने किया खुलासा, कहा- बर्थडे पर जलाया, थप्पड़ भी मारा

# बॉयफ्रेंड ने जलती सिगरेट से एक्ट्रेस की जांघ जलाई



नई दिल्ली। अमेजन प्राइम पर स्ट्रीम हो रहा रियलिटी शो अलायंस चर्चा में हैं। शो में टीवी एक्ट्रेस नीति टेलर भी बतौर कंटेस्टेंट शामिल हुई हैं। शो के हाल ही में स्ट्रीम हुए एक एपिसोड में एक्ट्रेस ने खुलासा किया है कि उनके बॉयफ्रेंड ने उनकी जांघों को सिगरेट से जलाया था, जिसके निशान आज भी मौजूद हैं। नीति ने को-कंटेस्टेंट्स को वो दाग भी दिखाए। साथ ही नीति ने कहा है कि उनके साथ रिलेशनशिप में मारपीट भी हुई थी। अलायंस के हालिया एपिसोड में नीति टेलर ने को-कंटे-स्टेंट रूही दोसांझ, मिनी माथुर और डेजी शाह से बातचीत करते हुए अपनी जांघों पर बने निशान दिखाकर कहा, एक्स बॉयफ्रेंड ने मुझे जला दिया था। ये सुनकर मिनी शॉक हो गईं और उन्होंने कहा, ये क्या बकवास है। जब सबने पूछा कि क्या ये गलती से जला था। तो नीति ने कहा, नहीं, वो बहुत वायलेंट और साइकोटिक था। ये एक सेलिब्रिटी रियलिटी शो है, जिसमें अलायंस बनाने पर फोकस किया जाता है। शो 26 जून से अमेजन प्राइम पर शुरू हुआ है। शो की शुरुआत 8 जोड़ियों के साथ हुई थी। इनमें रवि किशन, बेटी रीवा के साथ पहुंचे थे। हालांकि रवि किशन 3-4 दिन बाद ही शो से बाहर हो गए। उनके अलावा निखिल चिनप्पा, कुशल टंडन, अर्सलान गोनी, रूही दोसांझ, डॉली जावेद, पायल, मिनी माथुर जैसे कई लोग शामिल हैं। पहले हफ्ते शो से वंशज को एलिमिनेट किया गया है। अब शो में अगू, वृद्धि पटवा और सोहेल खान बतौर वाइल्ड कार्ड शामिल हुए हैं। शो को एक्टर कुणाल खेमू होस्ट कर रहे हैं।

**“ नीति ने आगे बताया है कि ये घटना उनके एक्स बॉयफ्रेंड के बर्थडे के दिन हुई थी। एक्स ने एक नहीं बल्कि कई जगह सिगरेट से जलाकर निशान बनाए थे। उसी दिन उन्हें थप्पड़ भी मारा गया था, जिसके बाद उन्होंने रिश्ता खत्म कर लिया था। बातचीत के दौरान नीति ने जांघों पर 5 निशान गिनवाए, जो कथित तौर पर सिगरेट से बनाए गए थे।**



### कहा- सूप कौए के पेशाब जैसा, डायबिटीज है फिर भी भूखी रहीं, शो से निकलने की मांग की

# नेटफ्लिक्स के शो लॉकअप 2 में फूट-फूटकर रोईं सुनीता



नई दिल्ली। नेटफ्लिक्स पर प्रीमियर हो रहे रियलिटी शो लॉक-अप 2 में कंटेस्टेंट्स ने दिए जा रहे खाने की क्वालिटी पर संगीन आरोप लगाए हैं। गोविंदा की पत्नी सुनीता आहूजा, खराब खाना मिलने से रो पड़ीं और दावा किया कि शो में दिया जा रहा सूप, कौए की पेशाब जैसा है। इसके अलावा राम कपूर समेत शो के अन्य कंटेस्टेंट्स भी विरोध में उतर गए और एक रात बिना खाए सोए। रविवार को स्ट्रीम हुए शो के नए एपिसोड में सभी कंटेस्टेंट्स खाना न मिलने पर विरोध करते दिखे। लिमिटेड स्कोर के चलते सभी घरवालों के खाने की डिमांड की पूर्ति नहीं हो सकी। जब कंटेस्टेंट्स ने सवाल किए कि शो में वो कंटेस्टेंट्स भी भूखे रहे, जिन्हें टैबलेट्स खानी होती हैं, तो होस्ट रितेश देशमुख ने तर्क दिया कि ऐसे कंटेस्टेंट्स के लिए सूप भेजा गया था। हालांकि कुछ समय पहले ही सुनीता ने सूप की तुलना, पेशाब सी की। सुनीता ने होस्ट रितेश देशमुख से कहा, 'कल मेरा खाना नहीं आया। मैं भूखे पेट सोई हूं और मुझे डायबिटीज है'। इस पर रितेश ने तर्क दिया, 'आपने स्नैक्स 8 बजे लिया, उसके 2 घंटे बाद आपके लिए सूप भी भेजा गया था। यहां मौजूद न्यूट्रिशियनिस्ट के मुताबिक आपकी दवाओं के अनुसार ही आपको खाना दे दिया गया था।' सुनीता ने इस पर कहा, 'मुझे खाना खाने की आदत है, वर्ना मुझे साइकॉलोजिकल दिक्कत होती है, अजीब लगने लगता है। बॉडी कांपती है।' दरअसल, शो की थीम के अनुसार, हर हफ्ते की शुरुआत में कंटेस्टेंट्स को टास्क के जरिए कुछ पॉइंट्स दिए जाएंगे। उन पॉइंट्स की मदद से ही कंटेस्टेंट्स खाना खरीद सकते हैं। कंटेस्टेंट्स ने जब खाने की क्वालिटी पर सवाल किए तो होस्ट रितेश ने कहा कि उन्होंने पॉइंट्स को सही ढंग से खर्च नहीं किया और हफ्ता पूरा होने से पहले ही सारे पॉइंट्स खत्म कर दिए, तो ये शो की जिम्मेदारी नहीं है। इस पर एक कंटेस्टेंट्स ने कहा कि पॉइंट्स से खरीदी गई थाली में भी खाने की क्वांटिटी काफी कम होती है, जिसमें सिर्फ 2 रोटियां और थोड़े से चावल आते हैं।

इस पर रितेश ने जवाब दिया कि उन्हें एक के बजाए 2





### खाने की कमी से सुनीता ने की शो छोड़ने की मांग

शो में जब होस्ट द्वारा खाने पर सफाई दी गई, तो सुनीता ने शो छोड़ने की मांग की है। उन्होंने होस्ट से कहा कि उन्हें काफी चोट लग चुकी हैं, वो गेम आगे नहीं खेलना चाहतीं और बाहर जाना चाहती हैं। ये कहते हुए सुनीता का ब्रेकडाउन हो गया और उन्होंने फूट-फूटकर रोते हुए कहा कि गोविंदा ने उन्हें शो में न जाने की चेतावनी दी थी।

## राष्ट्रपति सुबियांतो से 2,500 करोड़ की ब्रह्मोस डील पर करार संभव

# पीएम मोदी इंडोनेशिया रवाना सबसे बड़े हिंदू मंदिर जाएंगे

**बैठक**

जकार्ता, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को इंडोनेशिया दौरे पर रवाना हो गए हैं। इस दौरान वह राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो से मुलाकात करेंगे और प्रम्बानन मंदिर भी जाएंगे,जो इंडोनेशिया का सबसे बड़ा हिंदू मंदिर परिसर है।

साथ ही राष्ट्रपति सुबियांतो के साथ द्विपक्षीय बैठक में करीब 2,500 करोड़ की ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल डील पर मुहर लगने की संभावना है।

इसके अलावा रक्षा सहयोग, समुद्री सुरक्षा, व्यापार, निवेश, डिजिटल सहयोग और इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में साझेदारी जैसे मुद्दों पर भी चर्चा होने की उम्मीद है। दोनों नेता कई द्विपक्षीय समझौतों पर हस्ताक्षर भी कर सकते हैं।

दोनों देशों के बीच पिछले कुछ वर्षों में रक्षा, व्यापार, कनेक्टिविटी और समुद्री सुरक्षा में सहयोग लगातार बढ़ा है। इस यात्रा का उद्देश्य रणनीतिक साझेदारी को नई गति देना माना जा रहा है। इंडोनेशिया का साबंग पोर्ट अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के बेहद करीब स्थित है। यह मलक्का स्ट्रेट के प्रवेश द्वार के पास होने के कारण रणनीतिक रूप से जरूरी माना जाता है। दुनिया के बड़े हिस्से का समुद्री व्यापार इसी मार्ग से गुजरता है। भारत और इंडोनेशिया ने 2018 में प्रधानमंत्री मोदी की जकार्ता यात्रा के दौरान साबंग पोर्ट और आसपास समुद्री सहयोग बढ़ाने पर सहमति जताई थी। इसके तहत पोर्ट के विकास, समुद्री संपर्क, लॉजिस्टिक सहयोग और समुद्री सुरक्षा को मजबूत करने पर जोर दिया गया।



पीएम मोदी सोमवार सुबह तीन देशों के दौरे पर रवाना हुए। आज शाम को वे इंडोनेशिया पहुंचेंगे।

### इंडोनेशिया भारत से ब्रह्मोस खरीदने वाला दूसरा देश बन सकता है

भारत और इंडोनेशिया के बीच करीब 2,500 करोड़ की ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल सिस्टम की संभावित डील इस यात्रा का सबसे अहम एजेंडा मानी जा रही है। अगर समझौते पर मुहर लगती है तो फिलीपींस के बाद इंडोनेशिया ब्रह्मोस मिसाइल खरीदने वाला दूसरा विदेशी ग्राहक बन सकता है।

**ब्रह्मोस मिसाइल का विकास भारत के डीआरडीओ और रूस की 'एनपीओ मशिनोस्ट्रोयेनिया' के संयुक्त उपक्रम ब्रह्मोस एयरोस्पेस ने किया है। यह दुनिया की सबसे तेज ऑपरेशनल सुपरसोनिक क्रूज मिसाइलों में गिनी जाती है।**



### मोदी का इंडोनेशिया का यह तीसरा दौरा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इससे पहले दो बार इंडोनेशिया का दौरा कर चुके हैं। पहला दौरा मई 2018 में हुआ था। इस दौरान दोनों देशों ने संबंधों को कॉम्प्रिहेंसिव स्ट्रैटेजिक पार्टनरशिप का दर्जा दिया।

रक्षा, समुद्री सुरक्षा, आतंकवाद-रोधी सहयोग, व्यापार, डिजिटल अर्थव्यवस्था, विज्ञान-प्रौद्योगिकी और कनेक्टिविटी समेत 15 से अधिक समझौतों पर सहमति बनी। इसी यात्रा में दोनों देशों ने साझा समुद्री दृष्टिकोण को भी आगे बढ़ाने पर जोर दिया।

इसके बाद मोदी सितंबर 2023 में जकार्ता में आयोजित 20वें आसियान (ASEAN)-भारत और 18वें ईस्ट एशिया समिट में शामिल होने इंडोनेशिया पहुंचे थे।

## पीओके में मुनीर की सेना के अत्याचार के बीच लोगों ने लगाई गुहार

### जेएएसी नेता ने भारत से मानवीय सहायता मांगी

इस्लामाबाद, एजेंसी

पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (PoK) में जारी अशांत माहौल के बीच जॉइंट अवामी एक्शन कमिटी (JAAC) के नेता सरदार अमन खान ने भारत के साथ बेहतर संबंध बनाने की मांग की है। उनका कहना है कि विरोध-प्रदर्शनों पर सख्त कार्रवाई के बाद इस्लामाबाद ने इस इलाके में आर्थिक नाकेबंदी लागू कर दी है। JAAC नेता ने नई दिल्ली से मानवीय सहायता भेजने और लाइन ऑफ कंट्रोल (LoC) पर बॉर्डर खोलने की अपील की है। उनका तर्क है कि अगर हालात और बिगड़ते हैं तो आम नागरिकों के पास भारत जाने का विकल्प होना चाहिए।

सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे एक वीडियो में खान को यह कहते हुए सुना गया, हमें भारत की मदद चाहिए। राशन की कमी है और हमें आपकी मदद की जरूरत है। उन्होंने दावा किया कि पीओके के



लोगों को खाने-पीने की चीजों और दवाओं की कमी का सामना करना पड़ रहा है, क्योंकि सुरक्षा बलों ने प्रदर्शनकारियों के खिलाफ कार्रवाई तेज कर दी है, जिससे गंभीर मानवीय संकट पैदा हो गया है।

रावलकोट के ईदगाह मैदान में भारी भीड़ को संबोधित करते हुए खान ने लोगों से पूछा कि क्या उन्हें लाइन ऑफ कंट्रोल की ओर बढ़ना चाहिए। भीड़ ने बार-बार जवाब दिया, ₹उसकी ओर बढ़ें।₹ उन्होंने चेतावनी दी कि अगर अधिकारी लोगों की मांगों का जवाब गोलियों से देते हैं तो उनके पास दूसरे रास्ते भी हैं। JAAC नेता ने पुंछ और डोडा सेक्टर में एलओसी खोलने की भी मांग की।

**फास्ट न्यूज**

### नौकरी छूट जाने पर सरकार देगी 90 दिनों तक पैसा

नई दिल्ली। केंद्र सरकार की तरफ से नौकरी छूट जाने पर बड़ी मदद की जा रही है। ESIC ने अटल बीमित व्यक्ति कल्याण योजना को जून 2027 तक के लिए लागू कर दिया है। इस योजना के तहत योग्य इंश्योर्ड वर्कर्स को नौकरी छूट जाने पर पैसा मिलता है। इसके लिए उन्हें कंपनी (एम्पलॉयर) के पास भी जाने की जरूरत नहीं होती है ये ESIC के ब्रांच से भी आसानी से हो जाता है।

### तेहरान में खामेनेई की अंतिम यात्रा शुरू

तेहरान । ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की अंतिम यात्रा सोमवार को राजधानी तेहरान में शुरू हुई। शहर की सड़कों पर हजारों लोग उन्हें अंतिम श्रद्धांजलि देने के लिए जुटे। खामेनेई के ताबूत को ईरान के राष्ट्रीय ध्वज में लपेटा गया था और उसे एक विशेष रूप से सजाए गए ट्रक पर रखा गया। इसी ट्रक पर उनके परिवार के उन सदस्यों के ताबूत भी रखे गए, जिनकी 28 फरवरी को इस्राइल और अमेरिका के हमले की शुरुआत में हुए एक हवाई हमले में मौत हो गई थी। ईरानी अधिकारियों के अनुसार, अंतिम यात्रा करीब 12 घंटे तक तेहरान की सड़कों से गुजरते हुए मेहराबाद अंतराष्ट्रीय हवाई अड्डा पहुंचेगी।

### 50 रुपये से कम की कीमत वाले स्टॉक में फिर लगा अपर सर्किट

नई दिल्ली। 50 रुपये से कम की कीमत वाले इंडियाबुल्स के शेयरों में आज सोमवार को फिर से अपर सर्किट लगा है। कंपनी के शेयरों में लगातार दूसरे कारोबारी दिन अपर सर्किट लगा है। शुक्रवार को भी स्टॉक में अपर सर्किट लगा था। बता दें, 6 जुलाई को स्टॉक बीएसई में 29.30 रुपये के स्तर पर खुला था।

## अंकारा समिट से पहले नाटो में दरारें और हो सकती हैं गहरी

### कई मुद्दों पर मतभेद, ट्रंप भी होंगे शामिल

अंकारा, एजेंसी

नॉर्थ अटलांटिक ट्रीटी ऑर्गनाइजेशन (नाटो) के नेता इस हफ्ते अंकारा में मिलने की तैयारी कर रहे हैं। यह गठबंधन ऐसे समय में एकता दिखाने की कोशिश कर रहा है जब रणनीतिक प्राथमिकता, रक्षा खर्च और इसके लंबे समय के मकसद पर सदस्य देशों के बीच मतभेदों को छिपाना मुश्किल होता जा रहा है। मंगलवार और बुधवार को होने वाली यह बैठक ऐसे समय में हो रही है जब ईरान के खिलाफ हाल ही में हुए अमेरिकी सैन्य ऑपरेशन को लेकर भी मतभेद थे, साथ ही रक्षा खर्च बढ़ाने पर यूरोप के कुछ हिस्सों में नाटो की सार्वजनिक आलोचना में भी बढ़ोतरी हो रही है।

नाटो के कई साथियों ने ईरान को परमाणु हथियार बनाने से रोकने के वाशिंगटन के बताए गए मकसद के



लिए राजनीतिक समर्थन दिया, लेकिन कोई भी ऑपरेशन में सीधी भूमिका निभाने के लिए तैयार नहीं हुआ। न्यूज एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, नाटो के साथी देशों ने होर्मुज स्ट्रेट को फिर से खोलने की अमेरिका की कोशिशों में मदद के लिए वॉरशिप भेजने में हिचकिचाहट दिखाई, जिसकी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने आलोचना की। अंकारा के सेंटर फॉर मिडिल ईस्टर्न स्टडीज के सीनियर रिसर्चर ओयतुन ओरहान ने कहा कि कई यूरोपीय सदस्य ईरान पर अमेरिका के हमलों को वाशिंगटन के साथ एकता के बजाय मुख्य रूप से क्षेत्रीय स्थिरता के नजरिए से देखते हैं।

## खामेनेई की अंतिम यात्रा में शामिल होने पर ईरान ने जताया भारत का आभार

# 'यह दोस्ती कभी नहीं भूलेंगे'

- ईरान ने खामेनेई के अंतिम संस्कार में भारत की उपस्थिति पर आभार जताया।
- भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने तेहरान पहुंचकर दिवंगत नेता को श्रद्धांजलि दी।
- ईरान ने इसे दोनों देशों के मजबूत ऐतिहासिक संबंधों का प्रतीक बताया।

तेहरान, एजेंसी

ईरान के दिवंगत सर्वोच्च नेता अयातुल्ला सैयद अली खामेनेई के राजकीय अंतिम संस्कार में शामिल होने पर ईरान ने भारत सरकार और वहां के लोगों के प्रति दिल से आभार व्यक्त किया है।

भारत में ईरानी दूतावास ने इसे दोनों देशों के बीच आपसी सम्मान की एक मजबूत अभिव्यक्ति बताया और कहा कि यह दोनों देशों के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक संबंधों को दर्शाता है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक लंबी पोस्ट शेयर करते हुए ईरानी दूतावास ने भारत की इस भागीदारी के लिए शुक्रिया अदा किया। ईरान ने कहा कि तेहरान इस दोस्ती, सहानुभूति और सम्मान के इस कदम को कभी नहीं भूलेगा। ईरानी दूतावास ने अपनी पोस्ट में लिखा कि ईरानी दूतावास भारत सरकार और वहां की जनता, खासकर उस आधिकारिक प्रतिनिधिमंडल का दिल से आभार व्यक्त करता है जो भारत की ओर से अंतिम संस्कार में शामिल हुए। दूतावास ने कहा कि भारत के राजनीतिक नेताओं, सांसदों, विद्वानों और अलग-अलग धर्मों के गुरुओं की मौजूदगी दोनों देशों के गहरे ऐतिहासिक और सांस्कृतिक रिश्तों को दिखाती है। ईरान ने आगे कहा कि दुख की इस घड़ी में भारत की यह एकजुटता दोनों देशों की दोस्ती की नींव को और मजबूत करेगी।



खामेनेई की अंतिम यात्रा में शामिल होने पर ईरान ने जताया भारत का आभार।

### मशहद में सुपुर्द-ए-खाक किए जाएंगे खामेनेई

इसके अलावा रिवॉल्यूशनरी गार्ड के जनरल हसन हसनजादेह ने बताया कि इन ताबूतों को लगभग 12 घंटे की लंबी यात्रा के बाद तेहरान की सड़कों से होते हुए मेहराबाद अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे ले जाया जाएगा। गौरतलब है कि ईरान में शनिवार से शुरू हुआ राष्ट्रीय शोक गुरुवार तक चलेगा, जिसके बाद 86 वर्षीय खामेनेई को उनके जन्मस्थान मशहद में स्थित 'इमाम रजा दरगाह' में सुपुर्द-ए-खाक किया जाएगा। इस दौरान ईरान में सड़कों से लेकर हवाई क्षेत्र तक सब कुछ बंद रखा गया है।

### ईरान पहुंचकर भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने दी थी श्रद्धांजलि

दरअसल, बीते शुक्रवार को भारत के एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने तेहरान पहुंचकर दिवंगत ईरानी नेता को श्रद्धांजलि दी थी। इस दल में बिहार के राज्यपाल रिटायर्ड लेफ्टिनेंट जनरल सैयद अता हसनैन और विदेश राज्य मंत्री पबित्र मार्गेरिटा शामिल थे। बता दें कि फरवरी में तेहरान पर हुए अमेरिका-इजरायल के हवाई हमलों में अयातुल्ला खामेनेई की मृत्यु हो गई थी। इसके अलावा, कांग्रेस नेता सलमान खुर्शीद, जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री और पीडीपी प्रमुख महबूबा मुफ्ती के साथ-साथ भारत के सिख, हिंदू, मुस्लिम और ईसाई धर्म के प्रमुख गुरुओं ने भी ईरान के दिवंगत नेता को श्रद्धांजलि अर्पित की।

## सरकार ने कहा- इससे ऑनलाइन फ्रॉड और डिजिटल अरेस्ट के मामले बढ़ सकते हैं

# वॉट्सएप-यूजरनेम विवाद पर जवाब देने की समयसीमा 9-जुलाई तक बढ़ी

नई दिल्ली, एजेंसी

इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने वॉट्सएप के विवादित यूजरनेम फीचर पर जवाब देने के लिए मेटा की समयसीमा को तीन दिन और बढ़ा दिया है। एक सरकारी अधिकारी ने रविवार को बताया कि अब कंपनी को 9 जुलाई तक अपना जवाब सौंपना होगा। इससे पहले सरकार ने इस मामले में वॉट्सएप से 6 जुलाई तक जवाब मांगा था।

सरकारी सूत्रों के मुताबिक, यह नोटिस मेटा को तब जारी किया गया, जब सरकार ने इस नए फीचर को लेकर डिटेल एक्सप्लेनेशन की मांग की। इसके साथ ही सरकार ने मेटा को सख्त निर्देश दिए हैं कि जब तक इस पूरे मामले पर बातचीत और परामर्श की प्रोसेस पूरी नहीं हो जाती, तब तक इस फीचर को भारत में रोलआउट (लॉन्च) न किया जाए। मेटा के मालिकाना हक वाले प्लेटफॉर्म वॉट्सएप ने हाल ही में एक नए यूजरनेम फीचर की घोषणा की थी। इस फीचर की मदद से यूजर्स अपना फोन नंबर शेयर किए बिना भी दूसरों से बातचीत कर सकेंगे। यह यूजर्स के लिए एक ऑप्शनल यूनिक आइडेंटिफायर (पहचान) की तरह काम करेगा।




### सरकार को इस फीचर से क्या परेशानी है?

मंत्रालय ने चेतावनी दी है कि वॉट्सएप का यह नया फीचर धोखाधड़ी, ऑनलाइन स्कैम और रूप बदलकर ठगी करने की घटनाओं को बढ़ावा दे सकता है। सरकार का मानना है कि फीचर इनेबल होने के बाद पहली बार संपर्क करने वाले व्यक्ति को यूजर का फोन नंबर नहीं दिखेगा, जिससे अपराधियों की पहचान करना मुश्किल हो जाएगा।

### एप में ऐसे काम करेगा यह नया सिस्टम

वॉट्सएप के लेटेस्ट वर्जन में यूजर्स 'सेटिंग्स' में जाकर, फिर 'अकाउंट' और उसके बाद 'यूजरनेम' पर क्लिक करके अपनी पसंद का यूजरनेम रिजर्व कर सकते हैं। जिन लोगों के पास आपका फोन नंबर सेव नहीं है, उन्हें ग्रुप चैट, डायरेक्ट मैसेज या कॉल के दौरान डिफॉल्ट रूप से आपका यूजरनेम ही दिखाई देगा।

मेटा के मुताबिक, अगर आपकी पसंद का यूजरनेम पहले से किसी ने ले रखा है, तो आपको दूसरा नाम चुनना होगा। इसके अलावा, कुछ खास यूजरनेम बिजनेस, सरकारों या पब्लिक फिगर्स के लिए सुरक्षित रखे गए हैं, जिन्हें कोई दूसरा व्यक्ति क्लेम नहीं कर सकता है।

# फ्रांस के म्यूजियम से 40 लाख यूरो की ज्वेलरी चोरी

### हाई सिक्योरिटी के बीच दरवाजा तोड़कर घुसे चोर

पेरिस, एजेंसी

फ्रांस के लालिक म्यूजियम में रविवार सुबह चोरों ने बड़ी चोरी को अंजाम दिया। जहां हाई सिक्योरिटी के बावजूद दरवाजा तोड़कर घुसे चोरों ने म्यूजियम से करीब 20 आभूषण चोरी कर ले गए। चोरी की गई आभूषणों की कीमत करीब 40 यूरो (करीब 40 करोड़ रुपए) आंकी जा रही है।

समाचार एजेंसी एएफपी ने सूत्रों के हवाले से बताया कि नकाबपोश चोरों ने पूर्वोत्तर फ्रांस के विंगेन-सुर-मोडर स्थित प्रसिद्ध 'ललिक' म्यूजियम स्थानीय समयानुसार रविवार सुबह करीब 5:30 बजे दरवाजा तोड़कर घुसे और सीधे आभूषण कक्ष में पहंच गए। इसके बाद चोरों ने करीब 20 क्रिस्टल आभूषण लेकर फरार हो गए। फिलहाल नुकसान का आकलन किया जा रहा है और चोरों को पकड़ने के लिए जांच जारी है। चोरी की घटना के बाद म्यूजियम ने घोषणा की है कि वह कई दिनों तक बंद रहेगा।



एएफपी के सूत्रों के अनुसार, ₹अलार्म बजने के बाद सुरक्षा कंपनी जांच कर रही थी, लेकिन उससे पहले एक सफाईकर्मी महिला घटनास्थल पर पहुंची और तुरंत पुलिस को सूचना दी। लेकिन अलार्म बजने के बावजूद चोर पुलिस के पहुंचने से पहले ही भागने में कामयाब रहे।

बता दें कि लालिक म्यूजियम की शुरुआत 2011 में हुई थी। यह म्यूजियम प्रसिद्ध फ्रांसीसी ज्वेलर और ग्लास कलाकार रेने लालिक तथा उनके उत्तराधिकारियों की कला को समर्पित है। इस म्यूजियम में 650 से अधिक आर्ट नोवो, आर्ट डेको और आधुनिक क्रिस्टल कला की कलाकृतियां प्रदर्शित हैं।

## पाकिस्तानी अखबार का दावा : क्षेत्रीय सुरक्षा, होर्मुज स्ट्रेट स्थिरता भी एजेंडे में

# इस्लामाबाद में होगी अमेरिका और ईरान के बीच दूसरे दौर की बातचीत

- अमेरिका-ईरान की दूसरे दौर की बातचीत इस्लामाबाद में संभावित।
- ईरान के परमाणु कार्यक्रम और प्रतिबंधों पर होगी चर्चा

इस्लामाबाद, एजेंसी

अमेरिका-ईरान के बीच दूसरे दौर की बातचीत पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में हो सकती है। इसका दावा एक रिपोर्ट में किया गया है। अमेरिका और ईरान ने 18 जून को वेस्ट एशिया में शांति बहाल करने के मकसद से एक समझौता ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर किए थे। इसके बाद 21 जून को स्विट्जरलैंड में पाकिस्तान और कतर की मध्यस्थता में तकनीकी स्तर की बातचीत हुई थी। राजनयिक सूत्रों के हवाले से पाकिस्तानी अखबार डॉन ने बताया कि बातचीत का फिर से शुरू होना राजनयिक प्रक्रिया को पटरी पर बनाए रखने और वॉशिंगटन व तेहरान के बीच लंबे समय से चले आ रहे विवादों को सुलझाने की जारी कोशिशों का हिस्सा है।




> डॉन ने राजनयिक सूत्रों के हवाले से यह भी बताया कि बातचीत ईरान के परमाणु कार्यक्रम, प्रतिबंधों में ढील और विदेशों में फ्रीज की गई ईरानी संपत्ति पर केंद्रित होगी। चर्चा में क्षेत्रीय सुरक्षा मुद्दों पर भी बात होने की उम्मीद है, जिसमें होर्मुज स्ट्रेट में स्थिरता बनाए रखने की कोशिशें शामिल हैं।

### दूसरे दौर की बातचीत के लिए दो जगहों की चर्चा

रिपोर्ट में राजनयिक सूत्र के हवाले से बताया गया, तकनीकी बातचीत के लिए दो संभावित जगहें हैं जिसमें इस्लामाबाद और स्विट्जरलैंड का बर्गनस्टॉक रिसॉर्ट शामिल हैं। हालांकि, इस्लामाबाद के चुने जाने की संभावना ज्यादा है।उम्मीद है कि तकनीकी बातचीत 11 जुलाई को होगी। हालांकि, जगह के बारे में अभी कोई अंतिम फैसला नहीं लिया गया है।

11 जुलाई की मीटिंग का मकसद इस्लामाबाद मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग के तहत बनाए गए फ्रेमवर्क को आगे बढ़ाना है, जिस पर दो हफ्ते पहले साइन किए गए थे। इसमें दोनों पक्षों को ईरान के न्यूक्लियर प्रोग्राम और उससे जुड़े मुद्दों पर एक बड़े समझौते पर बातचीत करने के लिए 60 दिन का समय दिया गया था।

## नाटो समिट से पहले 'झगड़े' वाला मीम किया शेयर

### मेलोनी के साथ ट्रंप का विवाद फिर शुरू

वॉशिंगटन, एजेंसी

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप ने रविवार को अपने ट्रुथ सोशल प्लेटफॉर्म पर एक मीम शेयर करके इटली की प्रधानमंत्री जियोर्जिया मेलोनी के साथ फिर से विवाद को जन्म दिया है। इस मीम में दिखाया गया था कि मेलोनी उन पर बहुत ज्यादा ध्यान देती हैं। यह घटनाक्रम तुर्किए में होने वाले नाटो शिखर सम्मेलन में दोनों नेताओं के शामिल होने से ठीक एक दिन पहले हुआ।

इस तस्वीर में मेलोनी मुस्कुराते हुए और ऊपर की ओर यानी ट्रंप की तरफ देखते हुए दिखाई दे रही हैं। इसके साथ कैप्शन लिखा है, ₹रेस्ट्रेनिंग ऑर्डर की जरूरत है।₹ यानी रोकथाम के आदेश की जरूरत। ये तस्वीर उसी दौरान की है जब जी7 समिट में ट्रंप और मेलोनी के बीच विवाद हो गया था। इस पोस्ट लोगों का ध्यान इस वजब से भी गया है क्योंकि उम्मीद है कि ट्रंप और मेलोनी तुर्किए में होने वाले नाटो समिट में दूसरे नेताओं के साथ मिलेंगे। ट्रंप का यह पोस्ट उनके हालिया दावों के बाद आया है, जिनमें उन्होंने कहा था कि जी7 समिट के दौरान मेलोनी ने बार-बार उनसे तस्वीर खिंचवाने के लिए कहा था। मेलोनी ने इन आरोपों को सख्ती से खारिज किया है। उन्होंने ट्रंप के दावों को पूरी तरह मनगढ़ंत बताया और कहा, न तो मैं और न ही इटली कभी किसी के सामने गिड़गिड़ाते हैं। कुछ हफ्ते पहले सोशल मीडिया पोस्ट में ट्रंप की लगातार आलोचना का जवाब देते हुए मेलोनी ने कहा था, राष्ट्रपति ट्रंप बिना किसी वजह के लगातार किए जा रहे ये हमले बेमतलब हैं।



तमसा संकेत
tamsa.news@gmail.com

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक विद्यादेवी द्वारा कृष्णा डाइनेस्टी प्रिंटिंग प्रेस म0 न0 195 सेक्टर 6-बी, वृन्दावन योजना, रायबरेली रोड लखनऊ- 226 029 (उ0प्र0) से मुद्रित कराकर तमसा संकेत भवन शहजादपुर, अकबरपुर जनपद अम्बेडकरनगर (उत्तर प्रदेश) (पिन कोड- 224122) से प्रकाशित

सम्पादक : विद्यादेवी

समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा

समाचार पत्र में प्रकाशित लेख, राजनीतिक विश्लेषण, लेखकों के अपने विचार हैं। सम्पादक का इन विचारों से सहमत होना आवश्यक नहीं हैं।

मो0- 9415799533
R.N.I. NO. 64107/96